आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

लंदन से दिल्ली जा रहे विमान में ईंधन हुआ कम लखनऊ में इमरजेंसी...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 12 जुलाई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 267 | www.janexpresslive.com/epaper




राहुल गांधी के चुनाव आयोग को भाजपा... 12

# इंटरनेशनल टेनिस खिलाड़ी राधिका की पिता ने की हत्या

## हरियाणा में घर में ही 3 गोलियां मारीं, बेटी के एकेडमी चलाने से नाराज था

**जन एक्सप्रेस। गुरुग्राम**

हरियाणा के गुरुग्राम में जूनियर इंटरनेशनल टेनिस प्लेयर राधिका यादव की उसके ही पिता दीपक यादव ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार की है। पुलिस ने आरोपी दीपक यादव को घर से ही अरेस्ट किया है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि राधिका टेनिस एकेडमी चलाती थीं, उससे अच्छी कमाई हो रही थी। उसके पिता को लोग ताने मारते थे कि बेटी की कमाई खा रहा है। इससे वह नाराज था। परिजन के मुताबिक 25 साल की राधिका को टेनिस एकेडमी खोलने के लिए पिता ने ही सवा करोड़ रुपए दिए थे। लेकिन महीनेभर बाद ही एकेडमी बंद करने के लिए बेटी पर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। परिवार से यह भी पता चला कि एकेडमी को लेकर 15 दिन से बाप-बेटी में रोजाना झगड़ा हो रहा था। गुरुवार को भी पिता ने उसे टेनिस एकेडमी बंद करने को कहा, लेकिन राधिका नहीं मानी और दोनों में बहस हुई। जिसके बाद आरोपी पिता ने गुस्से में आकर उसे गोलियां मार दीं। हालांकि, पहले सोशल मीडिया पर रील बनाने को लेकर हत्या करने की बात सामने आई थी, लेकिन पुलिस ने इससे इनकार किया है। पुलिस ने आरोपी पिता को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया।

### कलाकार संग राधिका की वीडियो की जांच होगी

न्यूज एजेंसी के मुताबिक राधिका यादव पिछले साल एक कलाकार के साथ म्यूजिक वीडियो में नजर आई थी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस वीडियो के कारण घर में तनाव पैदा हो सकता है। इस पहलू की भी जांच की जाएगी।



### पिता की जुबानी, हत्या की पूरी कहानी..

### बेटी राधिका यादव बड़ी खिलाड़ी थी

सेक्टर थाना 57 के प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी दीपक बिल्डर है। फ्लैट बनाकर किराए पर देता है। पूछताछ में दीपक ने कहा कि राधिका बड़ी खिलाड़ी थी। नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर कई पदक जीत चुकी थी। इस बात पर पूरे परिवार को गर्व था। मैं भी बेटी राधिका पर गर्व करता था।

### कंधे में चोट लगी तो टेनिस एकेडमी खोल ली

दीपक ने कह कि करीब 3 माह पहले राधिका के कंधे में चोट लग गई थी। यह चोट टेनिस खेलते वक्त ही लगी थी। उन्होंने डॉक्टर से इलाज कराया। चोट से तो आराम मिल गया, लेकिन बेटी ने टेनिस खेलना छोड़ दिया। इसके बाद राधिका ने अपनी एकेडमी खोल ली, जहां वह लड़के-लड़कियों को टेनिस सिखाती थीं।

### लोग मारते थे ताना, बेटी की कमाई खा रहा है

दीपक ने आगे कहा कि जब मैं दूध लेने जाता था तो लोग ताना मारते थे। कहते थे तेरी बेटी तो बढ़िया पैसा कमा रही है। तेरे मजे हैं, तू बेटी की कमाई खा रहा है। मजे हैं तेरे और तेरे परिवार के। लोगों की यह बात मुझे चुभती थी। मैंने कई बार इस बारे में राधिका से भी बात की थी।

### बेटी को खेल छोड़ने का कहा, नहीं मानी, झगड़ा किया

दीपक ने कहा कि लोगों के ताने सुन-सुनकर मैं परेशान हो गया था। मैंने राधिका से कहा था कि ये एकेडमी बंद कर दे। हमारा परिवार संपन्न है, कोई दिक्कत नहीं होगी। इस पर राधिका ने कहा था कि लोग क्या कहते हैं, मुझे इसकी परवाह नहीं है। खेल ने उसका करियर बनाया है, तो इससे पैसा कमाना कौन सी बुरी बात है।

### गुरुवार को भी समझाया, नहीं मानी तो गोली मार दी

दीपक ने आगे कहा कि गुरुवार को भी मैंने राधिका से एकेडमी न जाने के लिए कहा था, मगर वह नहीं मानी। मुझसे झगड़ने लगी। लोगों के तानों की वजह से मैं काफी परेशान हो चुका था। ऐसे में जब बेटी नहीं मानी तो अपनी लाइसेंसी पिस्टल से उसे गोली मार दी।

### किचन में खाना बनाते वक्त 3 गोलियां मारीं

आरोपी दीपक के भाई कुलदीप यादव ने पुलिस को दी शिकायत की है। कुलदीप ने कहा कि वजीराबाद गांव में स्थित घर की पहली मंजिल पर दीपक, उसकी पत्नी मंजू और बेटी राधिका रहते थे, जबकि मैं अपने परिवार के साथ ग्राउंड फ्लोर पर रहता हूं। गुरुवार सुबह दीपक का राधिका के साथ एकेडमी बंद करने को लेकर विवाद हुआ। जब राधिका किचन में खाना बना रही थी, उसी वक्त दीपक ने पीछे से उसे अपनी लाइसेंसी पिस्टल से 3 गोलियां मार दीं।

### रसोई में खून से लथपथ पड़ी थी राधिका

कुलदीप ने कहा कि सुबह के समय मैं ग्राउंड फ्लोर पर था। मैंने तेज आवाज सुनी और जब मैं पहली मंजिल पर गया तो राधिका को रसोई में खून से लथपथ पड़े पाया। जबकि पिस्टल ड्राइंग रूम में पड़ी थी। मैं और मेरा बेटा उसे एशिया मैरिंगो अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मर्डर के बाद वहीं बैठा रहा पिता

कुलदीप ने कहा कि मेरे भाई ने पॉइंट थ्री टू बोर की पिस्टल का इस्तेमाल किया और वह उसी की थी, जिसका लाइसेंस भी है। राधिका किचन में खून से लथपथ पड़ी थी और दीपक भी पास में बैठा था। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने दीपक को हिरासत में ले लिया।

### बोर्ड करेगा पोस्टमॉर्टम, वीडियोग्राफी भी होगी

गुरुग्राम के सिविल अस्पताल के पोस्टमॉर्टम हाउस में राधिका का शव रखा गया है। बोर्ड पोस्टमॉर्टम करेगा। पोस्टमॉर्टम की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं।

### मां बोली, मैं घटना के वक्त घर पर नहीं थी

राधिका की मां मंजू यादव ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वह घर पर मौजूद नहीं थीं। उन्हें बुखार था। हालांकि राधिका के चाचा कुलदीप का कहना है कि फायरिंग के वक्त राधिका की मां घर की पहली मंजिल पर मौजूद थी।

### इंटरनेशनल लेवल पर पहचान बना चुकी थीं राधिका...

**करियर की हाई आईटीएफ रैंकिंग लगभग 1638 रही:** राधिका यादव नेशनल स्तर की टेनिस खिलाड़ी थीं। 23 मार्च, 2000 को जन्मी राधिका ने कई इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन टूर्नामेंट्स में भाग लिया था। राधिका के करियर की हाई आईटीएफ रैंकिंग लगभग 1638 रही है। राधिका ने महिला युगल वर्ग में हरियाणा में पांचवां स्थान हासिल किया।

**ट्यूनीशिया में हुए डब्लू15 टूर्नामेंट में पहुंची:** राधिका जून 2024 में ट्यूनीशिया में हुए डब्लू15 टूर्नामेंट में पहुंची थीं। इसके अलावा फरवरी 2017 में ग्वालियर में हुए मैच में राधिका का सामना ताइवान की खिलाड़ी हसीन-युआन शिह से हुआ था। राधिका का रजिस्ट्रेशन ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन में भी है।

**सिंगल्स और डबल्स मुकाबलों में कई बार बढ़ाया मान:** एआईटीए गर्ल्स अंडर-18 वर्ग में राधिका 22 जनवरी, 2018 को 75वें स्थान पर पहुंचीं थी। एआईटीए विमेन सिंगल्स में वे 12 फरवरी, 2018 को 35वें स्थान पर पहुंचीं थीं। विमन डबल्स में 5 अप्रैल, 2021 को राधिका का सर्वश्रेष्ठ 53वां स्थान रहा। विमन डबल्स में टॉप 100 में 112 हफ्ते तक अपना स्थान बनाए रखा। एआईटीए विमन सिंगल्स में टॉप 100 में जगह बनाने वाली राधिका हरियाणा की केवल चार खिलाड़ियों में से एक थीं। 4 नवंबर 2024 तक विमन डबल्स में उनकी आईटीएफ रैंकिंग 113 करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंक थीं।

# बेनीगंज में लूट, मौत और झोलाछाप इलाज

## सीएमओ हरदोई की चुप्पी पर उठे करोड़ों सवाल




**जन एक्सप्रेस। हरदोई/लखनऊ**

झोलाछापों की खुली मंडी, जहर अफवाह फैलाकर 10 हजार ठगनें के बाद भी न जागा सिस्टम! बीते दस दिन से ज़्यादा वक़्त बीत चुका है, लेकिन हरदोई के सीएमओ अब तक बेनीगंज के जनता हॉस्पिटल पर कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। मरीज को जहर खाने की अफवाह फैला कर दस हजार ठगी करने जैसे गंभीर मामले, झोलाछाप इलाज, रातोंरात हजारों की लूट- सब कुछ कैमरे और कागज़ पर दर्ज है। लेकिन अफसोस, कार्यवाही के नाम पर सन्नाटा पसरा है।

### क्या जनता की जान अब सिर्फ लूट का ज़रिया बनकर रह गई है?

पीड़ित तीमारदारों का आरोप है कि मरीज की हालत बिगड़ती रही, झोलाछाप डॉक्टर इलाज का नाटक करते रहे और पूरे परिवार को भ्रम में रखकर एक-एक कर हज़ारों रुपये ऐंठ लिए गए। इलाज के नाम पर झांसा, और जब मरीज की हालत ठीक हो गई तब डिस्चार्ज करने के समय बगैर बिल पर्चा,दवाई पर्चा,और जांच टेस्ट रिपोर्ट कराए बिना दस हजार रुपए ऐंठने की और कोशिश की गई।

### सवाल ये नहीं कि कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

क्या जनता हॉस्पिटल के संचालक अशोक सिद्धार्थ की राजनीतिक पकड़ और पैसों की ताकत के आगे हरदोई का स्वास्थ्य महकमा नतमस्तक हो चुका है? या फिर सीएमओ साहब भी इस मौत के कारोबार में 'हिस्सेदार' बन चुके हैं?

### प्रदेश की जनता पूछ रही है

- एफआईआर क्यों नहीं दर्ज हुई?
- जांच रिपोर्ट कहां है?
- दोषियों को बचाने की कोशिश क्यों हो रही है?

### सीएमओ की चुप्पी, अपराधियों की हिम्मत

हरदोई सीएमओ की चुप्पी अब केवल लापरवाही नहीं, साझेदारी का संकेत दे रही है। लोगों में आक्रोश है कि जब मरीज जहर नहीं खाया था तब फिर क्यों झोलाक्षांप डाक्टर नें बिना जांच कराए ही कैसे जहर खाने की पुष्टि कर डाली, जब ठगी के सबूत सामने हैं, तो अब तक कोई सख्त कार्रवाई क्यों नहीं? क्या अब किसी के मरने के बाद ही सीएमओ हरकत में आएंगे?

### जनता जानना चाहती है

- क्या अशोक सिद्धार्थ का रसूख न्याय से बड़ा है?
- क्या सीएमओ को जनता की ज़िंदगी से ज्यादा अपनी कुर्सी प्यारी है?
- कब तक मौत को 'इलाज' की आड़ में बेचा जाता रहेगा?

### अब बहुत हुआ!

- अब हरदोई के लोग चुप नहीं बैठेंगे। अगर सिस्टम अंधा बना रहेगा, तो जनता सड़क पर उतरेगी। प्रशासन को जवाब देना होगा।
- किस कीमत पर बिक रही है इंसानी जिंदगी?
- किसके इशारे पर बिठाई जा रही है जांच की फाइलें?

### जन एक्सप्रेस की चेतावनी

अगर दोषियों पर जल्द सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह सिर्फ चिकित्सा घोटाला नहीं, प्रशासनिक हत्या मानी जाएगी! और इसकी पूरी जिम्मेदारी सीएमओ हरदोई की होगी।

## खत्म हो चुके कानून में दर्ज की एफआईआर, डीजीपी ने दी चेतावनी, हाईकोर्ट ने भी जताई थी नाराजगी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण ने बीते वर्ष समाप्त (निरसित) हो चुके उप्र सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 1998 के तहत प्रयागराज निवासी युवक पर मुकदमा दर्ज कराने के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मातहतों को चेतावनी दी है कि प्रदेश सरकार द्वारा निरसित अधिनियम के तहत कोई मुकदमा दर्ज न किया जाए। भविष्य में यदि ऐसा कोई प्रकरण सामने आता है तो दोषी अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, बीती 7 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राजू वर्मा उर्फ राजीव कुमार वर्मा बनाम उप्र राज्य संबंधित मुकदमे की सुनवाई के दौरान निरसित कानून के तहत प्रयागराज पुलिस के थाना सरायइनायत में मुकदमा दर्ज किए जाने पर नाराजगी जताई थी।

## वाह रे सिस्टम: छात्रावास के लिए जारी 10 लाख सिर्फ कागजों पर हुए खर्च, जांच में खुलासा, अधीक्षिका निलंबित

**जन एक्सप्रेस। मुरादाबाद**

यूपी के मुरादाबाद में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास के रखरखाव के लिए 10 लाख रुपये सिर्फ कागजों पर खर्च कर दिए गए। उससे जमीन पर कोई कार्य नहीं कराया गया। मामले में छात्रों की शिकायत पर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने जांच कराई। जांच रिपोर्ट के आधार पर अधीक्षिका प्रवेश कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी के खिलाफ भी जांच के निर्देश दिए गए हैं।

### बच्चों ने मंत्री से की थी शिकायत

मंत्री असीम अरुण ने 7 जुलाई को मुरादाबाद के एक छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास के छात्रों ने उनसे कई शिकायतें की। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उन्होंने जांच के निर्देश दिए। मामले में मेरठ मंडल की उपनिदेशक सुनीता यादव ने 10 जुलाई को छात्रावास पहुंचकर जांच की।

### मरम्मत और पुताई के काम में भी गड़बड़ी मिली

जांच में उन्होंने पाया कि मार्च में 14 कैमरे कागजों में तो खरीद लिए गए, लेकिन लगाए नहीं गए। जांच अधिकारी के पहुंचने से पहले 9 जुलाई को कैमरे लगाए गए थे। इसी तरह 42 इंच का टीवी भी मार्च में ही लगना कागजों में बताया गया। लेकिन, टीवी 7 जुलाई को लगाया गया। इतना ही नहीं कमरों, खिड़कियों की पुताई, मुख्य गेट की मरम्मत और पुताई के काम में भी गड़बड़ी मिली। इसके बाद निलंबन की कार्रवाई की गई।

## डिग्री चोरी, झोलाछाप ऑपरेशन और नवजात की मौत

# कोथांवा का सांई हॉस्पिटल बना नरक का द्वार






सांई हास्पिटल संचालक कोथांवा संदीप सिह चौहान




**जन एक्सप्रेस। कोथांवा**

कोथांवा में संचालित सांई हॉस्पिटल अब इलाज का केंद्र नहीं, बल्कि मौत का ठिकाना बन चुका है। झोलाछाप डॉक्टरों और फर्जी डिग्रियों के दम पर चल रहे इस कथित हॉस्पिटल ने एक बार फिर अपनी काली करतूतों से एक नवजात की जान ले ली। मामला बेहद गंभीर है—महिला की पेशाब रुकने के बाद जबर्दस्ती ऑपरेशन कर डाला गया, और ऑपरेशन के दौरान ही नवजात की मौत हो गई।

### जांच नहीं हुई तो और चढ़ेंगे गरीबों के शव

इस पूरे मामले में सबसे चिंताजनक बात ये है कि ऐसे फर्जी अस्पतालों पर समय रहते अगर लगाम नहीं कसी गई तो ये झोलाछाप डॉक्टर गाँव-देहात के भोले-भाले लोगों को मौत की नींद सुलाते रहेंगे। सांई हॉस्पिटल की तत्काल जांच होनी चाहिए और संचालक व फर्जी डॉक्टरों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि हॉस्पिटल ने रेफर के नाम पर ढाई से तीन लाख रुपये तक वसूले, और अंत में जान बचाने के बजाय शव थमा दिया।

### आरोपों की बौछार: फर्जी डॉक्टर, लूट और मौत

ग्रामीणों व मृतक नवजात के परिजनों ने जन एक्सप्रेस संवाददाता को बताया कि हॉस्पिटल के संचालक संदीप सिंह चौहान ने जिन डॉक्टरों की डिग्री से हॉस्पिटल का पंजीकरण कराया है, उन डॉक्टरों को इसकी जानकारी तक नहीं है! यानी डिग्री चोरी का धंधा खुलेआम फलफूल रहा है और शासन-प्रशासन मौन साधे बैठा है।

### जन एक्सप्रेस मांग करता है

- सांई हॉस्पिटल की तत्काल उच्चस्तरीय जांच कराई जाए
- संचालक संदीप सिंह चौहान और फर्जी डिग्री धारकों पर गिरफ्तारी की जाए
- लापरवाही से मौत के मामले में धारा 304A के तहत मुकदमा दर्ज हो
- सीएचसी अधीक्षक की भूमिका की जांच हो
- स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अफसरों की जवाबदेही तय की जाए
- आखिर कब तक गरीबों की जिंदगी से यूं खिलवाड़ किया जाता रहेगा? क्या ग्रामीणों की जान की कोई कीमत नहीं है??
- जन एक्सप्रेस इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाएगा।

### रेफर के नाम पर लूट, इलाज के नाम पर हत्या

सांई हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने महिला की स्थिति खराब बताकर लखनऊ रेफर करने की नौटंकी रचाई, और इस बीच लगातार इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूलते रहे। जब परिजन रुपये देने से हिचकने लगे तो तुरंत ऑपरेशन कर डाला, जिसका अंजाम नवजात की मौत के रूप में सामने आया।

### सीएचसी अधीक्षक की चुप्पी: क्या मिली है मूक सहमति?

सबसे बड़ा सवाल ये है कि कोथांवा सीएचसी के अधीक्षक आखिर खामोश क्यों हैं? क्या उन्हें इस अवैध अस्पताल की जानकारी नहीं? या फिर उन्हें चुप रहने की कीमत अदा की जा चुकी है?

# सावन में सौहार्द की बयार

## बरेली में नमाज के बाद बम-बम भोले की गूंज, मुस्लिमों ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल



**जन एक्सप्रेस। बरेली**

बरेली में मिश्रित आबादी के जिस जोगी नवादा इलाके में दो साल से सांप्रदायिक विवाद और तनातनी का माहौल था, वहां शुक्रवार को अमन के माहौल में सौहार्द के फूलों की बारिश हुई। सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव और इंस्पेक्टर बारादरी धनंजय पांडेय की अगुवाई में जोगी नवादा की उसी शाहनूरी मस्जिद के पास कांवड़ियों के पहले जत्थे पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पुष्प वर्षा की, जहां दो साल पहले दोनों समुदाय के लोगों में पथराव के बाद पुलिस को लाठीचार्ज और हवाई फायरिंग करनी पड़ी थी। शिवनंदन शर्मा के इस जत्थे में करीब डेढ़ सौ कांवड़िये नाचते गाते हरिद्वार के लिए रवाना हुए। कांवड़ियों पर करीब पचास मुस्लिम भाइयों ने पुष्प वर्षा की। साथ ही फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। सीओ समेत पुलिस टीम को भी फूलमाला पहनाई गईं। इससे पहले मुस्लिम भाइयों ने शाहनूरी मस्जिद में नमाज अदा की थी। इसके थोड़ी देर बाद ही भोले के जयकारे लगाते कांवड़िये पहुंचे तो उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कांवड़ जत्थे के साथ पुलिस अधिकारी व मुस्लिम समाज के कई लोग पैदल चलते हुए वनखंडी नाथ मंदिर तक आए और अच्छी यात्रा के लिए कांवड़ियों को शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। बता दें कि पिछले सप्ताह हिंदू पक्ष के लोगों ने यहां ताजियेदारों पर फूल बरसाए थे।

### दो साल पहले हुआ था बवाल

दो साल पहले इसी जगह पर कांवड़ यात्रा के दौरान खासा बवाल हो गया था। तब तत्कालीन एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने माहौल बिगड़ता देखकर लाठीचार्ज के आदेश दिए थे। हवाई फायरिंग भी हुई थी। बवाल के बाद एसएसपी का तबादला कर थानेदार समेत कई को निलंबित कर दिया गया। अब माहौल बेहतर हुआ है। पिछले सप्ताह ताजिया निकलने के दौरान मौर्य गली में हिंदू पक्ष के लोगों ने स्वागत में फूलों की वर्षा की थी।

## भगवान सूर्य की मूर्ति का किया जाएगा जलाभिषेक मुख्यमंत्री धामी ने किया कलश यात्रा का फ्लैग ऑफ

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**



सीएम धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास देहरादून से कुशीनगर जनपद में भगवान सूर्य की मूर्ति के जलाभिषेक के लिए कलश यात्रा का फ्लैग ऑफ किया। कुशीनगर में सूर्य की मूर्ति के जलाभिषेक के लिए देश से लगभग 151 पवित्र नदियों का जल एकत्र किया जा रहा है। इसी क्रम में देवभूमि उत्तराखंड की पवित्र नदियों से एकत्रित जल की कलश यात्रा को मुख्यमंत्री ने रवाना किया। इस दौरान महामंडलेश्वर श्री 1008 डॉक्टर स्वामी संतोषानंद देव महाराज, पूर्वांचल महोत्सव समिति के अध्यक्ष विनय राय और समिति के सदस्यों मौजूद रहे।

## सीएम डैशबोर्ड रिपोर्ट में फिर पहले स्थान पर जालौन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में सीएम डैशबोर्ड की जून की रिपोर्ट में जालौन ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं शीर्ष पांच जिलों में शाहजहांपुर, अंबेडकरनगर, महाराजगंज और श्रावस्ती को स्थान मिला है। जालौन लगातार छह महीने से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर पहले स्थान पर बना हुआ है। सीएम डैशबोर्ड से जनसुनवाई, कानून व्यवस्था, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की निगरानी की जाती है, जिससे जिलों को बेहतर प्रशासनिक मानक स्थापित करने में मदद मिलती है। हर महीने जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था पर रिपोर्ट जारी की जाती है। डैशबोर्ड द्वारा सभी जिलों में 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों पर समीक्षा की जाती है।

### प्रशासनिक कसौटियों पर खुद को साबित किया

सीएम डैशबोर्ड की जून की रिपोर्ट के अनुसार एक बार फिर जालौन ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों, और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

# जनचौपाल का आयोजन कर डीएम ने ग्रामीणों को बांटे बीज

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास खण्ड मानिकपुर की ग्राम पंचायत भौंरी के मजरा घरघना का पुरवा के प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने व पौध रोपण करने के लिए प्रेरित किया।

जन चौपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से कहा कि सरकारी योजनाओं से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण विभागीय अधिकारियों से कराएं। बताया कि जनपद में पौध रोपण माह चल रहा है। अतः सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे अवश्य लगाएं। पेंशन समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि राजस्व विभाग से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण उपजिलाधिकारी मानिकपुर मौके पर जाकर करें।

स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया। ग्रामीणों से कहा कि गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं। बताया कि भौंरी ग्राम पंचायत के अंतर्गत पड़ुई नदी का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है तथा मंदाकिनी-गंगा नदी के किनारे विभिन्न ग्राम पंचायत के माध्यम से डेढ़ लाख पौधे रोपित किए जा रहे है। इसके साथ ही नदियों में गिरने वाले विभिन्न ग्राम पंचायतों के नालों को बंद कर नदी को स्वच्छ करने का कार्य जिला प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है। कहा कि नदियों को स्वच्छ बनाने व पौध रोपण अभियान जन सहयोग आवश्यक है। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि सभी पात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे अवश्य लगाएं। इसके लिए ग्राम प्रधान व सचिव से पौधे प्राप्त करें। महिलाओं से कहा कि बच्चों को पौधे लगाने व बचाने के बारे में जानकारी दें ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। आशा बहुएं गर्भवती महिलाओं व बच्चों को पंजीकृत कर टीकाकरण अवश्य कराएं।

प्रभारी चिकित्साधिकारी से कहा कि आशा बहुओं का रजिस्टर ठीक कराएं। ग्रामीणों से कहा कि फॉर्मर रजिस्ट्रि कराएं तथा फसल बीमा अवश्य कराएं। इसके साथ ही मृदा परीक्षण भी कराएं ताकि मिट्टी की समस्या के अनुरुप खाद डालें, इससे पैसों की बचत होगी। ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा ने कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा जिन सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई है, सभी ग्रामीण उनका लाभ लें तथा समस्याओं का निस्तारण कराएं। कहा कि सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड अवश्य लगाएं। एक पेड़ सौ पुत्र के समान है। इसके बाद जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किसान राजेंद्र प्रसाद, बृजलाल, शिव प्रसाद, रामचंद्र, चुनबाद आदि को ज्वार, बाजरा, तिल आदि के निःशुल्क बीज मिनी किट का वितरण किया तथा विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, डीसी मनरेगा डीएन पांडेय, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, जिला पूर्ति अधिकारी कमलनयन सिंह, खंड विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मोहन लाल सिंह, ग्राम प्रधान सत्यभामा, सचिव संगीता देवी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कर्वी और पहाड़ी ब्लाक में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करेगी कांग्रेस: विजयमणि

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




जिला कांग्रेस समिति की बैठक शुक्रवार को कर्वी व पहाड़ी कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें ब्लाको में मण्डल अध्यक्षों के चयन, मण्डलों के नामकरण, ब्लाक समितियों के गठन सहित बूथ अध्यक्षों के चयन पर चर्चा की गई।

शुक्रवार को कर्वी में ब्लाक अध्यक्ष जगजाहिर सिंह पटेल व पहाड़ी में ब्लाक अध्यक्ष रामकृपाल वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें जिला समन्वयक आदित्य स्वरूप पांडेय ने कहा कि सभी कांग्रेसजन मण्डल गठन में पूरी तरह से सक्रिय होकर कार्य करें। इसमें सभी वर्गों तथा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि संगठन सृजन प्रक्रिया के साथ ही सभी को स्थानीय समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन से बातचीत करें तथा आवश्यकता अनुसार समस्याओं के समाधान के लिए धरना-प्रदर्शन व ज्ञापन देने का भी कार्य करें। जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को समाहित करते हुए उत्तर प्रदेश में संगठन सृजन अभियान के किया जाएगा।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विनय सिंह चैहान, जिला महासचिव कामता प्रसाद द्विवेदी, जिला सचिव राजेश सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष शिव गुलाम वर्मा, कांग्रेस नेता नवेश सचान, दीपक सिंह, नाथू प्रसाद, नरेंद्र यादव, दयाशंकर निषाद, हरिहर सहाय विश्वकर्मा, सर्वेश जाटव, कुंवर बहादुर सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, योगेंद्र कुमार रैकवार, अनिमेष सिंह, शिव नरेश वर्मा, मनधीर कुमार, अतुल कुमार, शिव नरेश वर्मा, अनूप सिंह, अर्पित कुमार, काशी, अनिल कुमार वर्मा, देवनारायण साहू, बच्चा लाल वर्मा, चंद्रपाल वर्मा, राजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, कल्लू भाई, इंद्रजीत उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# जानकीकुण्ड चिकित्सालय में दिव्यांगों को वितरित किए गए नि:शुल्क कृत्रिम अंग

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा संचालित जानकीकुंड चिकित्सालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 36वाँ जटिल अस्थि रोग शिविर का आयोजन कर अस्थि रोग से सम्बन्धित सर्जरी की गई। साथ ही दिव्यांगों को निः शुल्क कृत्रिम अंग का वितरण किया गया।

शिविर में अस्थि रोग से पीड़ित मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिनमें से कुछ मरीजों की सर्जरी भी की गई। इस दौरान मफत लाल कंपनी की सेठानी रूपल मफत लाल ने दिव्यांगों को कृत्रिम अंगों का भी वितरण किया। कृत्रिम अंग पाकर सभी दिव्यांग जनों के चेहरे में खुशी देखने को मिली। इसके साथ ही उन्होंने पांच दिवसीय गौरी-जया पार्वती व्रत की उपासना व आराधना कर रही सद्गुरु परिवार की 151 कन्याओं को चुनरी देकर उनका सम्मान किया। उन्होंने बताया कि यह व्रत मुख्यतः गुजरात का है। इस व्रत की शुरुआत 40 वर्ष पहले चित्रकूट में उनके दादा स्व. अरविंद भाई मफत लाल ने कराई थी। तब से लेकर आज तक यह व्रत निरंतर सद्गुरु परिवार की कन्याओं द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ बीके जैन, महिला समिति अध्यक्ष ऊषा जैन, ट्रस्टी मनोज पंड्या, ट्रस्टी डॉ इलेश जैन, जानकीकुंड चिकित्सालय के प्रशासक डॉ एबीएस राजपूत आदि मौजूद रहे।

# रोहित बने संस्कृत शिक्षक उत्थान समिति के जिलाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

संस्कृत शिक्षक उत्थान समिति के मानदेय संस्कृत शिक्षकों की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार मिश्र के निर्देश पर जनपद इकाई का गठन किया गया।

जनपद इकाईके गठन में सर्व सम्मति से मानदेय संस्कृत शिक्षक रोहित कुमार पयासी को जिलाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही अरविंद कुमार मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष, इंद्रदेव पांडेय को जिला महामंत्री, रामदत्त पांडेय को जिला कोषाध्यक्ष, दिवाकर प्रसाद शुक्ल को संगठन मंत्री, विवेकानंद त्रिपाठी को जिला सचिव, संतोष कुमार मिश्रा को प्रचार-प्रसार मंत्री, रुचि पाण्डेय को महिला मोर्चा अध्यक्षा, प्रभावती मिश्रा को महिला मोर्चा महामंत्री, सर्वेश कुमार गुप्ता को सह कोषाध्यक्ष तथा विष्णु प्रकाश गर्ग व महेंद्र नाथ मिश्र को जिला सलाहकार चुना गया। प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय कुमार शुक्ल ने बताया कि संगठन द्वारा पूरे प्रदेश किए जा रहे जिला इकाइयों के गठन के क्रम में चित्रकूट में भी संगठन का विस्तार किया गया है। जिससे मानदेय संस्कृत शिक्षकों में एकता एवं समन्वय का संचार होगा। बताया कि मानदेय संस्कृत शिक्षक संस्कृत विद्यालयों के उत्थान के लिए दिन रात संघर्ष कर रहे हैं। प्रदेश सरकार संस्कृत शिक्षकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनपद के निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। जिससे मानदेय संस्कृत शिक्षकों में एकता एवं समन्वय का संचार होगा। बताया कि मानदेय संस्कृत शिक्षक संस्कृत विद्यालयों के उत्थान के लिए दिन रात संघर्ष कर रहे हैं। प्रदेश सरकार संस्कृत शिक्षकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनपद के निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर सुनील कुमार पाण्डेय, गरुण प्रकाश, योगेश कुमार, जगतनारायण, अखिलेश, विमल, शांतिसागर, रमादेवी, उपासना देवी, अनुराग, कमल, शैलेश आदि मौजूद रहे।

# हमीरपुर की जलालपुर पुलिस ने एक किलो दो सौ ग्राम गांजे के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत जरिया थाने के परछा निवासी 30 वर्षीय गांजा तस्कर को जलालपुर पुलिस ने चन्दा डेरा रोड ग्राम धौहल से एक किलो दो सौ ग्राम गांजे के साथ तस्कर भाईलाल पुत्र प्रकाश को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

वहीं जलालपुर पुलिस ने तस्कर के खिलाफ मु0अ0सं0 93/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया। वही जलालपुर पुलिस ने बताया कि तस्कर के खिलाफ चार संगीन आपराधिक मामले पहले से भी दर्ज हैं। वही तस्कर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई सत्यम प्रताप सिंह, एस आई विजय कुमार मिश्रा सहित कांस्टेबल गुलाम गौस मौजूद रहे।

## हरिशंकर गुप्ता ने की पीड़ितों का भुगतान कराए जाने की मांग

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** समाजसेवी एवं राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन कर्वी के जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने चित्रकूटधाम मण्डल बांदा आयुक्त को पत्र लिखकर बट्स एक्ट 2019 अधिनियम के तहत ठगी पीड़ितों का भुगतान कराए जाने की मांग की है। जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि संसद सदन में देश के समस्त ठगी पीड़ितों के भुगतान के लिए अनियमित जमा योजनाओं पाबंदी अधिनियम 2019 बनाया गया था। जिसमें किसी ठगी पीड़ित आवेदक के आवेदन पर 180 दिन में उसकी जमा राशि के दो से तीन गुना भुगतान करने के लिए जिले में नियुक्त सक्षम, सहायक सक्षम अधिकारी और विशेष न्यायाधीश को अधिकृत किया था। जबकि इस अधिनियम का अनुपालन प्रशासन द्वारा नहीं किया जा रहा है। कहा कि ठगी के शिकार लोगो की पूंजी न मिलने से गरीब, मध्यम व व्यापारी वर्ग मानसिक तनाव ग्रस्त है। मांग की कि भुगतान की प्रक्रिया को जल्द से जल्द शुरू करें। जिससे गरीब, मध्यम और व्यापारियों वर्ग का हित हो सकें।

## बंटवारे के विवाद में गोली मारने वाले को पांच वर्ष कारावास की सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** बन्दूक से फायर कर जानलेवा हमला करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 17,000 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती तीन सितम्बर 2013 को भरतकूप निवासी जागेश्वर उर्फ पिन्टू पुत्र रामरूप ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने कहा था कि पारिवारिक बंटवारे की रंजिश को लेकर भरतकूप निवासी आरोपी रामस्वरूप यादव ने गाली-गलौज किया। जिसका विरोध करने पर उसके चाचा रामप्रकाश पर अपनी लाइसेंसी दोनाली बन्दूक से फायर कर दिया। जिससे चाचा रामप्रकाश घायल हो गए।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने विगत समय में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, कारण और उनकी रोकथाम के लिए किए गए प्रयासों की समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि दुर्घटनाओं की संख्या में प्रभावी रूप से कमी लाई जा सके। उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल प्रभाव से कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि वाहनों की नियमित जांच की जाए और बिना फिटनेस या प्रदूषण प्रमाण पत्र के चल रहे वाहनों पर कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि तेज रफ्तार, रॉन्ग दिशा, शराब पीकर वाहन चलाने, ओवरलोडिंग, स्मॉगड वाहनों, बिना नंबर प्लेट और मानकविहीन वाडी वाहनों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए गए कि जर्जर बिजली के पोल और तारों की पहचान कर विशेष अभियान चलाकर सड़क मार्ग से उन्हें तुरंत बदला जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाने और व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों द्वारा ओवरस्पीडिंग व रॉन्ग दिशा में वाहन चलाने पर सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि वाहन चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सतत अभियान चलाया जाए और आवश्यकतानुसार जांच कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में संकेतात्मक चिन्ह एवं सुरक्षा स्लोगन लगाए जाएं ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बड़ा बदलाव, अब प्रत्येक जोड़े पर मिलेगा एक लाख रुपये

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को योजना के नए दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र परिवारों की चिन्हित कर उन्हें योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप गरीब बेटियों की शादी गरिमा और सम्मान के साथ संपन्न हो सके। कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब प्रति जोड़े की सहायता राशि 51 हजार रुपये से बढ़ाकर 01 लाख रुपये कर दी गई है। इस योजना का लाभ अब अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग तथा सामान्य वर्ग के वे सभी परिवार ले सकेंगे जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक है। पहले यह आय सीमा दो लाख रुपये थी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित एक लाख रुपये में से 60 हजार रुपये डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के माध्यम से सीधे कन्या के बैंक खाते में भेजे जाएंगे, जिससे परिवार अपनी आवश्यकता अनुसार खर्च कर सकेगा। इसके अतिरिक्त 25 हजार रुपये की धनराशि विवाह की सामग्री जैसे वस्त्र, बर्तन, फर्नीचर आदि पर खर्च होगी जबकि 15 हजार रुपये विवाह आयोजन की व्यवस्थाओं जैसे टेंट, भोजन आदि पर व्यय की जाएगी।

# राजस्व वसूली में लाएं गति, ठोस कार्य योजना बनाएं: जिलाधिकारी

**लक्ष्य के अनुरूप हो शत-प्रतिशत वसूली, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई**

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में कर, करेतर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कर विभिन्न विभागों की वसूली प्रगति, अतिक्रमण हटाने, प्रवर्तन कार्यों एवं लंबित वादों के निस्तारण की स्थिति की गहन समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें तथा वसूली कार्य में गंभीरता व व्यक्तिगत रुचि लें। उन्होंने निर्देशित किया कि लापरवाही अथवा प्रगति में कमी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। विशेष रूप से वाणिज्य कर, स्टांप एवं परिवहन विभाग की वसूली लक्ष्य के मुकाबले अत्यंत कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी वसूली कार्य में तेजी लाएं, अपनी कर प्रणाली में सुधार करें और प्रगति में सुधार लाएं।

उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को भी नगर निकायों की राजस्व वसूली में सुधार लाने और सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भू-राजस्व, वन, आबकारी, खनिज, विद्युत, नगर निकाय एवं मंडी विभाग की भी समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में ठोस कार्य योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने स्टांप चोरी व कर अपवंचन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विभागीय सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। तहसील स्तर पर 3 वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही, सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह एवं अन्य परिसंपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध तत्काल अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अंश निर्धारण में लंबित प्रकरणों के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी विशेष अभियान चलाकर निष्पक्ष व शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के समग्र विकास एवं शासन की प्राथमिकताओं की प्राप्ति हेतु सभी विभाग पारदर्शिता, उत्तरदायित्व व सक्रियता के साथ कार्य करें।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर में युवक को तीन साल की सजा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** नौ साल पुराने गैंगस्टर के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने सुरेश राजपूत को तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया और जुर्माना अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा काटनी पड़ेगी। लोक अभियोजन अधिकारी शिवदास पांडे ने बताया कि शहर कोतवाली के तत्कालीन उप निरीक्षक संतोष कुमार ने कोतवाली क्षेत्र के धमनी गांव निवासी सुरेश राजपूत के खिलाफ 24 अप्रैल 2016 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि इसके खिलाफ चोरी मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज है और यह समाज में धन अर्जित कर गुंडागर्दी से माहौल पैदा करता है। जिससे जनता में माहौल बिगड़ता है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। कोर्ट में चले ट्रायल के बाद शुक्रवार को सुनवाई पूरी हुई, जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को बहस गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर अपर जिला जज गैंगस्टर कोर्ट भारतेंदु सिंह ने सुरेश राजपूत को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11 से 18 जुलाई तक

**जन एक्सप्रेस । उरई**

विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा (11-18 जुलाई 2025) के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेन्द्र देव शर्मा ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस 2025 की थीम **माँ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही** निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जागरूकता की कमी, लैंगिक असमानता, पुत्र की चाह, गरीबी एवं परिवार नियोजन के प्रति भ्रांतियां जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख कारण हैं।

डीएम ने जनपद में महिला एवं पुरुष नसबंदी शिविरों के आयोजन के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर सास-बेटा-बहू सम्मेलन तथा जागरूकता बैठकें आयोजित की जाएं। उन्होंने अभियान में स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, आईसीडीएस, शिक्षा विभाग एवं गैर सरकारी संस्थाओं के समन्वय से कार्य करने पर बल दिया। आशा के माध्यम से लक्ष्य दंपतियों को परिवार नियोजन के बास्केट ऑफ चॉइस की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सभी चिकित्सा इकाइयों में परिवार नियोजन काउंसलिंग स्टॉल लगाए जाएंगे तथा नवविवाहित दंपतियों को शगुन किट वितरित की जाएगी।

# जिला पंचायत निर्धारित स्थल पर ही बैरियर लगाकर वसूली करें: लोकेन्द्र प्रताप सिंह

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

उत्तर प्रदेश विधानसभा की पंचायती राज समिति के स्पीकर लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने सख्त नाराजगी जताते हुये कहा कि जिला पंचायत की अवैध वसूली किये जाने की शिकायत मिलते पर जिम्मेदारों के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही, साथ ही कहा कि जिला पंचायत के ठेकेदार निर्धारित स्थल पर ही बैरियर लगाकर नियमानुसार वसूली करें।

उप समिति के अध्ययन के साथ ही भ्रमण दल की समीक्षा बैठक में स्पीकर लोकेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता और पंचायतीराज समिति के सदस्य अनूप कुमार गुप्ता, देवेन्द्र कुमार निम, डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा, राम अचल राजभर, संजीव दिवाकर, सुरेन्द्र चौरसिया की मौजूदगी में हमीरपुर, महोबा के अधिकारियों के साथ हमीरपुर कलक्ट्रेट स्थित एपीजे अबुल कलाम मीटिंग हाल में सम्पन्न हुई।



बैठक के दौरान स्पीकर ने हमीरपुर, महोबा के अधिकारियों से वर्ष 2021 से अब तक जिला, क्षेत्र और ग्राम पंचायतों में राज्य सहित केंद्रीय वित्त आयोग से सभी मदों में मिले कुल बजट के सापेक्ष खर्च की गई रकम, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत निजी, सामुदायिक शौचालय, अन्नपूर्णा भवन संचालन, ग्राम पंचायत सचिवालय, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और उस्से सृजित आय, कामन सर्विस सेंटर, ग्राम सचिवालय, अंत्येष्टि स्थल के बारे में विस्तार से जानकारी ली गयी। इस मौके पर समिति के निर्देश पर प्रभारी सीडीओ ने विकास कार्यों के बारे में बताया कि हमीरपुर में 232 अमृत सरोवर, 76 अन्नपूर्णा भवन, 116 खेल के मैदान, 46 अंत्येष्टि स्थल बनाए गये हैं। जबकि सभी 330 ग्राम पंचायतों में गौशालाएं संचालित हैं, जिनमें 48000 गौवंश संरक्षित हैं। इसी तरह सीडीओ महोबा ने जानकारी दी, कि, 140 अमृत सरोवर, 40 खेल के मैदान, 37 आंगनवाड़ी केंद्र, 75 अन्नपूर्णा भवन, 10 अंत्येष्टि स्थल बनाए गये हैं। जबकि सभी 273 ग्राम पंचायतों में गौशालाएं संचालित हैं।

वहीं ज़ीरो पावर्टी के बारे में सभापति ने निर्देश देते हुये कहा कि ये, मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी सोच है। इसके जरिये गरीब परिवारों को सरकार की योजनाओं से जोड़कर गरीबी से बाहर निकाला जाये। इसके क्रियान्वयन में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाय। जबकि अपराध कंट्रोल के बारे में स्पीकर ने कहा कि सावन शुरू होने वाले हैं कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के बेहतर इंतिज़ाम किये जायें। वही स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि दोनों जिलों में आयुष्मान भारत योजना में शामिल परिवारों को शत प्रतिशत गोल्डन कार्ड बांट दिये जाये। जबकि समिति के सदस्य डॉ मुकेश चंद्र वर्मा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़े मुस्करा विकास खण्ड के गहरौली में नागेश्वर बाबा तालाब का सौंदर्यीकरण, खेल के मैदान का निर्माण, गांव से गौशाला तक पहुंचने के रास्ते का निर्माण प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिये।



### अमित शाह आज फूंकेंगे निकाय चुनाव प्रचार...

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को तिरुवनंतपुरम में भाजपा राज्य समिति के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे और आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए पार्टी के अभियान की शुरुआत करेंगे। प्रदेश कार्यालय का औपचारिक उद्घाटन शनिवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# लंदन से दिल्ली जा रहे विमान में ईंधन हुआ कम लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग, 300 यात्री थे सवार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लंदन से दिल्ली जा रही वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन की फ्लाइट में ईंधन घट जाने के चलते लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में 300 यात्री सवार थे। मामला बीते बृहस्पतिवार का है। वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन की उड़ान संख्या वीएस 302 सुबह करीब साढ़े दस बजे लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से रवाना होती है। विमान दस घंटे से अधिक का सफर कर रात में दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचता है। गत दिवस विमान लंदन से तय समय पर रवाना हुआ लेकिन दिल्ली पहुंचने से पहले विमान में ईंधन कम हो गया। ऐसे में पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोलर एटीसी को सूचना दी और ईंधन की स्थिति स्पष्ट की। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग रात एक बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर कराने की अनुमति दी गई। इधर लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना पर सुरक्षाबलों और एम्बुलेंस आदि को मुस्तैद कर दिया गया। विमान के पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए सावधानी से विमान की लैंडिंग करवाई। विमान के सकुशल लैंड होने पर यात्रियों की जान में जान आई।



### ईंधन भरा और लौट गया विमान

लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद विमान को टैक्सीवे पर ले गया गया। विमान में ईंधन भरा गया, जिसके बाद फ्लाइट वापस दिल्ली रवाना हो गई। इस दौरान यात्री विमान में ही बैठे रहे।

### मुंह को आ गई थी यात्रियों की जान

विमान में सवार यात्रियों को जब दिल्ली की जगह लखनऊ में लैंडिंग की सूचना मिली तो वे घबरा गए। पूछने पर उन्हें बताया गया कि ईंधन कम होने से डायवर्ट किया जा रहा है। इससे यात्री घबरा गए। अहमदाबाद में हुए हादसे के बाद विमान यात्रियों में स्वाभाविक डर पैदा हो गया है लेकिन लखनऊ में लैंडिंग के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली।

# स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाता गांव गंदगी और बीमारी का अंबार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



विकासखंड की ग्राम पंचायत फतेहनगर स्थित शिवदासपुर गांव में सरकार के महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत मिशन की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। गांव की दुर्दशा देखकर ऐसा लगता है जैसे विकास के लिए खर्च किया गया सरकारी बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। अधिकांश मोहल्लों में टूटी-फूटी आरसीसी सड़कों पर गंदा पानी जमा रहता है जिससे ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है।

ग्रामीणों के अनुसार गंदे पानी के निकास की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। रामलखन यादव के मकान से लेकर बनवारी की दुकान तक शिवदासपुर रोड पर घरों के बाहर प्रतिदिन गंदा पानी जमा रहता है। इस गंदे पानी में छोटे-छोटे बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। नालियों की बदहाली के कारण स्कूली बच्चों और राहगीरों को इसी गंदे और बदबूदार पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

मोहल्लेवासियों ने मौजूदा ग्राम प्रधान पर आरोप लगाया कि प्रधान ने अपनी मनमानी के चलते नियमित सफाईकर्मी को हटवा दिया है। ग्रामीणों का दावा है कि पहले सफाईकर्मी के रहने से नालियों में इतनी गंदगी नहीं होती थी और वह प्रतिदिन सफाई करवाती थीं। अब सफाई न होने के कारण नालियों में कीड़े-मकोड़े और मच्छरों का भारी जमावड़ा हो गया है जिससे ग्रामीण बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि नालियों की सफाई के लिए कोई नहीं आता है। इस संबंध में अधिकारियों से मौखिक और अन्य माध्यमों से कई बार शिकायतें की गई हैं लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है।एडीओ पंचायत शिवओम ने बताया वर्तमान में तैनात सफाईकर्मी का अस्वस्थ है जिस कारण सफाई नही हो पाई है जल्द ही कुछ व्यवस्था की जाएगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### केशव मौर्य ने श्रद्धालुओं को काँवड़ यात्रा की दी शुभकामनायें

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश व प्रदेश के शिवभक्तों और श्रद्धालुओं को भगवान शिव को समर्पित पावन श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने काशीपति बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना की है कि वह सभी को अटूट आस्था व अपार शुभफल प्रदान करें तथा सभी देशवासियों का जीवन स्वस्थ, सुखद, समृद्ध और मंगलमय हो।

### 10 मार्गों हेतु 10 करोड़ 95 लाख 68 हजार अवमुक्त

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** राज्य सरकार ने राज्य सड़क निधि योजना अन्तर्गत विभिन्न मण्डलों के विभिन्न जनपदों के 10 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 10 करोड़ 95 लाख 68 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन 10 चालू कार्यों में बलिया व आजमगढ़ के 05-05 कार्य सम्मिलित हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

### 42 मार्गों के चालू कार्यों हेतु 4 करोड़ 59 लाख 64 हजार की अवशेष धनराशि अवमुक्त

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत विभिन्न मण्डलों के विभिन्न जनपदों के कुल 42 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 04 करोड़ 59 लाख 64 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन 42 चालू कार्यों में जनपद सीतापुर के 09, जौनपुर के 07, कानपुर नगर के 06, वाराणसी के 04, लखनऊ के 03, कानपुर देहात व चन्दौली के 02-02 तथा हरदोई, रायबरेली, सुल्तानपुर, अमेठी, फर्रूखाबाद, कन्नौज, इटावा, औरैया व गाजीपुर के 01-01 कार्य सम्मिलित हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

## नव भारतीय किसान संगठन के जिलाध्यक्ष ने सरकारी जमीनों पर कब्जे को लेकर, बीकेटी एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ जिले के बक्शी का तालाब तहसील में राजू रावत जिलाध्यक्ष लखनऊ नवभारतीय किसान संगठन ने ग्राम पंचायत परसौ तालाब एवं खलिहान की है, आरोप है कि कई अरबों की सरकारी जमीनों पर भूमाफियाओं एव दबंग प्रवृत्ति के लोगो द्वारा कब्जा कर लिया गया हैं। इस क्षेत्र में किसानो के लिए बिजली की भी बहुत समस्या हैं मुश्किल से मुश्किल 8 घण्टे आती है तो कृपया विद्युत की समस्या को पूर्ति कराया जाये। वहीं नवभारतीय किसान सगंठन अ० जिलाध्यक्ष ने कहा कि मांगे पूरी न हुई तो,मजबूर होकर 25 जुलाई से अनिश्चितकालीन पर विरोध प्रदर्शन करना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मदारी शासन एंव प्रशासन की होगी।



## इटौंजा में दुकान से मोबाइल चोरी, अज्ञात चोर ने दिया वारदात को अंजाम

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

■ चोर ने पहले दुकान के गल्ले में पैसों की तलाश की, और फिर मौका पाकर एक मोबाइल फोन उठाकर फरार हो गया

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के माधवपुर चौराहा स्थित एक दुकान पर शुक्रवार दोपहर मोबाइल चोरी की घटना सामने आई है। बीबीपुर, महिगंवा के निवासी सुरेश (पुत्र स्वर्गीय गजोधर पाल) ने इस संबंध में इटौंजा थाने में एक प्रार्थना पत्र दिया है। वहीं सुरेश पाल ने अपनी शिकायत में बताया कि शुक्रवार को दोपहर करीब 1:45 बजे उनकी दुकान पर एक अज्ञात चोर घुस आया। चोर ने पहले दुकान के गल्ले में पैसों की तलाश की, और फिर मौका पाकर एक मोबाइल फोन उठाकर फरार हो गया। यह वारदात ऐसे समय हुई जब दुकान पर कोई मौजूद नहीं था या चोर ने बड़ी चालाकी से इसका फायदा उठाया।

## श्रावण मास भर निरंतर होता है पंचाक्षरी मंत्र जप

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

**मलिहाबाद।** क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थस्थल सिद्ध पीठ बाराही देवी मंदिर परिषर में विराजमान प्राचीन महादेव मंदिर में क्षेत्र वासियों के सहयोग से अनवरत श्रावण मास में नमः शिवाय जप किया जाता है।श्रावण मास के अंतिम दिन हवन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर कमेटी द्वारा किया जाता है। रहीमाबाद क्षेत्र के ससपन ग्राम सभा मे विराजमान माता बाराही देवी परिधि के अंतर्गत आने वाले करीब 5 दर्जन से अधिक गाँवो के युवाओं द्वारा प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में इस जप का आयोजन बड़े ही उत्साह पूर्वक किया जाता है।मेला कमेटी के पदाधिकारी गंगाधर दीक्षित आचार्य नीलकमल पांडेय ने बताया कि दर्जनों गाँवो के युवा इस जप को पूर्ण करने के लिए गाँवो में टोली बनाते है।फिर प्रत्येक दिन और रात को अलग अलग गाँवो के ग्रामीण अपनी टोली के साथ जप करते है।यह जप पिछले कई वर्षों से अनवरत चल रहा है।मेला कमेटी के संरक्षक रमेश सिंह चौहान ने बताया कि श्रावण मास के अंतिम दिन विशाल यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।जिसमे क्षेत्र भर से हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुचते है भव्यता पूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर जप का समापन किया जाएगा।

## महिगवां पुलिस ने मिट्टी खनन कर रहे, दो जेसीबी, एक डंपर कों किया सीज



■ बीकेटी तहसील प्रशासन, खनन इंस्पेक्टर ने की कड़ी कार्यवाहीं

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ जिले के महिंगवा थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव में ईट भट्ठे पर मिट्टी डालने के लिए परमीशन ली गई थीं। बता दें कि इसकी आधी मिट्टी भट्ठे पर और बाकी प्राइवेट फैक्ट्री और प्लाटिंगो पर बेचा जा रहा था। इसी की जानकारी बख्शी का तहसील प्रशासन को इसकी खबर बृहस्पतिवार की शाम को हुई, तो नायब तहसीलदार बीकेटी आकाश पाण्डेय और खनन इंस्पेक्टर अभिषेक पटेल ने महिगवां थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव में छापेमारी किया। इस दौरान यहां पर मौके पर टीम को दो जेसीबी और एक मिट्टी भरा डंफर पकड लिया गया।बीकेटी तहसील प्रशासन और खनन विभाग की संयुक्त कार्यवाहीं में तीनों वाहनों को महिगवां पुलिस के हवाले कर दिया गया। जहां पर वाहनों को सीज करने की कार्यवाहीं पूरी की गई। वहीं थाना प्रभारी महिंगवा शिव मंगल सिंह ने बताया कि खनन विभााग और राजस्व मिलकर खोदी गई मिट्टी पर जुर्माना लगाने की कार्यवाहीं करेगें, उन्होने बताया कि,थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध खनन को लेकर पुलिस टीम एक्टिव मोड में है। वहीं खनन इंस्पेक्टर अभिषेक पटेल ने बताया कि महिगवां थाना क्षेत्र में जैसे बीकेटी तहसील प्रशासन के साथ मिलकर कार्यवाहीं की गई हैं, उसी प्रकार इटौंजा,बीकेटी और सैरपुर इलाके में भी कार्यवाही की जायेगी। वहीं कुछ दिनों पहले सैरपुर थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन कर रहे दो डंपर, एक जेसीबी को सैरपुर पुलिस ने सीज किया था। वहीं खनन इंस्पेक्टर ने कहा कि तहसील से लेखपाल टीम अतरौरा में गाटा संख्या आदि की जांच करेगी और विस्तृत रिपोर्ट आने पर खनन विभाग आगे की कार्यवाहीं करेगा।

# अवैध कटान जारी, अवैध कटान पर लगाम नहीं लग पा रहे अधिकारी

■ कार्यवाहीं के नाम पर की जाती है खानापूर्ति, ठेकेदारों के हौसले बुलंद

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ जिले के मलिहाबाद वन रेंज क्षेत्र में प्रतिबंधित पेड़ों का अवैध कटान बिना अनुमति के धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र अवैध लकड़ी कटान का गढ़ बनता जा रहा है। मामले की गंभीरता तब और बढ़ जाती है, जब सामने आता है कि टिकरी कलां गांव में बड़े पैमाने पर हरे-भरे पेड़ों को काटा गया है। जानकारी अनुसार पांच शीशम के हरे पेड़ काटे गये है और चार गूलर के पेड़ अवैध रूप से काटे गये है।वन रेंज मलिहाबाद क्षेत्र अब अवैध कटान के लिए जिले का %नंबर वन हब% बन गया है। आरोप है कि वन रक्षक और वन माफिया मिलकर इस फलपट्टी क्षेत्र कों समाप्त करने पर तुले हैं। आपकों बता दें कि थाना माल क्षेत्र के हल्का नंबर चार के टिकरी कला गांव में पेड़ों पर आरा चलाकर शीशम, गूलर, नीम और आम के पेड़ों को अवैध रूप से काटा गया है, और सूत्रों के अनुसार, इन लकड़ियों को दूसरे जिलों में भेजा गया है। वहीं ग्रामीण और जागरूक नागरिक इस पूरे मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं, ताकि अवैध कटान पर प्रभावी ढंग से रोक लगाई जा सकें और वन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकें। वहीं अब देखना होगा कि वन रेंजर आलोक कुमार तिवारी इस मामले में केवल खानापूर्ति करते हैं या ठोस कार्रवाई कर पूरी जानकारी देते हैं।



### दिखावे की कार्रवाई और लकड़ी माफियाओं की मिलीभगत

मामले की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि लकड़ी माफियाओं द्वारा वन विभाग की कथित संलिप्तता से दर्जनों आम के पेड़ों को काट दिया गया है, लेकिन इस मामले में भी कार्रवाई शून्य है। ग्रामीणों का आरोप है कि ढेरों पेड़ों के अवैध कटान के बावजूद, केवल कुछ पेड़ों पर ही दिखावे की कार्रवाई की जाती है, और वन रक्षक अपने करीबी ठेकेदारों को बचा लेते हैं।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय यात्रा पर आज लखनऊ पहुंचेंगे

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ से सांसद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 जुलाई, शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय यात्रा पर पूर्वाह्न 11 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री सीधे ऐशबाग स्थित रामलीला मैदान जाएंगे जहां भाजपा कार्यकर्ता और प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के उपरांत अपराह्न 12.45 बजे केजीएमयू पहुंचेंगे जहां गांधी वार्ड में भर्ती पूर्व एमएलसी विंध्यवासिनी कुमार का हाल जानेंगे। मेडिकल कॉलेज से पार्षद नागेंद्र सिंह के हजरतगंज स्थित आवास जाएंगे। सायं 4 बजे चौक में श्री कालीजी मंदिर परिसर में नवनिर्मित ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे। शाम 5.30 बजे निरालानगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में सम्मिलित रहेंगे। अगले दिन रविवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे राजाजीपुरम में व्यापारी नेता संदीप बंसल और उसके बाद ऐशबाग में विद्यासागर गुप्ता के आवास जाएंगे। अपराह्न 12 बजे से नेशनल पीजी कॉलेज में पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्ता की मूर्ति का अनावरण करेंगे और उनका डाक टिकट जारी करेंगे । कार्यक्रम के उपरांत अपराह्न 1:00 बजे लखनऊ एयरपोर्ट प्रस्थान करेंगे और 1:30 बजे दिल्ली रवाना होंगे।

# लखनऊ में मुद्रा लोन के नाम पर ठगी, युवक ने गंवाए 88 हजार रुपये

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ में साइबर ठगों ने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन दिलाने का झांसा देकर एक युवक को 88 हजार रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित को उस समय ठगी का एहसास हुआ, जब उसके खाते में लोन की रकम आने के बजाय जमा की गई धनराशि ही गायब हो गई। गोमतीनगर पुलिस पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर साइबर टीम की मदद से जांच में जुट गई है।

### लोन के नाम पर खाते में जमा कराए 88 हजार

गोमतीनगर के विराम खंड निवासी तेज सिंह ने बताया कि 1 जुलाई को उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को अर्जुन अग्रवाल बताया और कहा कि वह भारत सरकार की ओर से लोगों को प्रधानमंत्री मुद्रा लोन दिलाने का काम करता है। तेज सिंह उसकी बातों में आ गए और लोन लेने की प्रक्रिया के बारे में पूछा। ठग ने उन्हें बताया कि लोन प्राप्त करने के लिए उनके बैंक खाते में 80 से 90 हजार रुपये होने चाहिए।ठग के कहने पर तेज सिंह ने 2 जुलाई को अपने खाते में 88 हजार रुपये जमा कर दिए। उसी दिन दोपहर 1:45 बजे, ठग ने दोबारा फोन किया और पैसे जमा होने की पुष्टि की। पुष्टि होते ही कुछ देर बाद ठग ने तेज सिंह को एक RSME कोड के बारे में पूछा जो उनके फोन पर आया था। तेज सिंह द्वारा कोड बताते ही उनके खाते से सारी रकम कट गई।

### पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, जांच जारी

गोमतीनगर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तत्काल स्न्नक्रदर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक, मोबाइल नंबर और जिस खाते में पैसे ट्रांसफर किए गए हैं, उसके आधार पर ठगों का पता लगाया जा रहा है। साइबर टीम इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा कर रही है।

### ओटीपी साझा न करें

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे ऐसे साइबर ठगों से सतर्क रहें और किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर अपने खाते से संबंधित जानकारी या ओटीपी साझा न करें।

# महिला ने छेडछाड का किया विरोध, तो दबंगों ने पीटपीटकर किया लहुलुहान

■ गरीब महिला को गांव के दंबगो ने पीटपीटकर किया अधमरा, पुलिस से शिकायत

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौजा इलाके में अरम्बां के पंडित पुरवा की रहने वाली रंजना साहू भाजपा की कार्यकर्त्ता है। बता दें कि बीते बृहस्पतिवार की रात लगभग 11 बजे दबंग पुनीत रावत,लल्लू रावत और मीनू रावत सहित दो तीन अज्ञात लोगों ने पीड़िता के घर पर हमला कर दिया।पीड़िता पर बांके से ताबड़ तोड़ कई वार करके वार करके उसे अधमरा कर दिया गया। बता दें कि पीडिता रंजना साहू का आरोप है कि, इसके तीन दिन पहले प्रभारी निरीक्षक इटौंजा से मिलकर एक शिकायत दिया था, जिसमें पुनीत द्वारा छेड़खानी एवं अश्लील हरकते की परेशानी बतायी थी, लेकिन प्रभारी निरीक्षक ने बीट प्रभारी एसआई रमेश यादव को इस मामले में जांच कर कार्यवाहीं के लिए निर्देश दिया था। लेकिन जिम्मेदार बीट प्रभारी ने केवल आस्वासन देकर टाल दिया। जिसकी वज़ह से महिला मौत के मुहाने पर खडी है। वहीं मेडिकल लखनऊ कॉलेज में जिन्दगी और मौत के बीच संघर्श कर रहीं,रंजना साहू ने प्रभारी निरीक्षक इटौजा मार्कण्डेय यादव और बीट प्रभारी रमेश यादव पर कठोर कार्यवाहीं की मांग की है।वहीं रंजना का आरोप है कि बीते बुधवार को भी इटौजा प्रभारी निरीक्षक से लगाई न्याय की गुहार लगाई। उसे फिर से केवल आस्वासन देकर चलता कर दिया गया। वह घर पहुंची लेकिन रात में एक बार फिर से दबंगों ने उसके घर हमला कर दिया। जिसमें उसके सिर बांका मारकर हमला किया गया। वहीं पुलिस की घोर लापरवाही का नतीजा हैं।

# रिक्शा चालक और श्रमिको के बेटों ने नीट में रचा इतिहास

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

■ मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने घर जाकर दी बधाई

मुज़फ्फरनगर की धरती एक बार फिर गौरवांवित हुई, जब यहां के दो साधारण परिवारों से ताल्लुक रखने वाले बेटों मोहम्मद सुहैल और मोहम्मद उज्जैर ने अपनी मेहनत, समर्पण और संघर्ष से नीट-यूजी 2025 जैसी प्रतिष्ठित और कठिन परीक्षा में सफलता का परचम लहराया। इन दोनों होनहार युवाओं की सफलता केवल उनकी व्यक्तिगत विजय नहीं, बल्कि समाज के उस हर युवा के लिए प्रेरणा बन चुकी है, जो सीमित संसाधनों में भी असीम सपने देखता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों विद्यार्थियों की सफलता को विशेष सराहना प्रदान करते हुए प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल को निर्देशित किया कि वे व्यक्तिगत रूप से दोनों परिवारों के घर जाकर उन्हें सम्मानित करें। आज मंत्री अग्रवाल ने ईदगाह रोड स्थित मोहम्मद सुहैल के आवास और मदीना चौक, सरवट स्थित मोहम्मद उज्जैर के घर पहुंचकर मिठाई खिलाई, पुष्प माला पहनाई, परिवार के साथ इस सफलता का उत्सव साझा किया।मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मोहम्मद सुहैल और मोहम्मद उज्जैर की यह सफलता इस बात का जीवंत प्रमाण है कि कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और पारिवारिक सहयोग से किसी भी सपने को साकार किया जा सकता है। सरकार मेधावी विद्यार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है और आगे की मेडिकल शिक्षा में यदि किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हुई तो राज्य सरकार उनका पूरा सहयोग करेगी।किदवई नगर स्थित दरोगा की कोठी निवासी मोहम्मद सुहैल, जो एक रिक्शा चालक इजरार के पुत्र हैं, ने चौथे प्रयास में नीट परीक्षा पास कर पूरे देश में 11214वीं रैंक प्राप्त की है। सुहैल की यह यात्रा आसान नहीं थी। सीमित आर्थिक संसाधनों, पारिवारिक जिम्मेदारियों और बार-बार की असफलताओं के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अंततः पूरे जनपद का नाम रोशन कर दिखाया। उनके पिता इजरार ने दिन-रात मेहनत-मजदूरी कर बेटे की पढ़ाई का खर्च उठाया, जबकि उनकी माता शबाना प्रवीन ने हर मुश्किल घड़ी में बेटे का मनोबल बनाए रखा। आज जब सुहैल की मेहनत रंग लाई, तो उनके मोहल्ले में जश्न का माहौल है और पूरा क्षेत्र इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहा है। सरवट की मदीना कॉलोनी निवासी मोहम्मद उज्जैर, जो सोफिया स्कूल के छात्र रहे हैं, ने पहले ही प्रयास में नीट परीक्षा पास कर अपने माता-पिता और समाज को गौरवान्वित किया है। उज्जैर ने यह सिद्ध किया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मन में समर्पण हो, तो पहली ही कोशिश में सफलता हासिल की जा सकती है।

# बिहार में चल रहा है गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण और अपलोडिंग कार्य

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

बिहार के हर चार में तीन मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र जमा कर दिए हैं। 74.39 फीसदी गणना प्रपत्र एकत्रित हो चुके हैं।गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि से 14 दिन पहले बिहार के 7.90 करोड़ मतदाताओं में 74 फीसदी से अधिक मतदाता पहले ही अपने प्रपत्र जमा कर चुके हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार एसआईआर के दूसरे चरण में बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं की सहायता कर रहे हैं और उनके भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्रित कर रहे हैं। सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करने वाले 38 जिला निर्वाचन अधिकारी, ईआरओ और 963 एईआरओ सहित क्षेत्रीय स्तर के पदाधिकारी एसआईआर की प्रगति की नियमित निगरानी कर रहे हैं।गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण और अपलोडिंग सुचारू रूप से चल रहा है। एसआईआर दिशानिर्देशों के पैरा 3 एच के अनुरूप बीएलओ ने अब तक एकत्रित कुल गणना प्रपत्रों में से 3.73 करोड़ गणना प्रपत्रों को बीएलओ ऐप ईसीआईनेट के माध्यम से सफलतापूर्वक डिजिटलीकृत और अपलोड कर दिया है। आज, एईआरओ ईआरओएस द्वारा अपलोड किए गए प्रपत्रों के सत्यापन के लिए ईसीआईनेट में नया मॉड्यूल लागू किया गया है।आज शाम 6 बजे तक 5,87,49,463 गणना प्रपत्र, जो कुल प्रपत्रों का 74.39 फीसदी है, 24 जून को एसआईआर निर्देश जारी होने के बाद से पिछले 17 दिनों में एकत्र किए जा चुके हैं। गणना प्रपत्र 25 जुलाई से पहले जमा किए जा सकते हैं।77,895 बीएलओ, 20,603 नवनियुक्त बीएलओ और अन्य चुनाव अधिकारी इस कार्य को समय पर पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

# जिला पंचायत में टेंडर गड़बड़ी का आरोप, डीएम से शिकायत

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिला पंचायत की टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामले को लेकर एक ठेकेदार ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। ठेकेदार किरण अग्रहरि की फर्म दुर्गन भवानी इंटरप्राइजेज को 179 कार्यों में से कार्य संख्या 127,128 और 129 आवंटित किए गए थे। लेकिन नियमानुसार सभी दस्तावेज और एफडीआर जमा करने के बावजूद फर्म का एग्रीमेंट नहीं किया गया। ठेकेदार के पति रामजी अग्रहरि ने जिलाधिकारी संजय चौहान से मिलकर इस संबंध में लिखित शिकायत दी है। उनका आरोप है,कि उन्होंने दस प्रतिशत एफडीआर समय पर जमा की थी और 1280 रूपए का ई-स्टाम्प भी इंजीनियर वासु कृष्णा को एग्रीमेंट के लिए सौंपा था। इसके बावजूद पाँच से छह महीने बीत जाने पर भी उनका एग्रीमेंट नहीं किया गया। रामजी अग्रहरि का दावा है कि उन्हें पीयूष ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर अशोक सिंह के माध्यम से दस प्रतिशत सुविधा शुल्क जमा करने का दबाव डाला गया।

उन्होंने जब इस मांग को अस्वीकार किया, तो उनका टेंडर रद्द कर दिया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बिना कोई कारण बताए इन्हीं कार्यों के लिए पुनः निविदा जारी कर दी गई।रामजी अग्रहरि ने इसे भ्रष्टाचार और पक्षपात की संदेहास्पद कार्रवाई बताया है। अब उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की अपील की है।इस मामले से जिले में टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया जिला कारागार का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की महिला बैरक, चिकित्सालय व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा दौरान निरीक्षण बन्दियों से उनके पास अधिवक्ता उपलब्धता के सम्बन्ध में व जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। निरीक्षण उपरांत महिला बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन महिला बैरक में किया गया।

# शहीद अरुण कुमार को दी गई श्रद्धांजलि आईटीबीपी कमांडर ने दी सलामी

जन एक्सप्रेस । अमेठी



भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के शहीद हेड कांस्टेबल अरुण कुमार की पुण्य तिथि पर शुक्रवार को नगर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ड्यूटी के दौरान हृदयगति रुकने से वीरगति को प्राप्त हुए अरुण कुमार की स्मृति में यह आयोजन उनकी प्रतिमा स्थल पर किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत आई टी बी पी के कमांडर अनुपम यादव के नेतृत्व में फौजियों द्वारा माल्यार्पण और गार्ड ऑफ ऑनर से हुई। शहीद की पत्नी विजयलक्ष्मी, माता लल्ली देवी, नगर पालिका जायस पूर्व अध्यक्ष महेश सोनकर सभासद अशोक मौर्या और सैकड़ों स्थानीय लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. सचिन ने अरुण कुमार के साथ अपने संस्मरण साझा करते हुए बताया कि उनकी जायस तैनाती के दौरान वे शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में युवाओं को जागरूक करने का प्रयास करते रहते थे।शहीद के भाई अशोक ने प्रतिमा के संरक्षण की मांग की। उन्होंने कहा कि खुले में स्थापित प्रतिमा को पक्षियों और जानवरों से नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने अरुण कुमार के नाम पर सड़क या चौराहे के नामकरण की भी मांग की। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने आश्वासन दिया कि शहीद की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए चौराहा,सड़क अथवा गेट का नामकरण शीघ्र किया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूली छात्राएं, शिक्षक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने की संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



11 जुलाई, कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत बछरावां विधानसभा के ब्लाक बछरावां, शिवगढ़ और महराजगंज में बैठक का आयोजन कर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के गठन, मंडल की संरचना, ब्लाक में मण्डल अध्यक्ष व उनकी कमेटी का गठन एवं ब्लाक में मासिक बैठक हेतु तिथि निर्धारण पर चर्चा की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी से जोनल समन्वयक नकुल दुबे व श्रीमती नीता गौतम उपस्थित रहें। कांग्रेस जिला प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि अवधेश चौधरी, दिनेश यादव, व सच्चिदानंद त्रिपाठी के संयोजकत्व में बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में सहयोगी के रुप में जिला कांग्रेस कमेटी से हाजी मो. इलियास, रामखेलावन पासी, अखिलेश शुक्ला, पल्टू दास, गिरिजेश श्रीवास्तव, श्रीमती अंजली पासी, उमेश बहादुर सिंह उपस्थित रहें। बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद ब्लाक कमेटी में ऊर्जावान, निष्ठावान समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी, युवाओं की भागेदारी से आने वाले चुनावों में कांग्रेस पार्टी और अधिक मजबूत होगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जो भी व्यक्ति कांग्रेसी विचारधारा से सहमत है और संगठन में रहकर जन-सेवा करना चाहता है, उन सबका कांग्रेस पार्टी में स्वागत है। इस अवसर पर रमेश कुमार शुक्ला, साहबशरण पासवान, सतगुरूदेव लोधी, संजय श्रीवास्तव, संतोष पासवान, कृपाशंकर शर्मा, प्रदीप चौधरी, अविनाश बाजपेयी, श्रीमती कुसुम देवी व न्याय पंचायत व ग्रामसभा अध्यक्ष सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता गण उपस्थित रहे।

## सिंचाई, सड़क एवं बिजली की समस्या को लेकर एस डी एम को ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । अमेठी

क्षेत्रीय समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों की आवाज अब प्रशासनिक गलियारों तक पहुंचने लगी है। तिलोई तहसील के वार्ड-12 से जिला पंचायत सदस्य ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी तिलोई को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में व्याप्त जन समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। ज्ञापन में बताया गया कि इन्हौना रजबहा से सिंचाई के लिए किसानों को केवल डेढ़ दिन पानी मिल रहा है। जिससे धान की रोपाई प्रभावित हो रही है। किसान निजी खर्चे पर सिंचाई कराने को मजबूर हैं।कई किसानों ने बिझौरा अल्पिका माइनर की खुद से सफाई कर डाली, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं मिली। सड़क व्यवस्था की स्थिति भी अत्यंत खराब बताई गई है। इन्हौना-बाराबंकी मार्ग पर झाड़ियों और बबूल ने सड़क को संकरा बना दिया है,वहीं गड्ढों और कच्चे रास्ते ने स्कूली बच्चों और आम राहगीरों के लिए यात्रा जोखिम भरी कर दी है।

# एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में विश्व जनसंख्या दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्र प्रखर,आरुष, अनन्या, कुशाग्र, तावी, अन्वी, प्रिया, युवराज और धर्मा ने जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर आधारित लघु नाटिका का मंचन कर सभी को जागरूक किया।

उप-प्रधानाचार्य फैजान खान ने छात्रों को जानकारी देते हुए बताया कि पूरे विश्व में लगातार बढ़ रही जनसँख्या से उत्पन्न हो रही समस्याओं जैसे गरीबी, लैंगिक असमानता, मातृ स्वास्थ्य और मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है ,यही नहीं यह दिन 11 जुलाई 1987 को दुनिया की आबादी के पांच अरब **डे ऑफ फाइव बिलियन** तक पंहुचने की भी याद दिलाता है, प्रत्येक वर्ष एक विशेष थीम के साथ मनाये जाने वाले इस दिवस की वर्ष 2025 में थीम **युवाओं को एक निष्पक्ष और आशावान दुनिया में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना** है। विश्व जनसंख्या घड़ी के अनुसार पूरे विश्व की जनसंख्या लगभग 8.2 अरब पहुंच चुकी है जिसमें विश्व जनसंख्या समीक्षा के हालिया आंकड़ों के अनुसार करीब 1.46 अरब जनसंख्या के साथ भारतवर्ष विश्व में प्रथम स्थान पर है, हमें गंभीरता से इस बढ़ रही जनसंख्या से उत्पन्न हो रही समस्याओं के प्रति सभी को जागरूक करना होगा।

इस अवसर पर संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, अभिषेक श्रीवास्तव, रामदेव, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बैंक में भरभरा कर गिरी छत, बाल-बाल बचे खाता धारक और कर्मचारी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

हाथी पार्क स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांच में उस वक्त हड़काम मच गया, जब जर्जर हो चुकी बिल्डिंग में चल रहे बैंक आफ बडौदा की मेन ब्रांच की छत भरभरा कर अचानक गिर पड़ी वह तो गनीमत रही कि उस वक्त कोई खाता धारक या कर्मचारी उसके नीचे नहीं था वरना कोई बड़ी घटना हो सकती थी।

आपको बताते चलें रायबरेली जिले में आधे दर्जन से अधिक ऐसे सरकारी विभाग हैं जो जर्जर बिल्डिंगो में आज भी चल रहे हैं चाहे वह बैंक हो या सरकारी विभाग लेकिन जिम्मेदार अधिकारी न तो इस पर कभी ध्यान देने की कोशिश नहीं करते हैं और ना कभी जाते ही हैं ताजा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के हाथी पार्क चौराहा का है।

जहां पर स्थित बैंक ऑफ़ बडौदा में उसे वक्त हड़कम्प मच गया जब जर्जर बिल्डिंग की छत अचानक भरभरा कर बैंक के अंदर गिर पड़ी जिस वक्त छत गिरी उस समय बैंक में बैंक के खाताधारक और कर्मचारी भी मौजूद थे वह तो गनीमत रही की टूटी हुई छत की चपेट में कोई भी नहीं आया वरना कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती थी घटना की कवरेज कर रहे एक पत्रकार को वहां के कर्मचारियों ने कवरेज करने से रोका और उसके साथ बतमीजी भी की लेकिन सबसे सोचने वाली बात तो यह है कि आखिर जर्जर बिल्डिंग में कैसे सरकारी विभाग के बैंक चल रहे हैं यह एक सोचनीय विषय है।

# रोडवेज बस और कार की टक्कर, दो युवक घायल-चालक हिरासत में

जन एक्सप्रेस । अमेठी



मुसाफिरखाना लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।यह टक्कर मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के जमुवारी मोड़ के पास रात लगभग दस बजे हुई।जब सुल्तानपुर से लखनऊ जा रही रोडवेज बस और सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।कार में सवार चार युवकों में से अमृतांशु पाठक और अनुराग पाठक गंभीर रूप से घायल हो गए,जबकि आयुष और प्रभात तिवारी को हल्की चोटें आईं। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।मुसाफिरखाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों घायलों को सुल्तानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया है और बस चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर विवेक सिंह ने बताया कि घायल युवकों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।और उनकी स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।एवं दुर्घटना के कारणों की गहनता से पड़ताल की जाएगी। प्रथम दृष्टया लापरवाही की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा है।हादसे के बाद कुछ समय तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा,जिसे पुलिस ने नियंत्रित कर सुचारु कराया। घटना को लेकर क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

# इन्हौना में अपहृत किशोरी सकुशल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी




थाना इन्हौना क्षेत्र से अपहृत एक 17 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। मामले में नामजद आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए न सिर्फ पीड़िता को सुरक्षित ढूंढ निकाला गया,बल्कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है।यह मामला थाना इन्हौना में अपराध संख्या 46/25 के तहत दर्ज किया गया था।पुलिस ने इसे भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 व 137 (2) के अंतर्गत संज्ञान में लेते हुए मुकदमा पंजीकृत किया।मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राजेश चंद्रपाल के नेतृत्व में की गई,जिनकी निगरानी में पुलिस टीम ने तेजी से कार्य करते हुए किशोरी की तलाश शुरू की।

पुलिस ने तकनीकी व मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया।साथ ही नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है। पूछताछ के बाद उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में विधिक प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।उपनिरीक्षक राजेश चंद्रपाल ने बताया कि मामला संवेदनशील था,इसलिए तत्काल प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की गई। हमारी प्राथमिकता किशोरी की सुरक्षित वापसी थी,जो सफलतापूर्वक हो गई है।आरोपी पर कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने कहा कि फिलहाल किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के बाद परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया चल रही है।वहीं आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की तैयारी की जा रही है।

# कप्तान की मेहनत पर पानी फेर रहे जिले के कोतवाल: ओ पी यादव

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पूर्व डीजीसी (फौ0) ओपी यादव ने जिले में बढ़ते अपराधों पर चिंता व्यक्त की है। श्री यादव ने कहा है कि जिले के कप्तान कानून व्यवस्था ठीक करने के लिए लगातार प्रयासरत है, परन्तु जिले के थानों में तैनात कोतवाल अपनी तिजोरी भरने के चक्कर में अपराधों पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं। ईमानदार कप्तान की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। जिले में आयोजित किए जाने वाले थाना दिवस व तहसील दिवस मात्र नौटंकी का मंच बनकर रह गए हैं, किसी फरियादी की समस्या का समाधान नहीं किया जाता है, फरियादियों की फरियाद में पैसे ढूंढे जाते हैं। फरियादियों की अनसुनी से गम्भीर अपराध जन्म लेते हैं। थाना चन्दपुर में यदि फरियादी की सुनी गयी होती तो सुनीत की जान न जाती। सरला के प्रार्थना-पत्र पर यदि मुकदमा लिख गया होता तो न तो गुरदत्त सिंह के पुरवा, मजरे ज्योना में सुनीता की जान न जाती और न ही राजेन्द्र, रवीन्द्र व सरेन्द्र गम्भीर रूप से घायल होते, वहाँ के सामंतियों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त होने के कारण यह घटना घटित हुई। थाना मिल एरिया ने फरियादी की सुन ली होती तो जमालपुर करौंदी के इन्द्रेश की हत्या न हुई होती। थाना मिल एरिया में प्रगतिपुरम निवासी अभिषेक यादव की हत्या की एफआईआर तक पंजीकृत नहीं की गई, रिपोर्ट न लिखने के कारण आरोपियों को साक्ष्य मिटाने का पर्याप्त मौका थाना मिल एरिया की पुलिस दे रही है, बिसरा रिपोर्ट की जाँच के नाम पर पुलिस अपनी जेबें गरम कर रही है।

मुकदमा वादी को लगातार थाने में बुलाकर उसका मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न किया जा रहा है। थाना खीरों के महरानीगंज में व्यापारी दम्पत्ति हत्याकांड के 11 दिन बीत जाने के बाद भी एक गिरिफ्तारी नहीं हुई है। थाना लालगंज के बेलहटा गांव व थाना शिवगढ़ के पड़ौरा में गांव में खूनी संघर्ष न होता, लेकिन पुलिस तो सिर्फ पैसे ढूँढने में व्यस्त रहती है। थाना खीरों में मिश्रीलाल जाटव की पत्नी मायादेवी खेत से जानवर चराकर लौट रही थी तो सामंती व दबंगों ने उसकी हत्या कर दी, बचाने दौड़े मिश्रीलाल व उनकी बेटी आराधना को भी गम्भीर चोटें आयीं, अभी तक तीन अभियुक्त फरार हैं। जिले में अज्ञात लाशे भी मिल रही हैं, जो पुलिस की अकर्मण्यता का परिणाम है। चोरी, मारपीट, बलात्कार जैसी घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। थाना डीह की पुलिस ने तो पैसे कमाने के लिए सारे रिकार्ड तोड़ दिए और उस लाइन को चरित्रार्थ कर दिया ''कल दरोगा ने कहा थाने में ये दीवान से, आ गया कल्लन का पैसा छोड़ दो सम्मान से, शुक्र कल्लन ने कहा भला हो रिश्वत का वरना मार देते जान से। दलित ओम प्रकाश पुत्र स्व0 श्याम लाल निवासी सिद्धौर, शंकरपुर, थाना जगतपुर, जिला रायबरेली के विरूद्ध थाना डीह में न तो कोई प्रार्थना-पत्र है और न ही कोई रिपोर्ट दर्ज है।

# विद्यालय बंदी से बालिकाओं की शिक्षा पर पड़ेगा प्रतिकूल प्रभाव: राजेश शुक्ला

जन एक्सप्रेस । रायबरेली।



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर आज जनपद के विभिन्न विकास क्षेत्रों में मर्जर होने वाले सबसे बडी संख्या वाले विद्यालयों की ग्राम सभाओं में ग्रामवासियों, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के साथ ब्लाक के पदाधिकारियों ने बैठक की,बैठक में एक स्वर से विद्यालयों के मर्जर पर आक्रोश व्यक्त किया गया। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि विद्यालयों की बंदी से गरीब बच्चों के साथ-साथ बालिकाओं की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि मनमानीपूर्ण तरीके से शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करके विद्यालय बंद करने का काम किया जा रहा है। अध्यक्ष,जिला संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी ने कहा कि आरटीई एक्ट और एसएमसी को एकदम से नजरंदाज कर दिया गया है। जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि सरकार खुलेआम मनमानी पर आमादा है। जिला कोषाध्यक्ष यादवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जब तक एसएमसी और अभिभावकों की भावनाओं एवं समस्याओं का संज्ञान नहीं लिया जाता तब तक हम लोग संघर्ष करेंगे। महिला अध्यक्ष गीता त्रिपाठी ने कहा कि सरकार शिक्षा का निजीकरण करना चाहती है। जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई ने कहा कि संविधान कहता है कि बच्चों को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। जनपदीय लेखाकार गंगा चरण भारती ने कहा कि विभाग कैसे मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद कर सकता है।

जनपदीय उपाध्यक्ष उमेश त्रिवेदी और सुधीर सिंह ने कहा कि विभाग आज मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद करने पर आमादा है। जनपदीय संगठन मंत्री दिलीप यादव और मनीष पाण्डेय ने कहा कि आरटीई एक्ट कहता है कि प्रत्येक बच्चे को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। जनपदीय संगठन मंत्री सुजीत चौधरी और राम जी सरोज ने कहा कि विभाग अपनी मनमानी के आगे कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। छतोह अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय और सलोन अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी करके आनन फानन में गुप चुप तरीके से मर्जर आदेश बांटे जा रहे हैं। महाराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी और हरचंदपुर अध्यक्ष अरविन्द द्विवेदी ने कहा कि संगठन का संघर्ष का इतिहास रहा है,संगठन इसकी भी लडाई लडेगा।

सरेनी अध्यक्ष राकेश द्विवेदी और डलमऊ अध्यक्ष योगेश सिंह ने कहा कि इस उत्पीड़न के खिलाफ क्रमबद्ध लडाई लडनी पडेगी। लालगंज अध्यक्ष शेषर यादव और अमावां अध्यक्ष अशोक पाल ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी, ग्राम प्रधान,विद्यालय प्रबंध समिति, अभिभावकों की आवाज को बुलंद किया जाएगा।

इस अवसर पर डीह अध्यक्ष कमलेश ओझा, बछरावां अध्यक्ष अमन शुक्ला, रोहनियां अध्यक्ष पवन शुक्ला, शिवगढ अध्यक्ष गयेन्दु सिंह, गौरा अध्यक्ष शैलेश पाण्डेय, राही अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह, जटा शंकर बाजपेई, राम जी सरोज, अजय मिश्र, ओमानंद श्रीवास्तव, मो सगीर, अरविन्द मिश्र, अखिलेश कुमार, डा बृज किशोर, श्रवण यादव, नीलेश शुक्ला, जितेन्द्र सिंह, आकाश त्रिपाठी, दिलीप गुप्ता, दर्शन लाल, मुन्ना लाल, शशांक मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 12 जुलाई, 2025






### जुलाई में गन्ना बंधाई का कार्य बेहद जरूरी...

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने शुक्रवार को गन्ना विकास परिषद, पूरनपुर के अंतर्गत ग्राम अभयपुर माधोपुर का भ्रमण कर शरदकालीन गन्ना प्लॉटों का... ▶ शेष पेज 07 पर...

# किसानों के लिए रखी ये मांगें, मंडी में एक रेस्टोरेंट होना चाहिए: मंत्री दिनेश प्रताप सिंह






**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे स्वतंत्र प्रभार कृषि निर्यात एवं विपणन मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किसानों की सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं होनी चाहिए। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने विशेष जोर देते हुए कहा कि मंडी में एक रेस्टोरेंट होना चाहिए। कहा कि किसान अपनी उपज बेचने के लिए जब मंडी आते हैं, तो उन्हें खाने-पीने की उचित व्यवस्था मिलनी चाहिए। एक रेस्टोरेंट होने से उन्हें आराम मिलेगा और गुणवत्तापूर्ण भोजन भी मिल पाएगा।

## किसानों को मिलेगी सम्मान और पहचान

आगे कहा कि किसानों के लिए 125 फीट का झंडा लगना चाहिए। यह सुझाव किसानों के सम्मान और पहचान से जुड़ा है। मंत्री ने कहा कि मंडी परिसर में 125 फीट ऊंचा झंडा लगाकर किसानों के गौरव को प्रदर्शित किया जाना चाहिए। वहीं, मंडी में एक कोल्ड रूम भी होना चाहिए।

## कोल्ड रूम की सुविधा भी होना चाहिए

किसानों को अपनी उपज, खासकर जल्दी खराब होने वाली सब्जियों और फलों को सुरक्षित रखने के लिए कोल्ड रूम की सुविधा मिलनी चाहिए। इससे वे अपनी फसल को तुरंत बेचने के दबाव से बचेंगे और बेहतर दाम मिलने तक उसे सुरक्षित रख पाएंगे।

## किसानों को मंडी में बेहतर अनुभव मिले

दिनेश प्रताप सिंह ने इन सुविधाओं को किसानों के लिए बेहद जरूरी बताया, जिससे उन्हें मंडी में बेहतर अनुभव मिल सके और उनकी उपज का सही मूल्य मिल सके। ये सुझाव किसानों के कल्याण और कृषि विपणन व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक सकारात्मक पहल माने जा रहे हैं।

# यूपीसीडा के औद्योगिक भूखंडों को फ्री-होल्ड किया जाए

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



प्रॉविंशियल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को पनकी स्थित सभागार में उद्यमी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उद्यमियों ने उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य अतिथि रविकांत गर्ग को समस्याएं बताईं। साथ ही यूपीसीडा की ओर से आवंटित औद्योगिक भूखंडों को फ्री-होल्ड कराने की मांग की। अध्यक्ष ने उद्यमियों को मुख्यमंत्री तक समस्याएं पहुंचने का भरोसा दिया। इस दौरान औद्योगिक मंत्री के चिट्ठी प्रकरण पर भी चर्चा हुई।

उद्यमियों ने कहा कि पांच हजार के स्टांप पर घरों आदि की रजिस्ट्री तरह उद्योगों में भी इसे लागू होना चाहिये। वहीं दूसरी तरफ जब मूल आवंटी की मृत्यु हो जाती है, तो वही भूखंड सौ रुपये के स्टांप पर ट्रांसफर हो जाता है। यूपीसीडा में क्षेत्रीय प्रबंधक के अधिकार बढ़ाए जाएं। यूपीसीडा को औद्योगिक क्षेत्रों के मेंटीनेंस का कार्य दिया गया है लेकिन कोई भी काम नहीं हो रहे हैं। बिजली व्यवस्था पूर्व व्यवस्था के तहत चले। केंद्रीयकृत व्यवस्था से दिक्कत बढ़ गई है।

## मुकदमे के निस्तारण तक निरस्त न हो लाइसेंस

कहा कि औद्योगिक बिजली दर पहले से ही बहुत ज्यादा है, जिसे न बढ़ाया जाए। नगर निगम मनमानी करके पिछले पांच वर्षों का एरियर निकालकर नोटिस भेज रहा है ,जबकि लोगों का हाउस टैक्स संशोधित जमा है। खाद्य मसाला उद्योग में यदि दो वस्तुओं जैसे मिर्चा और हल्दी का सैंपल फेल हो जाए, तो लाइसेंस निरस्त हो जाता। कहा कि जब तक मुकदमे का निस्तारण न हो तब तक लाइसेंस निरस्त न किया जाए।

## अधिकारी नहीं सुनते हैं मंत्री की बात

मुख्य अतिथि ने कहा कि इन समस्याओं को संबंधित मंत्रियों, अफसरों के साथ ही मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा कि मंत्री की बात ही अधिकारी नहीं सुनते हैं।

उन्हें पद छोड़कर उद्यमी और व्यापारी के साथ आंदोलन करना चाहिए। यहां सुनील गुप्ता, मनोज बंका, मिथलेश गुप्ता, अतुल सेठ, मिक्की मनचंदा, सुमित चावला, मनोज अग्रवाल, बृजेश अवस्थी, गोपाल, शारदा प्रसाद, शशांक, राम प्रताप यादव आदि रहे।

# सीएचसी मैं गंदगी देख भडके सीएमओ डॉक्टर उदयनाथ

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**





मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर उदयनाथ शुक्रवार को करीब 8-30 बजे ही कल्याणपुर में बने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंच गए। सीएमओ को देख अस्पताल के डॉक्टर और अस्पताल में हड़कंप मच गया। सीएमओ ने सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया इसके बाद वहां तैनात कर्मचारियों के बारे में पूछा इसके बाद उन्होंने पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया इस दौरान परिसर में गंदगी देख उन्होंने जमकर डॉक्टर की फटकार लगाई।

डॉ उदयनाथ ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अविनाश यादव को निर्देशित किया है कि स्वयं पर्यवेक्षण कर सफाई व्यवस्था करना सुनिश्चित करें इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को निर्देश दिए हैं।

## कई उपस्थित तो तीन अनुपस्थिति भी मिली

सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश सिंह डॉक्टर अंजली सचिन डॉक्टर विपिन राज उपस्थित थे चिकित्सा अधीक्षक डॉ अविनाश यादव भी कुछ ही देर में पहुंच गए निरीक्षण के दौरान स्टाफ के रमन पाल सिंह स्वीपर राजेश और श्वेता वर्मा अनुपस्थित मिले इस पर डॉक्टर उदयनाथ ने सभी का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया है। उदयनाथ में मरीजों वाला रजिस्टर भी चेक किया है इसके बाद उन्होंने लैब में जाकर ब्लड जांच के बारे में जानकारी ली लैब टेक्नीशियन से भी बातचीत की है।

## अरौल थाना क्षेत्र के बकोठी गांव में शराबियों ने युवक को पीटा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के बकोठी गांव में युवक को शराबियों ने पीट-पीटकर घायल कर दिया। घटना मंगलवार शाम की है। मेली उर्फ रिंकू पांडेय मक्का की फसल की रखवाली कर रहा था। उसे पता चला उसका बड़ा भाई कुछ लोगों के साथ शराब पी रहा है। रिंकू ने अपने भाई को डांटकर घर भेज दिया। इस पर वहां मौजूद पप्पू और राजेश ने उससे गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने मारपीट की। इसी दौरान पप्पू के बेटे अजय और विजय भी आ गए। उन्होंने रिंकू के सर पर राड से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। गांव वालों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित थाने पहुंचा। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया दिया। दूसरे पक्ष के लोग भी थाने पहुंचे। वे पीड़ित पर एससी-एसटी एक्ट में फर्जी केस में फसाने की धमकी दे रहे हैं। आरोपी कह रहेहैं कि उन्होंने चंदा इकट्ठा कर लिया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जिलाधिकारी बोले श्रावण मास में घाटों पर हो विशेष सुरक्षा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** परियर। श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए बीते दिन शुक्रवार को गौरांग राठी, जिलाधिकारी उन्नाव और दीपक भूकर, पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा सुशील कुमार, अपर जिलाधिकारी उन्नाव, क्षितिज द्विवेदी, उपजिलाधिकारी सदर और श्रीमती सोनम सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर के साथ थाना गंगाघाट क्षेत्रांतर्गत चंदन घाट का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी उन्नाव और पुलिस अधीक्षक उन्नाव ने सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रावण मास और कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रावण मास में घाटों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था के एंतजाम किए जाए। ताकि दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो।

### सावन के पहले दिन आनंदेश्वर मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** सावन के पवित्र महीने की शुरुआत होते ही कानपुर का प्रसिद्ध बाबा आनंदेश्वर मंदिर, परमट शिव भक्तों से पूरी तरह भर गया। सावन के पहले ही दिन सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक और पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस खास मौके पर, बाबा आनंदेश्वर को 11 हजार लड्डुओं का विशाल भोग लगाया गया। विधि-विधान से पूजन-अर्चना के बाद, इन लड्डुओं को मंदिर में मौजूद सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में बांटा भी गया। मंदिर प्रशासन और स्थानीय पुलिस ने भीड़ को व्यवस्थित रखने और भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खास इंतजाम किए थे।

### जागेश्वर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर के प्रसिद्ध जागेश्वर मंदिर में सावन के पहले दिन भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं, जो बाबा के दर्शन और जलाभिषेक के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। सावन का महीना होने के कारण जागेश्वर मंदिर में भक्तों का उत्साह चरम पर है। कानपुर शहर और आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। मंदिर प्रशासन और पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने और भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए थे। मान्यता है कि जागेश्वर मंदिर का शिवलिंग दिन में तीन बार रंग बदलता है और यह एक जागृत शिवलिंग है, जिसके कारण भक्तों में इसकी विशेष आस्था है। जलाभिषेक करने के बाद श्रद्धालु सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मंदिर परिसर बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# हैलट में 14 से शुरू होगी बाल मनोरोग स्पेशल क्लीनिक



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में हैलट अस्पताल के मनोरोग विभाग में 14 जुलाई से स्पेशल क्लीनिक शुरू हो जाएगी। व्यस्क मनोरोग ओपीडी के अलावा बाल एवं किशोर मनोचिकित्सा, नशा मुक्ति, साइको सेक्सुअल और वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य की स्पेशल क्लीनिक चलेगी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि एक करोड़ 22 लाख रुपये से मनोरोग विभाग का जीर्णोद्धार हो गया है। मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय चौधरी ने बताया कि सोमवार और बुधवार को बाल एवं किशोर मनोचिकित्सा, मंगलवार और गुरुवार को नशा मुक्ति, शुक्रवार को साइको सेक्सुअल और शनिवार को वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य की ओपीडी संचालित होगी।

## ई-रिक्शा की टक्कर से मासूम घायल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर के सरसौल कस्बे में महाराजपुर थाना क्षेत्र के सिकटिया बाजार में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में मासूम बच्ची रिशु (6) पुत्री रामनारायण पासवान गंभीर रूप से घायल हो गई। नौगवां गौतम निवासी ई-रिक्शा चालक काली प्रसाद ने बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी और कई मीटर तक घसीटते हुए ले गया। राहगीरों के शोर मचाने पर रिक्शा रोका गया, जिससे बच्ची को बाहर निकाला गया। बच्ची की मां मुन्नी पासवान ने बताया कि वह अपने पति से अलग किराये के कमरे में रहकर मजदूरी करती हैं और दो बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। आर्थिक तंगी के कारण उनके पास इलाज के लिए पैसे नहीं थे। राहगीरों के दबाव पर चालक ने बच्ची को कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन रात में चुपचाप फरार हो गया।

# नरायनपुर में सेना और प्रशासन ने रोपे पौधे






**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में नरवल तहसील के विकास खंड सरसौल के अंतर्गत नरायनपुर गांव में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय सेना की गंगा टास्क फोर्स और उपजिलाधिकारी विवेक कुमार मिश्रा की संयुक्त अगुवाई में सैकड़ों फलदार और छायादार पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी विवेक कुमार मिश्रा ने पौधरोपण को पर्यावरण, वन्यजीव और मानव जीवन के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि हरे पेड़-पौधे पृथ्वी का श्रृंगार हैं और पर्यावरण संतुलन के लिए अनिवार्य हैं। उन्होंने 'पौधा लगाएं, जीवन बचाएं' अभियान को मजबूत करने की अपील की और युवाओं की जागरूकता की सराहना की।

## पौधारोपण स्वच्छ पर्यावरण के लिए जरूरी

गंगा टास्क फोर्स के नायब सूबेदार टेक बहादुर ने कहा कि पौधारोपण सभी की सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी है। साथ ही, स्वच्छ पर्यावरण के लिए अधिक जरूरी भी।

उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल ऑक्सीजन और फल प्रदान करते हैं। बल्कि छांव और हरियाली से धरती को जीवन देते हैं।

इस अवसर पर भाजपा नेता सुरेंद्र अवस्थी, विनय मिश्रा सहित ग्रामीण व सेना के जवान मौजूद रहे।

## बारिश से धराशाई हुआ विशालकाय नीम का पेड़ गिरा, बाइक क्षतिग्रस्त, आवागमन हुआ बाधित



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर के नरवल कस्बे में शुक्रवार सुबह हुई तेज बारिश के चलते पीएनबी बैंक के सामने एक विशाल नीम का वृक्ष गिर गया। इस घटना में एक चाय की दुकान पर खड़ी मोटरसाइकिल पेड़ के नीचे दब गई है। साथ ही, कई बिजली के खंभे टूट गए और दुकान संचालक की झोपड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं, मुख्य मार्ग बाधित हो गया है, जिससे आवागमन पूरी तरह से बंद है। लोगों को आने-जाने के लिए काफी दिक्कत हो रही है।

# बारिश का कहर- घर पर गिरा पेड़, बिजली के तार-खंभे भी टूटकर गिर



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में सुबह से हो रही लगातार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। इसी कड़ी में, किदवई नगर स्थित अलंकार गेस्ट हाउस के पीछे, बाई ब्लॉक में एक बड़ा हादसा हो गया। बारिश के चलते एक विशालकाय पेड़ जड़ से उखड़कर एक मकान के अंदर जा गिरा। पेड़ गिरने से केवल मकान को ही नुकसान नहीं हुआ, बल्कि इसके साथ ही बिजली के तार भी टूट गए। मकान के बगल में लगा बिजली का खंभा भी धराशाई हो गया। अचानक हुए इस हादसे से इलाके में हड़कंप मच गया। पेड़ का बड़ा हिस्सा सड़क के बीचों-बीच गिरने से लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। रास्ते बंद होने से वाहनों और पैदल यात्रियों को परेशानी हो रही है। हादसे में पेड़ के नीचे आकर घर के अंदर खड़ी एक कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार प्रधानाचार्य की मौत





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर देहात में झांसी-कानपुर हाईवे पर भोगनीपुर थाना क्षेत्र के देवीपुर फ्लाईओवर पर गुरुवार की रात बाइक सवार प्रधानाचार्य को वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें लेकर मेडिकल कॉलेज आए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक चालक हेलमेट लगाए थे। जालौन जिले के कालपी कागजीपुरा निवासी सूर्यांश ने बताया कि पिता रामकुमार ओमरे (54) गुरुवार को किसी काम से बाइक से रनियां गए थे। रात नौ बजे के करीब रनियां से निकले थे। देर रात हाईवे पर देवीपुर फ्लाईओवर के पास पहुंचने पर तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

## आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट

राहगीरों ने उन्हें देवीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सूचना पर वह सीएचसी पहुंचे और पिता को लेकर मेडिकल कॉलेज आए, जहां उनकी मौत हो गई। वह कदौरा स्थित एक प्राइवेट महाविद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात थे। भोगनीपुर थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर आरोपी वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## राशन के रुपयों की पति पी गया शराब, पत्नी ने दी जान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर के चकेरी थाना क्षेत्र में बुधवार शाम पत्नी ने 500 रुपये पति को देकर राशन लाने को कहा। राशन के पैसों से शराब पीने को लेकर पति-पत्नी के जमकर विवाद हुआ। परेशान होकर देर रात उसने फंदे से लटककर जान दे दी। गुरुवार सुबह उसका शव फंदे से लटकता मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सनिगवां सजारी गांव निवासी गोलू राजपूत की की शादी फतेहपुर निवासी प्रियंका उर्फ पिंकल (28) से हुई थी। दोनों के तीन बेटे ऋषि, दुग्गु और मुनी हैं। पिंकल के भाई लवकुश ने बताया कि बुधवार शाम बहन ने घर का राशन लाने के लिए गोलू को पांच सौ रुपये दिए, लेकिन वह राशन लाने की बजाय शराब पीकर आ गया। घर आकर उसने मीट बनाने के लिए कहा। नशे की हालत में लौटे पति को देखकर पिंकल नाराज हुई। दोनों में विवाद हुआ। इसके बाद गोलू बाहर चला गया। पति की लत और हरकतों से आजिज आकर पिंकल ने देर रात जान दे दी। चकेरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि पोस्टमॉर्टम में हैंगिंग की पुष्टि हुई है।

## परमट में दर्शन करने आया श्रद्धालु गंगा में डूबा, तलाश में जुटे गोताखोर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में परमट स्थित गंगा घाट पर दर्शन करने आया एक श्रद्धालु नहाते समय डूब गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब, श्रद्धालु गंगा नदी में स्नान कर रहा था। अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस टीम ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कर दी है।

# केडीए के जेई से मारपीट कर गालीगलौज, बीचबचाव में कर्मचारी घायल


**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर में केडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने जेई के साथ गालीगलौज कर मारपीट की। घटना के दौरान बीच-बचाव करते समय जेई के घर में रहने वाला कर्मचारी लहूलुहान हो गया। पीड़ित ने मोबाइल और पांच हजार रुपये छीनने का आरोप लगाया है। केडीए के जोन तीन और चार के जेई अर्पण सिंह ने रिपोर्ट में बताया कि अवैध निर्माण में हो रही वसूली को रोकने के लिए वीसी ने कई कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।

कुछ समय से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अरुण शुक्ला और बलजीत सिंह प्रवर्तन दल में रखने का दबाव डाल रहे थे। बुधवार रात अरुण, बलजीत, साथी प्रतीक यादव समेत अन्य लोगों के साथ बेनाझाबर स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी में शराब पी रहे थे। देर रात आरोपी उनके आवास में आकर मुलाकात करने के लिए दरवाजा खटखटाने लगे। उनके आवास में रहने वाले कर्मचारी राहुल दिवाकर ने सुबह आने के लिए बोला तो वह दरवाजा पीटने लगे।

### सिर पर बेल्ट मारकर कर दिया लहूलुहान



दरवाजा खोलने पर जबरदस्ती अंदर घुस गए। विरोध करने पर आरोपी अभद्रता करते हुए शराब के लिए रुपये मांगने लगे। उन्होंने पांच सौ रुपये देने के लिए पर्स उठाया लेकिन आरोपी पांच हजार रुपये व मोबाइल छीन कर भाग निकले। विरोध जताते हुए वीडियो बनाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। राहुल ने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने सिर पर बेल्ट मारकर लहूलुहान कर दिया।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# 17 देशों की संसदों में संबोधन, 27 देशों से सर्वोच्च सम्मान, विश्व मंच पर मोदी का जादू बरकरार

**हम आपको बता दें कि हर दौरे में प्रधानमंत्री मोदी जिन विशिष्ट हस्तशिल्पों, कलाकृतियों और प्रतीकों को उपहार स्वरूप ले जाते हैं, वे केवल शिष्टाचार नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध परंपरा, बहुरंगी संस्कृति और आत्मनिर्भर कलात्मकता का परिचायक होते हैं। यह सांस्कृतिक कूटनीति भारत की सॉफ्ट पावर को सशक्त करने में निर्णायक भूमिका निभा रही है।हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी जिन वस्तुओं को विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को भेंट करते हैं, वे भारत के अलग-अलग राज्यों, जनजातियों, परंपराओं और शिल्प कलाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं।**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और वैश्विक नेतृत्व के क्षेत्र में भारत को एक नई ऊँचाई पर पहुंचा दिया है। जहां एक ओर उन्होंने अब तक 17 देशों की संसदों को संबोधित कर भारत की आवाज़ को विश्वमंच पर मुखर किया है, वहीं दूसरी ओर 27 देशों से प्राप्त सर्वोच्च नागरिक सम्मानों ने उन्हें दुनिया के सबसे सम्मानित और प्रभावशाली नेताओं में स्थान दिला दिया है। यह उपलब्धियाँ केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक स्थिति की उन्नति का प्रतिबिंब हैं। प्रधानमंत्री मोदी का संसदों में संबोधन केवल भाषण नहीं, बल्कि रणनीतिक कूटनीति का हिस्सा है। उन्होंने विकसित और विकासशील देशों, दोनों के विधायी मंचों पर भारत की लोकतांत्रिक विरासत, आर्थिक दृष्टि और वैश्विक सहयोग की भावना को साझा किया। मोदी की ओर से अन्य देशों की संसदों में दिये गये संबोधन को याद करें तो उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद ऑस्ट्रेलिया, फिजी, भूटान, नेपाल की संसदों को संबोधित किया। साल 2015 में प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मॉरीशस की संसद को संबोधित किया। साल 2016 में उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। 2018 में प्रधानमंत्री ने युगांडा और 2019 में मालदीव की संसद में अपना संबोधन दिया। 2023 में प्रधानमंत्री मोदी ने दूसरी बार अमेरिकी कांग्रेस में अपना संबोधन दिया और इसके साथ ही वह उन कुछ चुनिंदा वैश्विक हस्तियों में शुमार हो गये जिन्हें दो बार अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने का गौरव हासिल हुआ है। इसके बाद प्रधानमंत्री ने 2024 में गुयाना और 2025 में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा नामीबिया की संसद को संबोधित किया। खास बात यह है कि 2025 में तीन देशों की संसदों में प्रधानमंत्री का संबोधन एक सप्ताह के भीतर हुआ है जोकि अपने आप में एक और कीर्तिमान है। इन सभी संबोधनों में भारत ने ग्लोबल साउथ, संयुक्त राष्ट्र सुधार, आतंकवाद विरोध, जलवायु न्याय और डिजिटल समावेशन जैसे मुद्दों पर स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति पारंपरिक 'गुटनिरपेक्षता' से आगे जाकर ÷बहुध्रुवीय मित्रता÷ पर आधारित है। उन्होंने पश्चिमी शक्तियों से रिश्ते गहरे किए, लेकिन साथ ही अफ्रीका, मध्य एशिया, खाड़ी देशों और दक्षिण अमेरिका में नए रणनीतिक संबंध भी बनाए। मोदी की यह अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि भारत की उभरती शक्ति, विचारधारा और नेतृत्व क्षमता की स्वीकार्यता है। उनका हर संसद में दिया गया संबोधन, हर प्राप्त सम्मान, भारत की लोकतांत्रिक आत्मा, विकासशील दृष्टिकोण और नैतिक शक्ति का प्रतीक है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 देशों की संसदों को संबोधित करना और 27 देशों से सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करना, भारतीय विदेश नीति के इतिहास में एक अभूतपूर्व अध्याय है। यह दर्शाता है कि आज का भारत केवल सुनने वाला नहीं, बल्कि दुनिया को दिशा देने वाला देश बन चुका है। यह उपलब्धि भारतवासियों के आत्मविश्वास, आकांक्षाओं और अंतरराष्ट्रीय भूमिका को सशक्त करती है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्व दौरों की चर्चा प्रायः उनकी रणनीतिक कूटनीति, वैश्विक नेतृत्व और द्विपक्षीय समझौतों के संदर्भ में होती है, किंतु इन यात्राओं में एक और विशेष पक्ष होता है जो चुपचाप भारत की आत्मा को विश्व के सामने प्रस्तुत करता है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारतीय लोकतंत्र की अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संवैधानिक संकल्प है। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित और समावेशी बनाकर चुनावों की निष्पक्षता को मजबूत करेगी। यदि राज्य, नागरिक और राजनीतिक दल मिलकर इस पहल को सहयोग और संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ाएं, तो यह पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकता है। पुनरीक्षण की ये पूरी प्रक्रिया केवल प्रशासनिक भर नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को शुद्ध करने का पावन सुयोग है। मताधिकार केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक उत्तरदायित्व है और इस उत्तरदायित्व की रक्षा करना भारत निर्वाचन आयोग का परम धर्म है।**

# मतदाता सूची की शुद्धता : लोकतंत्र की रक्षा का संवैधानिक संकल्प



**अवधेश मिश्र**

**बिहार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किया गया विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान केवल मतदाता सूची को अद्यतन करने की कवायद नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा—मताधिकार की पवित्रता की रक्षा का संवैधानिक संकल्प है। दो दशकों बाद इस स्तर पर हो रही व्यापक जांच न केवल प्रशासनिक दक्षता की परीक्षा है, बल्कि नागरिकता की पुष्टि के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, समावेशी और निष्पक्ष बनाने की ऐतिहासिक पहल भी है।**

भारत जैसे बहुलतावादी और विशाल लोकतंत्र में मतदाता सूची की शुद्धता महज़ प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक वैधता और नागरिक अधिकारों की अखंडता का केंद्रबिंदु है। लोकतंत्र की सच्ची ताकत नागरिकों की भागीदारी में निहित है, और यह भागीदारी तभी सार्थक होती है जब चुनावों की प्रक्रिया पारदर्शी, समावेशी और सटीक हो। इसी संदर्भ में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में शुरू किया गया विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान एक ऐतिहासिक, साहसिक और दूरदर्शी पहल है—जो न केवल मतदाता सूची को अद्यतन करने का उद्देश्य रखती है, बल्कि भविष्य की चुनावी प्रणाली को अधिक लोकतांत्रिक और निष्पक्ष बनाने का आधार भी तैयार करती है। फिर चुनाव आयोग का दायित्व है कि भारतीय लोकतंत्रक की आत्मा, सार्वभौमिक मताधिकार÷ की पवित्रता अक्षुण्ण बनी रहे। दो दशकों बाद राज्य में लागू की जा रही इस गहन प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना है। परंतु इसकी कार्यान्वयन की गति, दस्तावेज़ी अपेक्षाएं और सामाजिक यथार्थ ने इसे विवाद के केंद्र में ला खड़ा किया है। पर भले ही कुछ राजनीतिक दल और नागरिक संगठन चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर प्रश्न उठा रहे हैं, यहां तक कि इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर चुके हैं। लेकिन इस कदम का उद्देश्य समझना इसलिए जरूरी है कि चुनावी प्रक्रिया को केवल भारतीय नागरिकों तक सीमित रखना, चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है।

### संवैधानिक परिप्रेक्ष्य : मताधिकार और नागरिकता की कसौटी

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग को चुनावों की निगरानी, पर्यवेक्षण और नियंत्रण का अधिकार प्राप्त है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 स्पष्ट करती है कि केवल भारतीय नागरिक ही मतदाता सूची में दर्ज किए जा सकते हैं। ऐसे में जब अवैध प्रवास, प्रवासजनित विस्थापन, मृत्यु और डुप्लीकेट प्रविष्टियों की शिकायतें बिहार जैसे सीमावर्ती राज्य में सामने आती रही हैं, तब चुनाव आयोग की यह पहल, एक सद्भावनापूर्ण लोकतांत्रिक कर्तव्य, बन जाती है। बिहार में लगभग 7.9 करोड़ मतदाताओं में से 2.93 करोड़ ऐसे नागरिक हैं, जिनका नाम 2003 की सूची में नहीं था। इन्हें अब नागरिकता प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। चुनाव आयोग ने केवल 25 दिन का समय तय किया है, जो प्रशासनिक रूप से चुनौतीपूर्ण अवश्य है, परंतु लोकतांत्रिक रूप से आवश्यक भी। चुनावों को भारतीय नागरिकों तक सीमित रखना ही लोकतंत्र की सच्ची अभिव्यक्ति है।

### दस्तावेज़ों की व्यवस्था और लचीलापन

इस अभियान के अंतर्गत नागरिकता प्रमाण के लिए 11 प्रकार के वैकल्पिक दस्तावेज़ स्वीकार किए गए हैं—जैसे आधार, शैक्षिक प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र इत्यादि। जो लोग 2003 की सूची में पहले से दर्ज हैं, उन्हें दस्तावेज़ प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है, जबकि नए शामिल होने वाले मतदाताओं को दस्तावेज़ी प्रमाण देना होगा। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि दस्तावेज़ उपलब्ध न हों, तो स्थानीय स्तर पर जांच कर सत्यापन संभव है। यह प्रक्रिया लचीली, समावेशी और व्यावहारिक है, जिसमें तकनीक और मानवीय संवेदना का संतुलित उपयोग दिखाई देता है।




**आयोग ने विपक्ष की आलोचना का उत्तर देते हुए राजनीतिक दलों को बूथ स्तर पर एजेंट नियुक्त करने का खुला आमंत्रण दिया है। अब तक 1,54,977 एजेंट नियुक्त किए जा चुके हैं, जो निष्पक्षता और सहभागिता को रेखांकित करता है।**

### आलोचना बनाम जवाबदेही

राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और वाम दलों सहित विपक्षी दलों ने इस अभियान को मतदाता सूची में तोड़फोड़ और राजनीतिक पूर्वाग्रह की संज्ञा दी है। उन्होंने इसे वोटबंदी तक की उपमा दे डाली है। परंतु निर्वाचन आयोग ने इस पहल को एक न्यायसंगत, पारदर्शी और संवैधानिक प्रयास बताया है, जिसका उद्देश्य केवल योग्य नागरिकों को मताधिकार सुनिश्चित करना है। आयोग ने विपक्ष की आलोचना का उत्तर देते हुए राजनीतिक दलों को बूथ स्तर पर एजेंट नियुक्त करने का खुला आमंत्रण दिया है। अब तक 1,54,977 एजेंट नियुक्त किए जा चुके हैं, जो निष्पक्षता और सहभागिता को रेखांकित करता है। इससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि मतदाता सूची की जांच कोई गुप्त प्रक्रिया नहीं है, बल्कि जनभागीदारी और लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का प्रतिबिंब है।

### तकनीकी सशक्तिकरण और डिजिटल समावेशिता

विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान - केवल परंपरागत तरीके से नहीं चलाया जा रहा, बल्कि इसे डिजिटल रूप से भी सशक्त किया गया है। पोर्टल और ऐप के माध्यम से मतदाता अपनी जानकारी आसानी से दर्ज कर सकते हैं। आयोग ने 5.74 करोड़ मोबाइल नंबरों पर एसएमएस भेजकर व्यापक स्तर पर जागरूकता भी फैलाई है। इस प्रक्रिया को पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और तकनीकी दक्षता का आदर्श उदाहरण कहा जाएगा। मानव संसाधन के साथ जब तकनीक का मिलन होता है तब समय का विस्तार संकुचित हो जाता है। इसलिए पच्चीस दिन का समय इस पूरी प्रक्रिया को परिणाम तक ले जाने के लिए पर्याप्त है। हालांकि कुछ राजनीतिक दल आयोग से समय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

### सामाजिक समावेशिता एक संवेदनशील दृष्टिकोण

इस अभियान में केवल तकनीकी दक्षता ही नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशिता को भी महत्व दिया गया है। 1 लाख से अधिक स्वयंसेवकों को वृद्ध, दिव्यांग और वंचित मतदाताओं, विशेष रूप से आदिवासी मतदाताओं, की सहायता के लिए नियुक्त किया गया है। साथ ही, 77,895 मौजूदा बीएलओ और 20,603 नए बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। यह प्रयास इस बात का संकेत है कि निर्वाचन आयोग समाज के हर वर्ग को मताधिकार देने की प्रतिबद्धता रखता है।

### दस्तावेज़ी सख्ती : अधिकार का हनन या व्यवस्था की शुद्धता?

विपक्षी दल दस्तावेज़ीकरण की सख्ती को मतदाता अधिकार पर हमला कह रहे हैं। लेकिन यह प्रश्न लोकतांत्रिक विवेक का है क्या अवैध प्रवासी, मृतक या अपात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में बनाए रखना सही है? 2003 के बाद पहली बार बिहार में इस स्तर पर मतदाता सूची की जांच हो रही है। दो दशकों में राज्य में जनसंख्या गतिशीलता, आंतरिक प्रवास, और सीमावर्ती इलाकों में अवैध घुसपैठ की घटनाएं बढ़ी हैं, जिसमें बांग्लादेशी और रोहिंग्या जैसे अवैध प्रवासी शामिल हो सकते हैं। तब फिर प्रश्न उठता है, क्या चुनाव आयोग को इन परिस्थितियों की उपेक्षा करनी चाहिए? ये ऐसे प्रश्न हैं जो मतदाता पुनरीक्षण की अनिवार्यता को प्रभावी बनाते हैं जिसे चुनाव आयोग चाह कर भी खारिज नहीं कर सकता। वहीं प्रशासनिक नीति का यह इम्तिहान भी होगा कि कहीं योग्य मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए। मताधिकार पवित्र है, पर यह अधिकार, विशुद्ध रूप से, केवल भारतीय नागरिकों के लिए है और इसकी रक्षा करना चुनाव आयोग का नैतिक और संवैधानिक दायित्व है। इसलिए दस्तावेज़ी सत्यापन को लोकतंत्र पर हमला कहना लोकतांत्रिक विमर्श को सतही बनाना है। जो इस प्रक्रिया से भयभीत हैं, उन्हें आत्मपरीक्षण या अंतरावलोकन करना चाहिए कि कहीं वे अनियमितताओं के दायरे में तो नहीं घिरे हैं?

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख ले, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितीया 25:46 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराषाढा 06:36 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | विष्कुम्भ, 19:31 |
| सूर्योदयः | 05:33 |
| सूर्यास्तः | 19:20 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 09:00-10:43 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:02-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### बदला बदला रुप है !

*बदल गए अचानक ।*
*ज्ञान रहे हैं बांट ।।*
*बदला बदला रुप है ।*
*बंद हो गई ठाट ?*
*लगते कभी कूदने ।*
*और कभी ख़ामोश ।।*
*है किसकी रणनीति ?*
*कहें किसका दोष ।।*
*ये कैसा व्यवहार ।*
*करने को उद्धार ।।*
*लगता चल कर इसी राह ।*
*है आनी बहार ?*
*किया कभी अपमान ।*
*कभी करते प्यार ।।*
*कर सकते प्रवेश ।*
*शायद नए द्वार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# दिमाग तेज करने और हार्ट हेल्दी रखने में मददगार है ऑलिव ऑयल



**ऑलिव** ऑयल यानी जैतून के तेल को हेल्दी माना जाता है, यह सूपरफूड्स में से एक है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए अक्सर लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है। जैतून के तेल में भरपूर मात्रा में विटामिन-ई, के और हेल्दी फैट्स जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं। इसको सही तरीके से खाने से स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं।

**हार्ट के लिए फायदेमंदः** ऑलिव ऑयल को हार्ट के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसमें अच्छी मात्रा में एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते है। जिससे ब्लड वेसल्स के कार्यों में सुधार करने, सूजन को कम करने, कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल करने, हार्ट से जुड़ी बीमारियों के खतरे को कम करने और हार्ट को हेल्दी रखने में मदद मिलती है।

**ब्रेन के कार्यों को बेहतर करेः** ऑलिव ऑयल ब्रेन के लिए भी फायदेमंद होता है। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन-ई और मोनोअनसैचुरेटेड फैट्स होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से ब्रेन के कार्यों में सुधार करने, याददाश्त को बढ़ावा देने और इसके स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है, साथ ही, इससे तंत्रिका तंत्र में भी सुधार करने में मदद मिलती है।

**हड्डियों के लिए फायदेमंदः** ऑलिव ऑयल में अच्छी मात्रा में हेल्दी फैट्स और कई अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से हड्डियों को पोषण देने, बोन डेंसिटी में सुधार करने, हड्डियों के स्वास्थ्य में सुधार करने और हेल्दी रखने में मदद मिलती है

**ब्लड शुगर को कंट्रोल करेः** ऑलिव ऑयल यानी जैतून के तेल में अच्छी मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने और ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

**स्किन और बालों के लिए फायदेमंदः** जैतून के तेल में अच्छी मात्रा में विटामिन-ई जैसे पोषक तत्व, एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से फ्री रेडिकल्स से होने वाले ऑक्सीडेटिव को कम करने, स्किन को रिपेयर करने, त्वचा और बालों के रूखेपन को दूर करने, एजिंग से बचाव करने और दोनों को हेल्दी और शाइनी बनाने में मदद मिलती है।

**पाचन के लिए फायदेमंदः** ऑलिव ऑयल में कई पोषक तत्व होते हैं, जो पाचन के लिए जरूरी एंजाइम्स को बढ़ावा देने, आंतों की सूजन को कम करने और कब्ज जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

**कैसे करें ऑलिव ऑयल का सेवनः** जैतून के तेल को ज्यादातर सलाह की ड्रेसिंग के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इससे सलादा का स्वाद बढ़ाने में मदद मिलती है। इसके लिए एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल और नींबू के रस को सलाद में डालकर खाया जाता है। इसके अलावा, ऑलिव ऑयल को सब्जियों को सॉटे करने, डिप्स या स्प्रेड्स के रूप में खाने और स्मूदी या सूप में डालकर लेना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। इसके अलावा, इसको खाना पकाने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। ध्यान रहे, खाना पकाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला ऑलिव ऑयल अलग होता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# पेयरिंग के साथ अध्यापकों की रिपेयरिंग भी होगी



**डॉ. ओ0पी0 मिश्र**

**मुझे तमाम अध्यापकों ने स्पष्ट शब्दों में बताया कि शायद सरकार और शिक्षा विभाग के अधिकारी चाहते हैं कि विद्यालय में पढ़ाई का माहौल भले ही ना बन पाए लेकिन कागज और रजिस्टर जरूर अपडेट रहे और यही काम आजकल विद्यालयों में चल रहा है।**

**एक जमाना था जब रोडवेज की बसों में हमेशा घाटा आता था क्योंकि रोडवेज के ड्राइवर और कंडक्टर प्राइवेट बसों को सपोर्ट करते थे। उनसे पैसे लेते थे और अपनी बसों को खाली ले जाते थे। रास्ते की सवारी को भी नहीं उठाते थे। लेकिन अब अब ड्राइवर और कंडक्टर पुकार पुकार कर सवारियों को बुलाते हैं उन्हें बैठाते हैं क्योंकि उन्हें मालूम है कि अगर आमदनी नहीं हुई तो पगार भी नहीं मिलेगी।**

**जाहिर** सी बात है कि जब सरकार कोई निर्णय करती है तो उसका कोई ना कोई हेतु होता है। सरकार का निर्णय जरूरी नहीं है कि आपको रास आए क्योंकि हमारी सोच का दायरा सीमित होता है जबकि सरकार की सोच का दायरा व्यापक और दूर दृष्टि वाला होता है। होता है कि नहीं होता है यह तो मैं नहीं कह सकता। क्योंकि मेरी या हमारी सोच में भावना यानी इमोशन की प्रधानता होती है। जबकि सरकार या अदालत के लिए भावनाएं कोई मतलब नहीं रखती। क्योंकि वहां निर्णय मेरिट पर होते हैं । ऐसे में हम यह नहीं कह सकते कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जो पांच हजार प्राथमिक विद्यालयों को बंद किया है। इन्हें आप मर्जर या पेयरिंग कुछ भी कह सकते हैं। सही ही किया है। वैसे अब तो हम सही कहने को बाध्य है क्योंकि हाई कोर्ट ने भी तो सरकार के फैसले पर मोहर लगा दी। सरकार, सरकार होती है वह जनहित और लोकहित के नाम पर कुछ भी कर सकती है और करती भी है। हमें यह अधिकार संविधान ने बिल्कुल नहीं दिया है कि सरकार के जिस निर्णय पर हाई कोर्ट ने भी मोहर लगा दी हो उसकी हम आलोचना करें। क्योंकि फिर तो कंटेंट आफ कोर्ट यानी अदालत की अवमानना हो जाएगा और हमें जेल भी जाना पड़ सकता है। लेकिन चूंकि हम जेल फिलहाल जाना नहीं चाहते इसलिए मैं तो यही कहूंगा कि क्या स्कूल की पेयरिंग करना ही समस्या का समाधान था। क्या और कोई रास्ता नहीं था जिससे सांप भी मर जाता और लाठी भी ना टूटती । सरकार का तर्क था कि जिन पांच हजार स्कूलों की पेयरिंग की गई जिसे कुछ लोग मर्जर कह रहे हैं उनमें छात्र न के बराबर थे और मैं सरकार की इस बात से पूरी तरह से सहमत हूं कि उन विद्यालयों में छात्र ना के बराबर थे। तो ऐसे में फिर यह सवाल तो उठेगा ही की स्कूल चलो अभियान क्या सिर्फ कागजों पर चल रहा था। इसके साथ यह भी सवाल उठेंगे की क्या कारण है की लोग अपने बच्चों को छोटे-मोटे प्राइवेट स्कूलों में तो भेजते हैं लेकिन सरकारी स्कूलों में भेजना नहीं चाहते हैं? क्यों? इस क्यों का जवाब सभी सरकारी स्कूलों के अध्यापकों को तलाशना होगा। एबीएसए और बीएसए को भी तलाशना होगा। वरना आज पांच हजार बंद हुए कल पन्द्रह हजार की पेयरिग हो रही होगी। फिर एक दिन ग्राम सभा स्तर पर स्कूल रह जाएंगे और फिर एक दिन बेसिक शिक्षा के अस्तित्व पर ही प्रश्न चिन्ह लग जाएगा। तब क्या होगा? ऐसे में मेरा तो सरकार से यही कहना है कि जिस दृढ़ता से उसने पांच हजार बच्चों को मर्ज किया है या पेयरिंग की है उसी तरह उसे अध्यापकों की भी रिपेयरिंग करनी चाहिए। उन अधिकारियों की भी रिपेयरिंग करनी चाहिए जो लाखों लाख रूपये प्रतिमाह वेतन लेते हैं लेकिन इस बात की बिल्कुल परवाह नहीं करते की विद्यालय चल रहे हैं या नहीं , बच्चे आ रहे हैं या नहीं और अगर नहीं आ रहे हैं तो क्यों नहीं? अध्यापक बच्चों को लाने के लिए क्या प्रयास कर रहे हैं और अगर प्रयास नहीं कर रहे हैं तो क्यों नहीं कर रहे हैं ? क्या उनकी जिम्मेदारी नहीं है कि स्कूल में बच्चे हो? बच्चों की पढ़ाई हो? पढ़ाई का माहौल हो? शायद किसी भी अध्यापक को कुछ अपवादों को छोड़कर इसकी बिल्कुल चिंता नहीं। क्योंकि उनको समय पर वेतन मिलता है। लेकिन बच्चों को समय पर शिक्षा नहीं मिलती। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वह सपना कैसे साकार होगा की बेटी पढ़ाओ? बेटी कैसे पढ़ेगी? जब स्कूल दूर-दूर होंगे। बेटी कैसे पढ़ेगी जब अध्यापक स्कूल आएंगे नही। बच्चों से ज्यादा अध्यापक होंगे? बेटी कैसे पढेगी और आगे बढ़ेगी जब अध्यापकों का लक्ष्य सिर्फ वेतन लेना होगा और अपने बच्चों को कान्वेंट स्कूल या बड़े प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाना होगा। सरकार का काम विद्यालय के भवन का निर्माण, अध्यापकों को वेतन देना तथा विद्यालयों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था करना ही होता है। लेकिन स्कूल सकुशल चले , स्कूलों में बच्चे आए , बच्चों को उचित शिक्षा मिले, उनका सर्वांगीण विकास हो तथा वह एक अच्छा नागरिक बने। यह काम अध्यापकों का है और शिक्षा विभाग के अधिकारियों का है। लेकिन मुझे लगता है कि यह दोनों अपना काम इमानदारी से नहीं कर रहे हैं। मुझे तमाम अध्यापकों ने स्पष्ट शब्दों में बताया कि शायद सरकार और शिक्षा विभाग के अधिकारी चाहते हैं कि विद्यालय में पढ़ाई का माहौल भले ही ना बन पाए लेकिन कागज और रजिस्टर जरूर अपडेट रहे और यही काम आजकल विद्यालयों में चल रहा है। ऐसे में सरकार को भी अब सख्ती करनी होगी और अध्यापकों को तथा विभागीय अधिकारियों को सीधे चेतावनी देनी होगी कि अगर विद्यालयों में शिक्षा नहीं, बच्चे नहीं तो वेतन नहीं।

# जुलाई में गन्ना बंधाई का कार्य बेहद जरूरी

## जिला गन्ना अधिकारी ने अभयपुर माधोपुर में किया खेतों का निरीक्षण

- गिरते गन्ने से उत्पादन में आती है 25त्न तक की कमी, समय से करें बंधाई अधिकारी ने दी सलाह

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने शुक्रवार को गन्ना विकास परिषद्, पूरनपुर के अंतर्गत ग्राम अभयपुर माधोपुर का भ्रमण कर शरदकालीन गन्ना प्लॉटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय किसानों सुखविंदर सिंह, जगदीश सिंह और गुरविंदर सिंह के खेतों में जाकर गन्ने की फसल की स्थिति देखी और मौके पर मौजूद किसानों को जुलाई माह में गन्ना फसल में किए जाने वाले समसामयिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।





इस मौके पर जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने बताया कि जुलाई का महीना गन्ना किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस समय गन्ने की बंधाई (सपोर्टिंग) का कार्य करना चाहिए। यह कार्य गन्ने की बेहतर वृद्धि, संतुलन बनाए रखने, फसल को गिरने से बचाने और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए बेहद आवश्यक है। जिला गन्ना अधिकारी श्री भार्गव ने किसानों से अपील की कि वे समय से गन्ने की बंधाई अवश्य करें ताकि अधिक और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि गन्ना विकास विभाग की ओर से गांव-गांव जाकर किसानों को इस विषय में जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर एल एच चीनी मिल के अधिशाषी उपाध्यक्ष के.बी. शर्मा, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय श्रीवास्तव, जोनल इंचार्ज पुष्पेंद्र सिंह, ब्लॉक अधिकारी संजीव यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बंधाई न करने के नुकसान....

गन्ना गिर जाता है, जिससे उत्पादन में 20-25त्न तक की कमी हो सकती है। गिरे हुए गन्ने में रस की मात्रा घट जाती है और गुणवत्ता प्रभावित होती है।खेतों में कीट एवं रोगों का खतरा बढ़ जाता है। कटाई में समय और लागत दोनों अधिक लगते हैं।

### ऐसे करें गन्ने की बंधाई....

दो से तीन गन्ने की थानों को एक साथ बाँधें। बंधाई के लिए मजबूत सुतली, प्लास्टिक की रस्सी या बाँस का उपयोग करें। बंधाई पहली बार तब करें जब गन्ना 3 से 4 फीट ऊँचा हो जाए। यह कार्य जमीन से 30 से 45 सेंटीमीटर की ऊंचाई पर करें। बंधाई 30 से 45 दिन के अंतराल पर कुल 2 से 3 बार की जानी चाहिए।

### गन्ना बंधाई के लाभ.....

गन्ना गिरने से बचता है, जिससे उत्पादन में वृद्धि होती है।
पौधे सीधे और मजबूत बनते हैं।
खेतों में हवा और धूप का समुचित प्रवाह होता है, जिससे कीट एवं रोगों का प्रकोप कम होता है। चूहे, सियार, जंगली सूअर आदि जानवरों से नुकसान कम होता है। गन्ने की रस और गुरत्व (ष्टष्टस्) की गुणवत्ता बेहतर होती है। कटाई और ढुलाई में सुविधा मिलती है।

# अनाधिकृत स्कूली वाहनों और ओवरलोडिंग के खिलाफ एआरटीओ का सख्त एक्शन, पांच वाहन सीज



- 1.98 लाख रुपये का वसूला गया जुर्माना, एआरटीओ ने अभिभावकों से की अपील असुरक्षित वाहनों से बचें

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में बीसलपुर रोड और बरेली रोड पर अनाधिकृत स्कूली वाहनों और ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। अभियान के दौरान कुल पाँच वाहनों को सीज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।
चेकिंग के दौरान एक टेंपो को पकड़ा गया जिसकी फिटनेस और परमिट की वैधता समाप्त हो चुकी थी, टैक्स जमा नहीं था और वाहन अत्यंत जर्जर स्थिति में पाया गया। इसके बावजूद उस टेंपो में 12 स्कूली बच्चों को ढोया जा रहा था। एआरटीओ की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन को बरखेड़ा थाना में सीज करवा दिया। इसके अतिरिक्त दो ईको वाहन भी पकड़े गए जो निजी प्रयोजन हेतु पंजीकृत थे, लेकिन उनका व्यवसायिक उपयोग करते हुए स्कूली बच्चों का ओवरलोडिंग के साथ परिवहन किया जा रहा था। इन वाहनों को भी बरखेड़ा थाना में सीज किया गया।

### एआरटीओ की अपील-अभिभावक बरतें सतर्कता

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने जिले के समस्त स्कूल प्रबंधनों और बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को ऐसे असुरक्षित वाहनों से स्कूल न भेजें, जिनमें सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होता। उन्होंने कहा कि केवल प्रमाणित और फिटनेस युक्त स्कूली वाहनों का ही उपयोग करें, जिससे बच्चों की जान को कोई खतरा न हो। वही परिवहन विभाग की इस त्वरित कार्यवाही से स्कूली परिवहन व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं यह भी संकेत मिला है कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार कड़ी कार्यवाही जारी रहेगी।

### ओवरलोड माल वाहनों पर भी शिकंजा

इसी अभियान में तीन मालवाहक वाहनों को भी नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। इनमें एक वाहन की फिटनेस और परमिट समाप्त हो चुकी थी, जबकि दो अन्य वाहनों में उनकी निर्धारित क्षमता से अधिक माल लादा हुआ था। परमिट शर्तों के उल्लंघन एवं ओवरलोडिंग के आरोप में इन तीनों वाहनों को ललौरीखेड़ा पुलिस चौकी में सीज कर दिया गया।

### प्रवर्तन कार्यवाही में वसूले गए 1.98 लाख रुपये

परिवहन विभाग द्वारा की गई सघन कार्यवाही में कुल 1.98 लाख रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। यह कार्यवाही जनपद में ट्रैफिक अनुशासन लागू कराने और स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर 'सारथी वाहन' का शुभारंभ, रैली व गोष्ठी का आयोजन

- जनमानस को परिवार नियोजन के प्रति किया गया जागरूक, नवविवाहितों को शगुन किट वितरित

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसंख्या स्थिरता को लेकर नगर क्षेत्र में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आलोक कुमार ने स्वास्थ्य विभाग परिसर से दो सारथी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन के प्रति आमजन को जागरूक करने का कार्य करेंगे। सारथी वाहनों को गुब्बारों और परिवार नियोजन से संबंधित बैनरों से सजाया गया था। यह वाहन शहर के विभिन्न मोहल्लों में घूमकर गीतों, पंपलेटों और आशा बहनों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करेंगे। इसके माध्यम से इच्छुक लोगों को परिवार नियोजन के साधन भी वितरित किए जाएंगे।

### फीता काटकर अभियान का शुभारंभ, नवविवाहितों ने की सहभागिता

नगर क्षेत्र के पुराना अस्पताल परिसर स्थित नगरीय स्वास्थ्य केंद्र में डॉ.आलोक कुमार एवं स्थानीय सभासद निजाकत अली द्वारा फीता काटकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया।



इसके पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें नवविवाहित बहुओं, आशा बहनों और स्वास्थ्यकर्मियों ने सहभागिता की।
डॉ.आलोक कुमार ने इस अवसर पर जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता और इसके प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि जनपद में 11 जुलाई से 18 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष काउंटर बनाकर परिवार नियोजन परामर्श एवं साधनों की सुविधा दी जा रही है। इस वर्ष का स्लोगन माँ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही है। गोष्ठी में नगरीय नोडल अधिकारी डॉ.आलमगीर ने कहा कि एक स्वस्थ माँ ही स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है। वहीं, चिकित्सा अधिकारी डॉ. इमरान ने परिवार नियोजन को राष्ट्रीय विकास से जोड़ते हुए इसके महत्व को रेखांकित किया। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता नितिन गंगवार ने गर्भधारण के दौरान आवश्यक टीकों और जांचों की जानकारी दी। परिवार नियोजन प्रबंधक अमित शर्मा ने विवाह की सही उम्र, बच्चों के बीच अंतर और स्थायी/अस्थायी साधनों की जानकारी दी।

### शगुन किट वितरण से नवदंपत्तियों को प्रोत्साहन

गोष्ठी के समापन पर नवविवाहित दंपत्तियों को शगुन किट वितरित कर उन्हें सुरक्षित व योजनाबद्ध पारिवारिक जीवन के लिए प्रेरित किया गया।
इस अवसर पर डॉ.आलोक कुमार, निजाकत अली, डॉ. आलमगीर, डॉ.इमरान, नितिन गंगवार, अमित शर्मा, प्रवीण पाल, कमल कुमार, अनिल, फार्मासिस्ट अमरेश समेत बड़ी संख्या में आशा बहनें मौजूद रहीं।

# निजी अस्पताल में युवती का वीडियो बनाने की कोशिश, डिलीवरी ब्वॉय गिरफ्तार

- महिला सुरक्षा पर उठे सवाल, अस्पताल की लापरवाही से नाराज हुए हिंदूवादी संगठन

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

शहर के एक प्रतिष्ठित निजी अस्पताल में महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। बरखेड़ा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 22 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार सुबह जब वह बाथरूम में नहा रही थी, तभी पार्सल डिलीवरी कर्मी शादाब ने बगल के बाथरूम से उसका वीडियो बनाने की कोशिश की। युवती बीते चार दिनों से अपनी बीमार मां के इलाज के सिलसिले में अस्पताल में ठहरी हुई थी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी न केवल वीडियो बना रहा था बल्कि उस पर अश्लील टिप्पणियाँ भी कर रहा था, जिससे वह घबरा गई और जोर-जोर से चिल्लाने लगी। चीख-पुकार सुनकर युवती के परिजन और अन्य त ीमारदार मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और आरोपी को पकड़कर जमकर फटकार लगाई। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। आईटी एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी शादाब के खिलाफ आईटी एक्ट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अस्पताल प्रशासन से भी स्पष्टीकरण मांगा जा सकता है।

### सवालों के घेरे में अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था

इस घटना ने एक बार फिर निजी अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खासकर महिला मरीजों और उनके परिजनों की गोपनीयता और सम्मान की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। अस्पताल में आने-जाने वाले बाहरी व्यक्तियों की पहचान और गतिविधियों पर निगरानी की कमी साफ नजर आई। यह घटना केवल एक द्बह्यश्- द्यद्बह्लद्गस्र ष्ठह्यद्ग नहीं बल्कि समाज और व्यवस्था दोनों के लिए एक स्पष्ट चेतावनी है। जब तक अस्पतालों में ठोस सुरक्षा उपाय, सीसीटीवी निगरानी और जवाबदेही तय नहीं की जाती, तब तक इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति से इनकार नहीं किया जा सकता। महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर प्रशासन को कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में किसी बेटी की गरिमा इस तरह तार-तार न हो।

# राज्यमंत्री संजय सिंह ने कांवड़ यात्रा में ड्रोन से पुष्पवर्षा और संजय नगर तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर दिए निर्देश



### श्रावण मास के प्रारंभ पर शिवभक्तों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर सक्रिय हुए राज्यमंत्री नगर विकास मंत्री को भेजा पत्र

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने श्रावण मास के प्रारंभ होते ही शिवभक्तों की सुविधा और कांवड़ यात्रा की सफलता के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि कांवड़ यात्रियों के आवागमन मार्ग को गड्ढामुक्त किया जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर निर्देशित किया है कि कांवड़ यात्रा के दौरान ड्रोन के माध्यम से शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि यात्रियों के रुकने के लिए मंडी समिति में चिकित्सकीय सुविधा के साथ ही स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ शौचालय, रोशनी और सुरक्षा की व्यवस्था भी होनी चाहिए। राज्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग में स्थित मीट की सभी दुकानें बंद रखी जाएं तथा सभी शाकाहारी ढाबों, होटलों और चाय की दुकानों पर प्रतिदिन गुणवत्ता जांच की व्यवस्था हो। उन्होंने प्रशासन से कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कांवड़ यात्रा से जुड़ी सभी समस्याओं का तत्परता से समाधान करते हुए यात्रा को सफल बनाया जाए।
इसी के साथ संजय सिंह गंगवार ने संजय नगर में स्थित एक प्राचीन तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर भी नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा को पत्र लिखा है। नगर विकास मंत्री ने उत्तर देते हुए बताया कि ठेका चौकी से नेहरू पार्क के बीच स्थित इस तालाब को नगर झील/ तालाब/ पोखर संरक्षण योजना के अंतर्गत विकसित करने के लिए वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग को भेजा जा चुका है।
राज्यमंत्री गंगवार ने विश्वास जताया कि शीघ्र ही नगर विकास विभाग से स्वीकृति मिल जाएगी, जिससे तालाब का निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ हो सकेगा।
इससे क्षेत्रवासियों को स्वच्छ पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में एक नया स्थान मिलेगा।

# पति के अत्याचारों से दुखी पीड़ित पत्नी ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

कोतवाली सदर के अंतर्गत मिश्राना चौकी क्षेत्र के मोहल्ला हाथीपुर कोठार की रहने वाली पीड़िता शबीना ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया है उसका पति असलम आए दिन किसी न किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा करता है।पीड़िता के तीन पुत्रियां एक पुत्र हैं बड़ी नाबालिग पुत्री को पास के रहने वाले यश श्रीवास्तव भगा ले गया था जो बिना शादी के उक्त लडके के पास रह रही हैं।पीड़िता लैव व उसके अतिरिक्त घरों में बर्तन झाड़ू पोंछा लगाकर जीवन यापन करती है।पति घर पर रहकर काफी प्रताड़ित करता है। महीने में एक दो दिन काम पर जाता बाकी घर पर रहकर पीड़िता को बदचलन खाना बनाने में देरी तेरी वजह से लड़की भाग गयी आदि बातों को लेकर उत्पाद मचाता है।पीड़िता कमाकर लातीं घर बैठकर हुक्म चलाता बच्चों को मारता पीटता है।पीड़िता को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मिला जिसमें पीड़िता परिवार के साथ रहती है। पति परिवार में इतना कलह मचाता है की पीड़िता का दिमाग काम नहीं करता वह आत्महत्या के लिए मजबूर है। घटना दिनांक 10-जुलाई-2025 प्रार्थिनी काम से घर पहुंची खाने में आचार न मिलने के कारण पति ने खाना फेक दिया और पीड़िता को इतना मारा पीटा की पीड़िता बेहोश हो गई आस पास के लोगों के आने के बाद पति शांत हुआ आए लोगों से पति बोला यह मेरा घरेलू मैटर है। इसमें कोई न आए पीड़िता को काफी समय से पति प्रताड़ित कर रहा पुलिस से शिकायत करने पर पुलिस कहती पति पत्नी का मैटर है इसमें मैं कुछ नहीं कर सकता जिसका फायदा उठाकर पति और भी आतंक मचाता है जिसका बच्चों पर गलत असर पड़ता है पढ़ाई बाधित होती है। जहां काम करती है वहां पर देरी से पहुंचने का मालिक का भी आक्रोश देखना पड़ता है दिनभर मेहनत मजदूरी करके बच्चों के खाने का इंतजाम करती है और घर पहुंचते हुए उसका भी दिल करता है कि लेट के थोड़ा आराम करने का लेकिन उसके नसीब में काम करके आने के बाद गाली मार खाना है आराम नहीं ,देखते हैं पुलिस अधीक्षक खीरी से मिलने के बाद पीड़िता को कुछ राहत मिलती है कि पति का अत्याचार जारी रहता है।

# शारदा बैराज में महिला कूदी मछुआरों ने रस्सी की मदद से निकाला बाहर

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



एक महिला को शारदा नदी बैराज में फंसा देखे जाने पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों और मछुआरों ने कड़ी मशक्त के बाद महिला को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महिला ने कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया था।बताते चलें सिंगहा खुर्द की रहने वाली 38 वर्षीय ऊषा रानी बैराज के गेट में फंस गईं। स्थानीय लोगों की नजर पड़ते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। आसपास के मछुआरों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रस्सी की मदद से महिला को पानी से बाहर निकाला। शारदानगर पुलिस ने बताया, ऊषा रानी राजेश की पत्नी हैं। परिजनों ने बताया कि वह बीमारी से परेशान थीं, इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया।महिला ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। बाद में महिला को उनके परिजनों के साथ घर भेज दिया गया।

# विभागीय जांच के बाद मना करने के बाद पुन: पाइप लाइन के लिए दबंगों ने खोदी सड़क

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



बांकेगंज ब्लॉक के ग्राम गंगापुर मजरा सुआबोझ में सड़क काटकर जबरन पाइप डालने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ओम प्रकाश और पंकज राठौर पर आरोप है कि उन्होंने रात के अंधेरे में चोरी-छिपे सड़क खुदवाकर पाइप डाल दिए, जिससे आसपास के किसानों की फसलें बर्बाद होने की आशंका है। पीड़ित किसानों राजेंद्र प्रसाद और अशोक कुमार ने बताया कि उन्होंने पहले भी इस अवैध कार्य के खिलाफ मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की थी। उस शिकायत के आधार पर विभागीय जांच हुई थी, जिसमें सड़क को पुनः भरवाकर पाइप डालने पर रोक लगाई गई थी। बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी ने भी स्पष्ट निर्देश दिए थे कि उस स्थान पर कोई पाइप नहीं डाला जाएगा।इसके बावजूद, संबंधित व्यक्तियों द्वारा शासनादेश की अवहेलना कर दोबारा सड़क काट दी गई। इससे न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है,
बल्कि ग्रामीणों की रोजमर्रा की आवाजाही भी बाधित हुई है। स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि आरोपित एक राजनीतिक दल के स्थानीय नेता का करीबी है, जिसके चलते वह प्रशासनिक निर्देशों को नजरअंदाज कर रहा है। किसानों ने बताया कि इसी तरह की हरकतों से पिछले साल भी दर्जनों किसानों की फसलें जलभराव में बर्बाद हो चुकी हैं।
किसानों ने प्रशासन से इस अवैध कार्य पर तुरंत रोक लगाने, दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने और कटी हुई सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।
उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे अपनी समस्या को लेकर मुख्यमंत्री जनता दरबार में जाएंगे।

# कुम्भी के ग्राम प्रधानों ने नवागत खंड विकास अधिकारी पर लगाये भ्रष्टाचार के आरोप




**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

गोला कुम्भी के दर्जनो ग्राम प्रधानो ने गोला के ब्लाक कुम्भी के कार्यालय मे ऐकत्रित होकर गोला ब्लाक प्रमुख विमल वर्मा की अगुवाई मे नवागत खंड विकास अधिकार सरद कुमार सिंह पर गंभीर भ्रस्टाचार के आरोप लगाते हुये लखीमपुर मुख्य विकास अधिकारी को भेजे गये सिकायती पत्र के माध्यम से बताया है कि खंड विकास अधिकारी सरद कुमार सिंह ने विगत मनरेगा (एफ टी ओ) वर्ष 2023,24,25 का का डाटा व फीडबैक मनमाने तरीके से कम्प्यूटर से डिलिट करा दिया है।
और अलग अलग ग्राम प्रधानो को अपने कार्यालय मे वुलाकर ग्राम पंचायत के अंतर्गत कराये जा रहे कामो का कमीशन मांग रहे है। जिससे परेशान होकर ब्लाक कुम्भी के अंतर्गत आने बाले सभी ग्राम प्रधानो ने ब्लाक प्रमुख विमल वर्मा की अगुवाई मे गोला के खंड विकास अधिकारी के कार्यालय के बाहर खड़ होकर उनके खिलाफ नारेबाजी करते हुये ब्लाक प्रमुख के माध्यम से लखीमपुर खीरी मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौप कर भृष्ट खंड अधिकारी के खिलाफ ज्ञापन सौप कर इस पर कार्रवाई की मांग की है।
इस दौरान तेन्दुहाई ग्राम प्रधान मनोज वर्मा, विलहरी ग्राम प्रधान अजमुद्दीन अंसारी, जौडैरा प्रधान संध्या आशीष मिश्र, रायपुर ग्राम प्रधान शहनाज सलीम अंसारी, देवकली ग्राम प्रधान राम सिंह, कोटवारा ग्राम प्रधान सुशील वर्मा, बेलबा ग्राम प्रधान श्याम देव वर्मा, हैदराबाद ग्राम प्रधान आजाद अली अंसारी,सहित तमाम ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# चीनी मिल खंभारखेड़ा व बजाज एनर्जी द्वारा संयुक्त रूप से परिसर में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

खंभारखेडा बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेड़ा व बजाज एनर्जी द्वारा संयुक्त रूप से परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
जिसका उद्घघाटन चीनी मिल के यूनिट हेड अवधेश गुप्ता व एनर्जी के युनिट हेड धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा किया। जिसमें अस्थिरोग चिकित्सक द्वारा कर्मचारियों अधिकारियों एवं महिलाओं का इलाज किया जा रहा है।




यह शिविर 13 जुलाई तक रहेगा।



इस अवसर पर चीनी मिल, एनर्जी व डिस्टलरी के कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए कैंप लगाया गया है।
कर्मचारी व उसका परिवार स्वस्थ रहें इसके लिए तीन चिकित्सकों की टीम जोधपुर राजस्थान से आयी है जो तीन दिन तक खंभारखेडा चीनी मिल प्रांगण में रह कर सभी का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी।
जोधपुर (राजस्थान) से आये डॉ योगेन्द्र सिंह ने बताया कि अस्थि चिकित्सा पद्धति शरीर की मांसपेशियों, हड्डियों और जोड़ो के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करती है। आस्टियोपैथी चिकित्सा में हाथों का उपयोग करके शरीर की मांसपेशियों में खिंचाव व दर्द से निदान मिलता है।
बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड खंभारखेडा द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रह कर समय समय पर इस तरह का आयोजन करता रहता है।
डा.गिरिराज पराशर, डा.देवेन्द्र सिंह कुंपावत, चीनी मिल के डा धर्मेन्द्र त्रिपाठी, डिस्टलरी हेड अतुल सिंह, केन हेड पी के ढाका, इंजीनियरिंग हेड ए पी सिंह, प्रोडक्शन हेड आशीष श्रीवास्तव,एच आर हेड राजेश दुबे, विक्रम जीत सिंह भोगल, अतीक अहमद उपस्थित रहे।

## सावन मास के चलते कंजा मन्दिर पर अनवरत रूप से चलने बाले भंडारे का पूर्व चेयरमैन ने किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्ण खीरी।** कन्जा बाबा देवस्थान परश्रावण मास में आयोजित भंडारे का शुभारंभ नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद किया। यह भंडारा श्रावण मास मे कन्जा बाबा के सेवादारों द्वाराचलाया जाता है। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं और कांवरियों को विशेष सुविधा प्राप्त होती है भोजन और ठहरने की व्यवस्था का समुचित प्रबंध किया जाता है। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने कन्जा बाबा के सेवादारों कोअपनी शुभकामनाएं दी और कहा इसी प्रकार से आप लोग सेवा करते रहे और जहां पर भी मेरे सहयोग की आवश्यकता हो उसके लिए मैं सदैव तत्पर हूं। भंडारा कार्यक्रम शुभारंभ के अवसर पर डॉक्टर कौशल वर्मा, अतुल अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, अवधेश जायसवाल, राजेश गुप्ता, गुड्डन भैया, राजेश शुक्ला, अरविंद गुप्ता, राम जी, अरविंद पांडेय, सुनील शुक्ला, अरुण कुमार सिंह, इस पुनीत अवसर पर अवसर परभारी संख्या में भक्ति गण उपस्थित रहे।

# सावन के पहले दिन सीएम योगी ने किया रुद्राभिषेक, समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



रुद्राभिषेक के बाद सीएम योगी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया। विधि विधान से पूर्ण हुए रुद्राभिषेक अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

सावन माह के पहले दिन मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार प्रातः काल रुद्राभिषेक व हवन किया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर उन्होंने भगवान भोले शंकर से चराचर जगत के कल्याण और सभी नागरिकों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

शुक्रवार प्रातः गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में सीएम योगी ने भगवान भोलेनाथ को विल्व पत्र, दुर्वा, मदार पत्र, कमल पुष्प समेत अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने के बाद जल, दूध और ऋतुफल के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत आचार्यगण एवं पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया।

रुद्राभिषेक के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया। विधि विधान से पूर्ण हुए रुद्राभिषेक अनुष्ठान के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में **जनता दर्शन** किया। इस दौरान उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि परेशान मत हों, आपकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में एक महिला इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई तो मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाज का इस्टीमेट मंगा लीजिए, सरकार भरपूर मदद करेगी।

मुख्यमंत्री शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

## पोखरी से मछली लेकर भागे चोर, एक पकड़ा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

थाना क्षेत्र के सिसई गांव में पट्टे की एक बड़ी पोखरी में छोड़ी गई 1.80 लाख रुपये की मछलियां चोर मार ले गए। पालक अनिल यादव का कहना है कि बुधवार आधी रात में पोखरी पर जाने के दौरान वहां पांच व्यक्तियों को जाल से मछली मारते रंगेहाथ पकड़ लिया था, लेकिन अंधेरे का लाभ उठाते हुए चार भाग निकले। एक चोर की पहचान हो गई है। पीड़ित ने मौके पर पुलिस भी बुलाया था। आरोप है कि चार-पांच दिनों से लगातार रात में चोर मछलियां मार रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिसई गांव निवासी धर्मेंद्र भारती के नाम से गांव के छठ घाट के पास स्थित तीन एकड़ में फैली पोखरी का पट्टा हुआ है। इसमें धर्मेंद्र भारती और गांव निवासी अनिल कुमार यादव मिलकर मछली पाले हुए हैं। अनिल का कहना है कि बुधवार रात साढ़े बारह बजे पोखरी के पास पहुंचा तो देखा पांच लोग जाल लेकर पोखरी में मछली मारते दिखाई पड़े। उन सबको दौड़ाने पर चार तो मछली लेकर भाग निकले। मगर एक पकड़ में आ गया। उसकी पहचान हो गई है।

# सीडीओ ने विकास भवन में मारा छापा, 12 कर्मचारी मिले अनुपस्थित



**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी ने शुक्रवार को सुबह विकास भवन में मौजूद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में 12 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। सभी 12 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोका गया है। साथ ही स्पष्टीकरण भी मांगा है।

उधर, सीडीओ ने आईजीआरएस पोर्टल की भी जांच की। जांच में जीओ का उलंघन पाया गया। अधिकारी कई शिकायतों का निस्तारण न कर क्लोज रिपोर्ट लगा कर, शासन को शिकायत ट्रांसफर कर रहे थे। साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल की शिकायत का भी ये ही हाल था। इस पर कई विभागों के विभागाध्यक्ष का स्पष्टीकरण किया गया है।

# तालाब में मिली युवती की लाश...पिता बोले- माता-पिता के विवाद के बाद कर ली खुदकुशी

**जटहां बाजार थाना क्षेत्र के पड़रही गांव का मामला, पुलिस से बचने के तालाब में फेंकी लाश**

- मौके पर पहुंची फारेंसिक ने जांच के जुटाया साक्ष्य, पिता की कहानी को संदिग्ध मान रही पुलिस

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

### खुदकुशी की पुलिस को नहीं दी जानकारी

घर में विवाद के बाद युवती ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ये बात पुलिस और ग्रामीणों के गले से नीचे नहीं उतर रही है। लोगों का कहना है कि अगर युवती ने आत्महत्या कर लिया तो तत्काल पुलिस को सूचना दी जानी चाहिए थी, लेकिन घरवालों ने लाश को तालाब में फेंक दिया। यह जांच का विषय है।

जटहां बाजार क्षेत्र के पड़रही गांव के पास तालाब में बृहस्पतिवार को सुबह युवती की लाश मिली। ग्रामीणों ने देखकर इसकी सूचना चौकीदार को दी। चौकीदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को तालाब से बाहर निकलवाया। उसकी पहचान धनहा निवासी रमाशंकर कुशवाहा की बेटी मिंता (20) के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ में युवती के पिता ने बताया कि बुधवार की रात को पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। बेटी ही बीच बचाव कर कमरे में गई और खुदकुशी कर ली। डर की वजह से उन्होंने इसकी लाश तालाब में फेंक दी। पुलिस बयान को संदिग्ध मानकर अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी। धनहा निवासी रमाशंकर कुशवाहा व उनकी पत्नी सुमित्रा देवी से किसी बात को लेकर बुधवार की रात करीब 11 बजे कहा सुनी होने लगी। इस दौरान उनकी बीस वर्षीय बेटी मिंता मां का पक्ष लेती हुई पिता से उलझ गई। मारपीट के बाद वह घर के कमरे में चली गई द्य पिता ने बताया कि कमरे में जाकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के डर से परिवार माता-पिता के साथ युवती के छोटे भाई ने मिलकर उसकी लाश गांव के बाहर तालाब में लाकर फेंक दी। सुबह करीब नौ बजे गांव वालों ने तालाब में लाश को देखकर इसकी सूचना चौकीदार को दी। पुलिस के पहुंचने के कुछ देर बाद फॉरेंसिक टीम पहुंची और जांच के लिए साक्ष्य इकट्ठा किए। गांव में इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर मामले की जांच कर रही है। जटहां बाजार थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि पिता ने पूछताछ में बेटी की खुदकुशी की बात बताई कही है।

## लगते ही जला ट्रांसफॉर्मर, लोगों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

विशुनपुरा ब्लॉक के ढोरही गांव में सोमवार की देर रात 10 केवीए का ट्रांसफॉर्मर अचानक जल गया, जिसके बाद करीब 35 घरों में अंधेरा छा गया। उपभोक्ताओं के शिकायत के बाद बुधवार की देर शाम को मरम्मत कराकर ट्रांसफॉर्मर लगवाया गया। वो भी जल गया। बृहस्पतिवार की सुबह उपभोक्ताओं ने गांव में बिजली निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। सदर विधायक से मिलकर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि कराने की मांग की। कोटवा बिजली घर से ढोरही गांव में बिजली की आपूर्ति होती है। सोमवार की रात को अचानक ओवरलोड के कारण ट्रांसफॉर्मर जल गया। 10 केवीए के ट्रांसफॉर्मर से करीब 35 घरों में बिजली आपूर्ति की जाती है। उपभोक्ताओं की शिकायत पर बिजली निगम ने मरम्मत कर ट्रांसफॉर्मर को बुधवार की देर शाम लगवाकर आपूर्ति बहाल कराई, लेकिन कुछ देर बाद वो भी जल गया।

# बीआरडी मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में जूनियर डॉक्टर ने की खुदकुशी, पीजी का छात्र था मृतक

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

एनेस्थीसिया विभाग में डॉ. अभीशू पीजी का छात्र था। वह मूलरूप से केरल का रहने वाला था। तीन महीने पहले ही उसी शादी हुई थी।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार की सुबह एक जूनियर डॉक्टर का शव हॉस्टल के कमरे में मिला। आशंका जताई जा रही है कि उसने इंजेक्शन लगाकर खुदकुशी की है। गुलरिहा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

जानकारी के मुताबिक, एनेस्थीसिया विभाग में डॉ. अभीशू पीजी का छात्र था। वह मूलरूप से केरल का रहने वाला था। तीन महीने पहले ही उसी शादी हुई थी। शुक्रवार की सुबह हॉस्टल के ग्राउंड फ्लोर के रूम नंबर 25 में उसका शव मिला। उसने इंजेक्शन लगाकर खुदकुशी कर ली।




# नवजात शिशु को नोच रहे थे कुत्ते, अनचाहा गर्भ या कुछ और...?

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**




गोरखपुर जिले के गगहा क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई जहाँ एक नवजात शिशु को आवारा कुत्ता नोच रहा था। हाटा बाजार निवासी ताहिर ने पुलिस को सूचित किया। उनकी बेटी ने कुत्ते को बच्चे को नोचते देखा था। पुलिस ने शिशु के शव को कब्जे में लेकर जाँच शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुँचकर पड़ताल कर रही है।

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक नवजात बच्चे को कुत्ता नोच रहा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। लोगों को अनचाहे गर्भ के बाद बच्चे को फेंकने की आशंका है।

गगहा क्षेत्र के हाटा बाजार निवासी ताहिर ने थाना प्रभारी गगहा को तहरीर देते हुए बताया कि आज सुबह करीब 6 बजे मेरी बेटी तंजिला खातून घर के हाते में साफ-सफाई कर रही थी। इसी दौरान उसने देखा कि एक आवारा कुत्ता नवजात शिशु को लाकर हाते में नोच रहा था। तंजिला ने तुरंत अपने पिता ताहिर को सूचना दी। ताहिर ने कुत्ते को भगाया और शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए।

ताहिर ने तुरंत पीआरवी 112 और थाना प्रभारी गगहा को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और थाना प्रभारी ने नवजात शिशु के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। नवजात शिशु की उम्र करीब तीन से पांच दिन बताई जा रही है।

मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी गगहा सुशील कुमार ने बताया कि चौराहे पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जाएगा और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही इस मामले का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

## बिना मान्यता मिले तीन स्कूल और दो कोचिंग सेंटर, नोटिस

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ओझा ने गैर मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों व कोचिंग सेंटरों की जांच की। इस दौरान बिना मान्यता के संचालित हो रहे तीन स्कूलों व दो कोचिंग सेंटरों को बंद करने की नोटिस दी गई। बीईओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एलआरडी पब्लिक स्कूल बसंतपुर धूसी, जीनस एंड मेरी कांवेंट स्कूल कोटवा, आईडीएल एकेडमी तरकुलवा बिना मान्यता के ही कक्षा एक से आठ तक स्कूल संचालित हो रहा था। जबकि बिना किसी आदेश व मान्यता के आरके कोचिंग सेंटर कोटवा, ऑक्सफोर्ड कोचिंग सेंटर वृंदावन में कक्षा एक से हाईस्कूल तक की कक्षाओं का संचालन हो रहा था। मान्यता के कागजात मांगे जाने पर संचालकों ने उपलब्ध नहीं कराया।

# बनकटा से देवरिया के लिए बसें नहीं, निजी वाहन ही सहारा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



क्षेत्र की लगभग दो लाख से अधिक की आबादी यातायात सुविधाओं की अनुपलब्धता से जूझ रही है। साधनों की समुचित सुविधा नहीं होने से बनकटा, रामपुर बुजुर्ग, प्रतापपुर, हरेराम चौराहा, सोहनपुर, अकटही से जिला मुख्यालय जाने वाले यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लोगों को आटो, टेम्पो अथवा निजी वाहनों का सहारा लेकर यात्रा पूरी करनी पड़ती है। इसके कारण लोगों का समय व धन दोनों अधिक खर्च होता है।

क्षेत्र से जिला मुख्यालय की दूरी लगभग 50 किमी है। वहीं जिला मुख्यालय पर जाने के लिए परिवहन निगम की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं है। क्षेत्र के अहिरौली बघेल निवासी एवं आरटीआई कार्यकर्ता ने कुछ दिनों पूर्व आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराते हुए क्षेत्र से जिला मुख्यालय को जाने के लिए यात्री बस चलाने की मांग की थी।

शिकायत पर कुछ दिनों तक प्रतापपुर से देवरिया के लिए एक यात्री बस चलाई गई, बाद में उसका संचालन भी बंद कर दिया गया। ऐसे में यात्रियों के लिए परिवहन निगम की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं होने से जिला मुख्यालय जाने के लिए मजबूरी में निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है।

अहिरौली बघेल निवासी आंनद सिंह ने कहा कि उनके मांग पर मात्र दो दिन यात्री बस का संचालन किया गया उसके बाद बंद कर दिया गया है। पुनः संचालन के लिए वह मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग करेंगे। पचरुखिया गांव के निवासी रामाश्रय यादव ने कहा कि मरीज अथवा महिलाओं को जिला मुख्यालय जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बंजरिया गांव के विकास पांडेय ने कहा कि रिजर्व गाड़ी अथवा निजी वाहन से जाने पर दोगुना व्यय होता है और समय की बर्बादी भी होती है। सरकार को परिवहन की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए।

# बिजली कटौती से हाल-बेहाल, गर्मी में करवटें बदलते गुजर रही रात

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

क्षेत्र में बुधवार की रात हुई हल्की बूंदाबांदी के बाद बिजली विभाग ने एहतियात के नाम पर दो फीडरों की आपूर्ति बंद कर दी। इससे करीब सौ गांवों में पूरी रात बिजली नहीं रही। इसके चलते उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल रहे।

बृहस्पतिवार सुबह करीब आठ बजे बिजली आने पर लोगों ने राहत की सांस ली। विद्युत निगम के इस लापरवाही से लोगों में नाराजगी है। भटनी क्षेत्र में बिजली कटौती और लो वोल्टेज से लोग परेशान है। दिन भर की ट्रिपिंग और पूरी रात बिजली कटौती से लोगों का धैर्य जवाब देने लगा है। आलम यह है कि हल्की हवा और बारिश से घंटों बिजली काट दी जाती है। इसके बाद अधिकारी व अन्य विद्युत कर्मी मोबाइल स्विच ऑफ कर लेते है।

बुधवार की रात करीब नौ बजे हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। इसके चलते विद्युत निगम के जिम्मेदारों ने देहात और बलुआ अफगान फीडर की आपूर्ति बंद कर दी। इससे इन फीडरों से जुड़े करीब सौ गांवों में अंधेरा छा गया। बुधवार की रात करीब नौ बजे हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। इसके चलते विद्युत निगम के जिम्मेदारों ने देहात और बलुआ अफगान फीडर की आपूर्ति बंद कर दी। इससे इन फीडरों से जुड़े करीब सौ गांवों में अंधेरा छा गया।

बिजली आपूर्ति ठप होने से न सिर्फ घरेलू कार्य प्रभावित हुए, बल्कि इन्वर्टर और मोटर भी जवाब दे गए। उमस भरी गर्मी में लोग रातभर सो नही पाए। लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि हल्की बूंदाबांदी में आपूर्ति बंद कर देना आम बात हो गई है। ग्रामीणों ने मांग की कि बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और मामूली मौसम परिवर्तन में बिजली कटौती की आदत पर रोक लगाई जाए। अवर अभियंता प्रमोद कुमार ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण कई जगहों पर हाईटेंशन तार से पेड़ की डालियां सटने से आपूर्ति बाधित हो गई थी। पेट्रोलिंग के बाद बृहस्पतिवार सुबह आपूर्ति बहाल कराया गया।

## हादसे में हुई दो मौतों के मामले में केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों पर वाहन दुर्घटना में हुई मौतों के मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को केस दर्ज कर लिया है। कोठिलवा गांव के हरिश्चंद्र यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा है कि 7 जून को उनका सात वर्षीय पुत्र अभिनव कुमार दरवाजे पर खेल रहा था। उसी समय गांव के विमलेश गुप्ता के लापरवाही पूर्वक तेज गति से बाइक चलाने से उनका पुत्र चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में इलाज के दौरान 19 जून को उसकी मौत हो गई थी। दूसरी दुर्घटना में चंदाचक गांव की मनोज देवी दर्ज प्राथमिकी में कही है कि उनके पति संतोष फफेलिया मोड़ से पैदल घर आ रहे थे। तभी वे एक अनियंत्रित बाइक सवार ने उन्हें ठोकर मार दिया।

# क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

- पंजाब नेशनल बैंक ने 16 किसानो को 1 करोड़ 25 लाख का ऋण स्वीकृत पत्र प्रदान किया
- सरकार एवं बैंकों की संयुक्त पहल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही मजबूती: शैलेन्द्र गौतम, एसडीएम

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




पंजाब नेशनल बैंक द्वारा सदर ब्लॉक परिसर में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार गौतम, विशिष्ट अतिथि के रूप में लीड जिला प्रबंधक भूपेंद्र मिश्र तथा विशेष उपस्थिति में पंजाब नेशनल बैंक, अंचल कार्यालय लखनऊ से सहायक महाप्रबंधक मनीष जैन रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करना तथा आम नागरिकों, किसानों, स्वयं सहायता समूहों एवं छोटे उद्यमियों को बैंकिंग ऋण योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि शैलेंद्र कुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार एवं बैंकों की संयुक्त पहल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। उन्होंने उपस्थित जनता से इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने का आग्रह किया।

सहायक महाप्रबंधक, पीएनबी जोनल ऑफिस लखनऊ ने बैंक की ऋण योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि बैंक ग्राहक केंद्रित सेवाओं और त्वरित ऋण प्रक्रिया के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुंचने का प्रयास कर रहा है। लीड जिला प्रबंधक भूपेंद्र मिश्र ने वित्तीय समावेशन की दिशा में चल रही विभिन्न पहलों की जानकारी दी तथा जनसामान्य को बैंकिंग प्रणाली से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभार्थियों, बैंक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने बैंक की इस पहल की सराहना की और इसे ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर 16 किसानो को रूपये 1.25 करोड़ का ऋण स्वीकृत पत्र प्रदान किया गया।

# पानी को खतौनी में फर्जी तरीके से कर्बला की बताने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के कोतवाली नगर पुलिस ने शुक्रवार को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पानी को खतौनी में कर्बला की जमीन बता कर हड़पने की नियत से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उच्च न्यायालय में रिट दाखिल करने वाले अभियुक्त को कोतवाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 11 जुलाई को प्रेस वार्ता में बताया कि बच्चा राम लेखपाल सदर तहसील बलरामपुर द्वारा दिनांक 17-18 अप्रैल 2025 की रात्रि थाना कोतवाली नगर में तहरीर दिया कि सुन्नी वक्फ बोर्ड कर्बला तहफुज कमेटी बलरामपुर के सचिव सैय्यद उर्फ़ सईद अहमद खान पुत्र गुलाम मोहम्मद खान द्वारा उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ में दाखिल याचिका वक्फ वोर्ड कर्बला कमेटी बनाम उ0प्र0 राज्य में संलग्न खतौनी 1402 फ की छाया प्रति में हेरा फेरी कर, कूट रचना कर कर्बला शब्द बढ़ा दिया है, जबकि वास्तविक खतौनी में खातेदार के कॉलम में पानी दर्ज है, कर्बला शब्द अंकित नहीं है, जिसके संबंध में थाना कोतवाली नगर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई 2025 को अभियुक्त सैय्यद उर्फ़ सईद अहमद खान पुत्र गुलाम मोहम्मद खान ( सचिव सुन्नी वक्फ बोर्ड कर्बला तहफुज कमेटी) निवासी मोहल्ला गदुरहवा उत्तरी थाना कोतवाली नगर जनपद बलरामपुर वर्तमान पता 529/425 मोहल्ला नई बस्ती रहीम नगर थाना महानगर जनपद लखनऊ संबंधित मुकदमा के संदर्भ में नई बस्ती रहीम नगर थाना महानगर जनपद लखनऊ से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि जमीन के सम्बन्ध में हम मुस्लिम लोगों में चर्चा थी कि इस जमीन को कैसे भी कर्बला साबित कर अपना बनाना है कहीं जमीन हाथ से न निकल जाये। सुन्नी वक्फ बोर्ड कर्बला तहफुज कमेटी बलरामपुर का सचिव होने के नाते मेरे द्वारा उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ में याचिका दायर किया था । जिसमें मेरे द्वारा उस जमीन के कागजात में हेराफेरी कर याचिका में संलग्न किया गया था। गिरफ्तारी कर्ता टीम में उप निरीक्षक नन्द केश तिवारी, का0 विनीत कुमार, का0 शुभम तिवारी तथा म0का0 पूजा भारती शामिल हैं।

## छात्रों ने बाबे सैयद गेट बंद कर किया हंगामा

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

एएमयू के छात्रों ने बाबे सैयद गेट बंद कर हंगामा करना शुरू कर दिया है। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ने पहले तो 40 फीसदी से कम हाजिरी पर छात्रों को परीक्षा दिला दी, पर अब अंक पत्र देने से इंकार कर दिया। अंक पत्र न मिलने को लेकर एएमयू के छात्रों ने बाबे सैयद गेट को बंद कर जमकर हंगामा किया। इंतजामिया से जुड़े लोगों का कहना है कि जिन विद्यार्थियों की 40 फीसदी से कम हाजिरी है उन्हें बता दिया गया था कि अंक पत्र नहीं दिया जाएगा।स्नातक के विद्यार्थियों के अंक पत्र को 40 फीसदी से कम हाजिरी होने के चलते इंतजामिया ने रोक लिया है। इसके विरोध में छात्रों ने बाबे सैयद को बंद कर दिया है। छात्रों का कहना है कि जब उनकी हाजिरी 40 फीसदी से कम थी तो उन्हें परीक्षा क्यों देने दिया गया। उधर इंतजामिया से जुड़े लोगों का कहना है कि जिन विद्यार्थियों की 40 फीसदी से कम हाजिरी है उन्हें बता दिया गया था कि अंक पत्र नहीं दिया जाएगा।

# संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के लिए सनातन जागृति मंच ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पड़ोसी राष्ट्र नेपाल सीमा से सटे जनपदों में विदेशी फंडिंग, घुसपैठ व अन्य राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के संचालन रोकने व इनमें लिप्त संगठनों व व्यक्तियों पर कड़ी कार्यवाही किए जाने को लेकर शुक्रवार को सनातन जागृति मंच ने दिलीप गुप्ता की अगुवाई में मुख्यमंत्री को सम्बोधित चार सूत्रीय मांग पत्र उप जिलाधिकारी राकेश कुमार को सौंपा।

संयोजक दिलीप गुप्ता ने 11 जुलाई को बताया कि उतरौला क्षेत्र में विदेशी फंडिंग की मदद से धर्मांतरण जैसे अवैध कार्यों में लिप्त जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी पत्नी नीतू उर्फ नसरीन इसका ज्वलन्त उदाहरण हैं। इसी क्षेत्र में कुछ वर्ष पूर्व एक आतंकी भी पकड़ा जा चुका है यह क्षेत्र पूरी तरह से राष्ट्र विरोधी तत्वों से भरा हुआ हैं, जिनमे असंख्य रूप से बने मदरसों के भी विदेशी चंदे के कारण इस तरह के कार्यों में लिप्त हैं। हिन्दू धार्मिक पर्वो पर स्थानीय अभिसूचना इकाई व इंटलीजेंस ब्यूरो समेत अनेकों खुफिया यंत्र पूरी तरह से सक्रिय रहते है किंतु चिंता की बात है कि विदेशी धन से मतांतरण के इतने बड़े नेटवर्क का संचालन हो रहा था और खुफिया तंत्र को भनक तक नहीं लगी, इसे भी जांच के दायरे में लाना चाहिए। सीमावर्ती जिलों के साथ पूरे प्रदेश में सभी गैर सरकारी संस्थाओं के विदेशी फंडिंग की जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की संपत्तियों में हाल के वर्षों में अकूत बढोत्तरी हुई है व नव धनाढ्यों, अधिकारियों एवं राजनीति से जुड़े व्यक्ति जो निजी लाभ के लिए राष्ट्र विरोधी कृत्यों से अनजान बने रहे या उनका मौन समर्थन मिल रहा था उन सभी की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम में और भी कड़े प्रावधान किए जाएं। इस अवसर पर प्रदीप गुप्ता, मिथलेश गिरी, शिव दयाल कौशल, पवन गुप्ता, अशोक सोनी, उमाशंकर, विकास सोनी, शुभम पांडे, रवि, प्रदीप मणि, राधेश्याम कौशल, मनोज सोनी, मोहित शर्मा, संतोष जायसवाल, सुरेंद्र जायसवाल, शुभम पांडेय, अखिलेश पांडेय, अशोक सोनी, राजू गुप्ता, शिव दयाल कौशल, सभाजीत शुक्ल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के तहसील मुख्यालय तुलसीपुर में शुक्रवार को जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा करियर काउंसलिंग एग्जाम का आयोजन किया गया ? ।

जानकारी के अनुसार 10 जुलाई को जिला सेवा योजन कार्यालय बलरामपुर की ओर से आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल के 11वीं एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार। कार्यशाला के उद्देश्य छात्रों को वर्तमान समय में शिक्षा एवं रोजगार के बदलते परिदृश्य में उपलब्ध नवीन विकल्पों से परिचित कराना था। जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता द्वारा छात्र-छात्राओं को रोजगार के क्षेत्र में उपलब्ध नए अवसरों तथा आवश्यक कौशल प्राप्त करने के लिए विषय में विस्तार से बताया गया । इसके अतिरिक्त एमएलके पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डा.शिवानंद पांडे द्वारा भी छात्र-छात्राओं को समय का सदुपयोग अनुशासित रहने एवं स्वाध्याय के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर डीपी सिंह एवं अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# गुरु पूर्णिमा के दूसरे दिन देवीपाटन मंदिर पर मनाया गया गुरु पर्व

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर/बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में शुक्रवार को गुरुपर्व मनाया गया है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा के अगले दिन गुरु पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ परंपरा का निर्वहन किया गया। प्रातः काल से ही गुरु पर्व पूजन के लिए साधु संतो सहित बड़ी संख्या शिष्य एवं भक्तगण मंदिर देवीपाटन में पहुंचे।

जानकारी के अनुसार 11 जुलाई को देवीपाटन पीठाधीश्वर मिथिलेश नाथ योगी ने परंपरागत तरीके वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सर्वप्रथम गुरु पीठ का पूजन किया। मां पाटेश्वरी का पूजन कर देश वासियों प्रदेश वासियों के सुख शांति समृद्धि की कामना किया। मां पाटेश्वरी के पूजन के बाद देवीपाटन मंदिर पहुंचे संतों शिष्यों एवं भक्तगणों ने परंपरा के अनुसार गुरु को पुष्प, फूलमाला दक्षिणा अर्पित कर पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर सेवादार अरुण गुप्ता ने बताया कि देवीपाटन मंदिर में गुरु पूर्णिमा के दूसरे दिन गुरु पूजन की परंपरा सदियों से चली आ रही है। गुरु पर्व के इस अवसर पर मंदिर पर शिष्यों एवं भक्तों की भारी भीड़ देखते हुए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। प्रशासन ने बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की थी ताकि भीड़ को व्यवस्थित रखा जा सके। गुरु पर्व के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर बृजनंदन राय, उपजिलाधिकारी तुलसीपुर, मंदिर चौकी प्रभारी,भाजपा नेता विजय सिंह,राम प्रसाद सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की, नगर पंचायत तुलसीपुर अधिशासी अधिकारी प्रवीण दूबे, नगर पंचायत अध्यक्ष पचपेड़वा रवि वर्मा, प्रधानाचार्य डॉ डीपी सिंह, मंदिर पुरोहित मातेश्वरी प्रसाद त्रिपाठी, मंदिर सेवादार अरुण गुप्ता, आलोक गुप्ता, श्याम तिवारी सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में शुक्रवार को गुरू पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 11 जुलाई को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में 'गुरू पूर्णिमा' पर्व मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी नें बच्चों को बताया कि हमारे देश में गुरूओं का बहुत सम्मान किया जाता है। क्योंकि एक गुरू ही है जो अपने शिष्य को गलत मार्ग से हटाकर सही रास्ते पर लाता है। इस दिन इस पर्व को मनाने के पीछे का एक कारण ये भी माना जाता है कि इस दिन महान गुरू महर्षि वेदव्यास जिन्होनें ब्रह्मसूत्र, महाभारत, श्रीमद्भागवत और अठ्ठारह पुराण जैसे अद्भुत साहित्यों की रचना की। इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म भी हुआ था। शास्त्रों मे आषाढ़ी पूर्णिमा को वेदव्यास का जन्म समय माना जाता है। इसलिए आषाढ़ पूर्णिमा के दिन गुरू पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। गुरू के बिना एक शिष्य के जीवन का कोई अर्थ नहीं है। रामायण काल से लेकर महाभारत काल तक गुरू का स्थान सबसे महत्वपूर्ण और सर्वोच्च रहा है। गुरू की महत्ता को देखते हुए ही महान संत कबीरदास जी ने लिखा है-'गुरू गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाये, बलिहारी गुरू आपे गोविंद दियो मिलाये।'

यानि एक गुरू का स्थान भगवान से भी कई गुना ज्यादा बड़ा होता है। इस दिन सभी शिष्य अपने-अपने गुरूओं का आशीर्वाद लेतें हैं और उन्होंने अब तक जो कुछ भी दिया है उसके लिए धन्यवाद करते है। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुरू वन्दना के अन्तर्गत समूह नृत्य गीत-गुरू ब्रह्मा, गुरू विष्णु गुरू देव महेश्वरा नामक गीत पर हलाता, काव्या, मिसिका, परिधि, आराध्या, अनुष्का एवं जयश नें बहुत ही मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करके गुरू की महिमा का वर्णन किया। साथ ही इस अवसर पर सभी अध्यापक/ अध्यापिकाओं का छात्र-छात्राओं ने उनका सम्मान करते हुए आरती की थाल सजाकर उनकी आरती उतारी। अंत में प्रबन्ध निदेशक डॉक्टर तिवारी ने गुरू के महिमा के बारे में वर्णन किया तथा छात्र-छात्राओं को बताया कि हमें अपने गुरू का सदैव आदर व सम्मान करना चाहिए एवं उनके बताये हुए रास्तों पर चलना चाहिए। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

## बेटे ने पत्नी के साथ की सारी हदें पार की

**आगरा।** थाना एमएम गेट क्षेत्र के शीतला गली निवासी और पूर्व पार्षद शिरोमणि सिंह के पुत्र डॉ. प्रदीप बघेल पर उसकी दूसरी पत्नी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्नी ऊषा बघेल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर खुद को बचाने की अपील की। उसने दावा किया कि उसे कमरे में कैद कर भूखा रखा गया और लगातार प्रताड़ित किया गया। ऊषा के भाई ने मौके पर पहुंचकर उसे छुड़ाया और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। ऊषा, जो हाथरस के नगला कृपा गांव की निवासी है, उन्होंने बताया कि उसकी शादी 2015 में प्रदीप से हुई थी। उनके नौ साल का बेटा भी है। आरोप है कि पति का किसी अन्य महिला से संबंध है और वह अक्सर मारपीट करता है। ससुराल वाले भी उसका साथ देते हैं। मेडिकल परीक्षण में ऊषा के गले, आंख और पेट पर चोट के निशान मिले। ऊषा का कहना है कि उसे जान से मारने की धमकी दी गई है। इससे पहले प्रदीप की पहली पत्नी अंजलि की मौत के मामले में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें वह और उसका परिवार जेल भी गया था।

# दर्दनाक : मीटर में करंट से हुई युवक की मौत

### परिजनों का आरोप कि बिजली विभाग मौत का जिम्मेदार

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

मलपुरा क्षेत्र के धनौली में बिजली कंपनी की लापरवाही से एक युवक की जान चली गई। परिजनों में शोक लहर है। उनका कहना है कि दोषी बिजलीकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। मृतक की पहचान शनि पुत्र रमाकांत के रूप में हुई है।

घटना देर रात की है। शनि किसी काम से घर से बाहर निकला था। उस समय तेज बारिश हो रही थी और गलियों में पानी भरा हुआ था। अचानक पैर फिसलने से शनि का हाथ बिजली मीटर से टकरा गया। इससे उसे करंट लग गया। परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि बिजली कंपनी ने दो दिन पहले ही बिल जमा होने के बाद कनेक्शन जोड़ा था। लेकिन तारों पर टेपिंग नहीं की गई थी। खुले तारों की वजह से यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही थाना मलपुरा प्रभारी पवन कुमार सैनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**ट्रांस यमुना कालोनी में सड़क पर फैला करंट**

लगातार बारिश के बीच में ट्रांस यमुना कॉलोनी बी ब्लॉक में उस समय बड़ा हादसा बाल-बाल बच गया, जब यहां तार टूटकर गिरने से सड़क पर करंट फैल गया। ट्रांस यमुना कॉलोनी के बी ब्लॉक बाल विहार पार्क में परवेज नाम के व्यक्ति द्वारा हरियाली तीज के त्योहार के लिए झूले लगाए गए हैं। उस व्यक्ति का कहना है कि 31 दिन की परमिशन लेकर आया है। झूले लगाने के साथ परवेज ने कॉलोनी में झालर और लाइटिंग की। बुधवार तेज बारिश के बाद रात को सी ब्लॉक भारद्वाज चौराहे के पास लाइटिंग का तार टूटकर सड़क पर गिर गया। तार जगह-जगह से कटा हुआ था। इसमें करंट दौड़ रहा था। मोहल्ले वालों का कहना है कि ठेकेदार काम में लापरवाही कर रहा है। आसपास से लोग गुजर रहे थे। गाय भी घूम रही थीं। कई घंटों तक बारिश के बीच करंट वाला तार सड़क पर पड़ा रहा। इसके बाद लोगों ने बाल विहार पार्क में लाइटिंग कर रहे लोगों से इसकी शिकायत की। लोगों का कहना था कि तार के चलते रात में कोई हादसा हो सकता है। किसी राहगीर या जानवर को करंट लग सकता है। मगर, शिकायत के बाद भी तार को नहीं हटाया गया। पूरे मेले की बिजली के लिए ठेकेदार ने घर के सामने पेड़ पर बिजली के करंट वाले कटे तारों को बांध दिया है। वहां दिनभर बच्चे खेलते हैं। कभी भी हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वो सालों से यहां रह रहे हैं, लेकिन पहले कभी 31 दिन का कोई आयोजन नहीं हुआ।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

पत्नी के एक अन्य व्यक्ति के साथ संबंधों का विरोध करना पति को भारी पड़ गया। उसे अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। थाना बरला थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला कोठी की घटना सामने आई है। दिल्ली में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने वाले 32 वर्षीय सुरेश को अपनी पत्नी के किसी व्यक्ति के साथ संबंध का पता चला। उसने पत्नी के प्रेम प्रसंग का विरोध किया। पत्नी को यह बुरा लगा। उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति के ऊपर गोलियां चलवा दीं। प्रेमी ने सुरेश की हत्या कर दी। प्रेमी संग मिलकर पति की गोली मारकर हत्या करा दी। हत्यारा प्रेमी हत्या कर थाने पहुंच गया। पुलिस ने पत्नी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एसपी ग्रामीण अमृत जैन ने बताया कि मृतक की पत्नी का प्रेम प्रसंग करीब 7-8 साल से गांव के ही एक व्यक्ति से था।गांव के लोगों ने भी इन्हें कई बार होटल आदि में पकड़ा गया था, जिस कारण से इनका विवाद भी चल रहा था।मृतक की पत्नी ने ही अपने प्रेमी को तमंचा उपलब्ध कराया था।उसके प्रेमी ने उसके पति की गोली मारकर हत्या कर दी।

प्रेमी ने विरोध में सुरेश के भाई पर भी हमला किया। उसके चेहरे और शरीर पर छर्रे लगे। वह बाल-बाल बच गया। हत्या कर प्रेमी स्वयं बरला थाने पहुंच गया। पुलिस ने मामले मे हत्यारोपी और मृतक की पत्नी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मृतक सुरेश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक की पत्नी द्वारा अपने प्रेमी को तमंचा उपलब्ध कराया गया। उसके प्रेमी द्वारा उसके पति की गोली मारकर हत्या कर दी गई।मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी को हिरासत में ले लिया गया है।पूछताछ व अन्य साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# कांग्रेस कार्यालय पर रेप का आरोपी गिरफ्तार

### घर पर भी कर लिया था कब्जा, धर्म परिवर्तन का डालता था दबाव

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

■ पुलिस का दावा, अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज हैं आधा दर्जन मुकदमे

एक अधिवक्ता ने अपनी महिला क्लाइंट को पिस्टल दिखाकर कांग्रेस कार्यालय में कथित रूप से बलात्कार किया। आरोपी अधिवक्ता कांग्रेस नेता जलालुद्दीन है। पीड़िता की शिकायत पर पिछले दिनों अभियोग पंजीकृत हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना शाहगंज क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित महिला ने बताया कि उसका भाइयों से उसका विवाद चल रहा था। साल 2019 में न्याय के लिए उसने दीवानी कचहरी स्थित अधिवक्ता जलालुद्दीन से मुलाकात हुई। उसने भरोसा दिलाया कि वो उनको न्याय दिलाएगा। केस के सिलसिले में उसका घर पर आना-जाना शुरू हो गया। एक दिन वह उसके घर पहुंचा था। पीड़िता की तबियत खराब थी। आरोपी ने हमदर्दी दिखाते हुए उसे दवा दिलाने की बात कही और उसे अपने साथ एमजी रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय ले गया। जहां उसके साथ पिस्टल की नोंक पर रेप किया।

साथ ही धमकी भी दी किसी को बताया तो उसे बदनाम कर देगा। अपनी ऊंची पहुंच बताकर डराया-धमकाया। उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। पीड़ित ने बताया कि उसके पति विकलांग हैं और गुजरात में रहते हैं। शाहगंज में वह अपनी बेटी और मां के साथ रहती है। इसका फायदा उठाकर वह घर में आने लगा। घर में जब कोई नहीं होता तो वह उसके साथ रेप करता। पीड़िता ने बताया उसकी मां की मौत के बाद उसकी हिम्मत इतनी बढ़ गई कि उसके घर पर ही कब्जा जमा लिया। वह घर में ही नमाज पढ़ता था। उससे रोजे रखवाता था। उससे निकाह करने और धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाता था। पीड़िता ने जब विरोध किया तो उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। पीड़िता ने बताया कि बदनामी के डर से वो सब कुछ चुपचाप सहन कर रही थीं। वो आरोपी से इतना डरी हुई थीं कि अपने घर पर बाहर से ताला डालकर अंदर बंद रहती थीं। आरोपी घर पर आकर जोर-जोर से दरवाजा पीटता था। जब उनकी बेटी के एग्जाम थे तो उन्होंने 15 दिन होटल में रहकर बेटी को एग्जाम दिलाए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली थी। एसीपी मयंक तिवारी ने बताया कि आरोपी जलालउद्दीन को शाहगंज पुलिस ने जीआईसी के पास से गिरफ्तार किया है। उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपी पर आगरा के अलग-अलग थानों में 12 मुकदमे दर्ज हैं।

# इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग करें लोग : एमएलसी

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अतरौली नगर के रामघाट कल्याण मार्ग पर ठाकुर बाबा मंदिर के निकट साईं धाम कॉलोनी में गुरूवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मा0 विधान परिषद सदस्य चौधरी ऋषिपाल सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है जब लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करना चाहिए। वाहन की खरीद पर सरकार रजिस्ट्रेशन आदि पर भारी छूट दे रही है। इलेक्ट्रिक वाहन लोगों की जेब का खर्च तो बचाएगा ही साथ ही पर्यावरण की रक्षा के लिए ये काफी सहायक है। पेट्रोल डीजल युक्त वाहनों के अत्यधिक उपयोग से प्रदूषण बढ़ता है। ग्रामीण इलाकों में हर जगह पेट्रोल पंप नहीं हैं, ऐसे में लोग शहर में पेट्रोल भरवाने जाते हैं। लेकिन इलेक्ट्रिक वाहन में बार बार पेट्रोल भरवाने के लिए शहर जाने खर्च और समय की बचत होती है। इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ अब लोगों को रुख करना चाहिए। युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। रोजाना सरकारी ड्यूटी पर जाने वालों का ऑफिस आने जाने में खर्च घटाने में यह भाषण बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने ठाकुर बाबा तिराहा के निकट इलेक्ट्रिक बाइक और स्कूटर के शोरूम का भी उद्घाटन किया। इस दौरान उद्योगपति अंशु अग्रवाल, बोधपाल सिंह, उमेश राघव, अभयदीप वार्ष्णेय, मनीष चौधरी, हरीश कुमार, अवधेश चौधरी, सोनू डीलर, दीपू चौधरी उपस्थित रहे।

# जौनपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान

**जन एक्सप्रेस खबर का फिर हुआ असर खबर चलने के बाद 24 घंटे के अंदर पुलिस ने किया गिरफ्तार**




**दिनांक-11.07.2025 को थाना बरसठी पुलिस द्वारा कटवार हाल्ट के पास चेन पुलिंग कर खड़ी ट्रेन पर पथराव करने वाले वांछित 10 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

दिनांक-09.07.2025 को जौनपुर से रायबरेली इन्टरसीटी एक्सप्रेस जो जौनपुर से रायबरेली जा रही थी कि कटवार हाल्ट के पहले चेन पुलिंग कर खड़ी ट्रेन मे गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा माह मई मे राजाबाजार बनकट मे बारात मे हुए विवाद की रंजीश को लेकर विवाद करने वाले लड़के जिनको पहचान ट्रेन मे कर लेने पर टेलीफोन से सूचना देकर अभियुक्त रोहित यादव व सौरभ यादव द्वारा अपने मित्रो को बुलाकर मार पीट करने के लिये ट्रेन मे चढ़कर उन लोगो को खोजने व ट्रेन को अनावश्यक रोकने पर यात्रियों द्वारा विरोध किया जाने लगा था जिस पर उपद्रियों द्वारा जान से मारने की नियत से उक्त ट्रेन पर पथराव किया गया, जिसके कारण यात्रियों मे अफरा तफरी का माहौल व यात्रियों के जान माल संकटापन स्थिति उत्पन्न हो गयी तथा ट्रेन के शीशे आदि क्षतिग्रस्त हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बरसठी श्री राजेश यादव व निरीक्षक अपराध श्री प्रमोद यादव के नेतृत्व मे टीम गठित कर वायरल विडियो की मदद से अभियुक्तो को चिन्हित कर अलग अलग जगह से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# करंट की चपेट में आने 18 वर्षीय युवक की हुई दर्दनाक मौत



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**नेवढ़िया।** थाना क्षेत्र के चकमहनी गांव में आज शुक्रवार दोपहर 1ः00 बजे के लगभग करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया, जानकारी के अनुसार युवक सोनू पटेल उम्र लगभग 18 वर्ष करंट की चपेट में आ गया है, जब तक लोग समझ पाते तब तक युवक पूरी तरह से करंट की चपेट में आ गया और युवक की मौत हो गई ग्रामीण ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पहुंचाया जहां पर डॉक्टर ने देखते ही युवक को मृत्य घोषित कर दिया। सुचना मिलते ही नेवढ़िया पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया । युवक विकलांग माता-पिता का अकेला वारिस था वही माता-पिता व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, चकमहनी के पूर्व प्रधान उदल पटेल ने कहा की हमारे गांव में जो घटना घटी है।

वह दुखद है, मृत युवक अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था,घर की माली हालत ठीक नहीं है, माता-पिता भी विकलांग है किसी तरह यह लड़का ही घर की माली हालत चलाने में सहयोग करता था, हम एक जनप्रतिनिधि एवं गांव के पूर्व प्रधान होने के नाते ये मांग करते हैं की जो भी सरकारी लाभ हो वह पीड़ित परिवार को मिले।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पत्रकारों ने रोपा पौधा



जन एक्सप्रेस। बस्ती। पर्यावरण रक्षा के क्षेत्र में पत्रकार भी पीछे नहीं है। शुक्रवार को प्रेस क्लब के निकट पौधरोपण के साथ ही पात्रों में पौधों का वितरण किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार मजहर आजाद, डा. वी.के. वर्मा, चन्द्र प्रकाश शर्मा, डा. रामकृष्ण लाल 'जगमग' राजेश पाण्डेय आदि ने पौध रोपे। प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने कहा कि 'एक पेड मां के नाम' अभियान में सबको प्रयास करना होगा कि जो पौध लगाये जाय उसकी रक्षा भी किया जाय। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस युग में, वृक्षारोपण एक प्रभावी उपाय है जो हमारे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ बनाए रखने में सहायक है। डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्रदान करता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। वृक्षारोपण से मिट्टी का कटाव रुकता है और जल संरक्षण में भी सहायता मिलती है।

# विधान परिषद में उठेगा प्राइमरी विद्यालयों को मर्जर किये जाने का मामला: देवेन्द्र प्रताप सिंह

■ सर प्लस किये जा रहे हैं शिक्षक: भविष्य में बंद हो जायेगी शिक्षक भर्ती- उदयशंकर शुक्ल

जन एक्सप्रेस। बस्ती



शिक्षकों ने एम.एल.सी. देवेन्द्र प्रताप सिंह को सौंपा ज्ञापन

स्कूल मर्जर के मामले में शिक्षक संगठन व शिक्षकों की नाराजगी कम नहीं हो रही है। परिषदीय विद्यालयों को मर्जर किये जाने का आदेश वापस लिये जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक षिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल के नेतृत्व में संघ पदाधिकारियों, शिक्षकों ने विधान परिषद सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह को न्याय मार्ग पर ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि सरकार पर दबाव बनवाया जाय कि परिषदीय विद्यालयों को मर्जर किये जाने का आदेश वापस ले। देवेन्द्र प्रताप ने कहा कि इस मामले को सदन में पूरी मजबूती से उठाया जायेगा।

वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राघवेंद्र सिंह व जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव ने स्कूल मर्ज के मामले में विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह के माध्यम से मांग किया है कि सरकार मर्ज के फैसले को तत्काल रद्द करें अन्यथा शिक्षक संघ चुप नहीं बैठेगा।

ज्ञापन देने के बाद जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों को बन्द कर अध्यापकों के पदों को समाप्त किया जा रहा है जिससे भविष्य में शिक्षकों की भर्ती न करनी पड़े। कहा कि सरकार के इस नीति से प्रदेश के कई जनपदों में प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक सर प्लस होते जा रहे हैं। यह खतरनाक स्थिति है और आने वाली पीढी को शायद ही परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक के रूप में अवसर मिले।

ऐसे में बहुत जरूरी है कि सरकार विद्यालयों को बंद कर देने का अपना निर्णय वापस ले।

यह जानकारी देते हुये जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि ज्ञापन सौंपने वालों में जिला मंत्री राघवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, मंजेश राजभर, रवि प्रताप सिंह, नवीन चौधरी, रवि प्रकाश शुक्ल, शिवम शुक्ल, रामपाल चौधरी, शारदा प्रसाद चौबे, शिवाकान्त पाण्डेय, रविशंकर शुक्ल, उमेश चन्द्र पाल, विनोद कुमार, अभिषेक उपाध्याय, कन्हैया लाल विश्वकर्मा, दीपक कुमार गौतम, ओम प्रकाश पाण्डेय, सुशील कुमार आजाद, मारूफ खान के साथ ही अनेक शिक्षक और संघ पदाधिकारियों के साथ ही एम.एल.सी. प्रतिनिधि हरीश सिंह शामिल रहे।



शिक्षकों की समस्या के साथ-साथ, समाज के सबसे निचले तपके के लोग शिक्षा से वंचित न होने पाए। इसके लिए विधान परिषद में स्कूल मर्ज के मामले को पुरजोर तरीके से उठाऊंगा।

**देवेंद्र प्रताप सिंह, विधान परिषद सदस्य।**



स्कूल मर्ज से समाज के सबसे गरीब तपके के बच्चे बुनियादी शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है हम माननीय विधानसभा परिषद सदस्य देवेंद्र सिंह जी के माध्यम से सरकार से मांग करते हैं, कि मर्ज की फैसले को वापस लिया जाए।

**अभय सिंह यादव, जिला कोषाध्यक्ष/अध्यक्ष बनकटी।**



अध्यापक को विभाग सर प्लस कर रही है, यह खतरनाक स्थिति है। अध्यापक बनने की चाह रखने वाले डीएलएड प्रशिक्षुओं के साथ छलावा है। डीएलएड प्रशिक्षुओं को आने वाले समय में शायद ही परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक के रूप में अवसर मिले। स्कूल मर्ज करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

**राजेश पाठक, शिक्षक नेता।**

# अखड़ो देवी के मंदिर का कलश स्थापित पूर्व सांसद धनंजय पूजन अर्चन में हुए शामिल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जफराबाद। जमैथा गांव में आदि गंगा गोमती के तट पर स्थित माँ रेणुका देवी (अखंड देवी)मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को कलश स्थापना का कार्यक्रम हुआ। जिसमें पूर्व सांसद धनंजय सिंह पूजन अर्चन के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मंदिर के सहयोग में हर संभव मदद का भरोसा दिया। ज्ञात हो माँ अखंड देवी के मंदिर के जीर्णोद्धार का काम समाजसेवी आशुतोष सिंह के नेतृत्व में दो वर्ष से चल रहा है। मंदिर के जीर्णोद्धार में गांव सहित अन्य लोग भी लगे हुए हैं।अभी काफी कार्य कराया जा रहा है। शुक्रवार को मंदिर के कलश स्थापना के लिए मुहूर्त था। मुहूर्त के हिसाब से कलश पूजा की गई।कलश पूजा में पूर्व सांसद धनंजय सिंह, आशुतोष सिंह, डॉ विनोद प्रसाद सिंह, वशिष्ठ नारायण सिंह, बृजधारी शुक्ला,



राजू चौहान, अरविंद शुक्ला, मुन्ना पाल, सुंदरी सिंह, वीरेंद्र सिंह, डॉ बृजेश सिंह, प्रसिद्ध भोजपुरी देवी गीत गायक रवींद्र सिंह ज्योति आदि सहित गांव के अन्य लोग मौजूद रहे। पूर्व सांसद श्री सिंह ने मंदिर के जीर्णोद्धार में लगे 20 शिल्पकारों को अंगवस्त्र, बर्तन आदि देकर सम्मानित किया।

# जौनपुर: पट्टीदारों ने ही गोली मारकर लिया हत्या का बदला

**तीन वर्ष पुराने हत्या का मुख्य आरोपी था सरोज, मृतक के घर पर पुलिस बल का पहरा।**






जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर तेजी बाजार थाना अंतर्गत बरईपार सिकरारा मार्ग पर सकलडेला गांव नियर सेवक पाइप उद्योग के पास बीते गुरुवार को देर शाम को सरोज पाठक पुत्र दयाशंकर पाठक उम्र लगभग 40 वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिसमें गोली मारने का कारण तीन वर्ष पहले 29 मार्च 2022 को पट्टीदारी विवाद था ।जिसमें हीरालाल पाठक की हत्या हो गई थी। कुल पांच लोग आरोपी बनाए गए थे। उसमें मृतक सरोज पाठक मुख्य आरोपी था जो माह तक जेल में बंद था जमानत पर जेल से छूटकर आया था। जिसे देखकर पट्टीदारों का प्रतिशोध दिनप्रति दिन बढ़ता गया और गोली मारने का कारण बना। मृतक सरोज पाठक के बेटे अजीत पाठक ने आरोप लगाया कि मेरे पिता को पट्टीदार घनश्याम पाठक, आदिम पाठक, नागेंद्र पाठक, हमेशा जान से मारने की धमकी देते थे और यही लोग गुरुवार की देर शाम लगभग आठ बजे को जाकर मेरे पिता को गोली मारकर हत्या कर दी। बेटे की तहरीर के आधार पर पुलिस तीनों आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का भाई था वह वह अपने पीछे लड़का अजीत, अमित, और लड़की अंजना पाठक पत्नी संगीता को छोड़ गए ।जहां पत्नी सहित बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। हत्या से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है जिसे देखते हुए सुरक्षा के मद्दे नजर प्रशासन ने दर्जनों का पुलिस बल लगा रखा है जिससे गांव में कोई अपनी घटना ना हो।

## नहीं रहे गंगा-जमुनी परम्परा के प्रहरी अजय जी

# जौनपुर के महान शख्सियत साहित्यकार अजय जी का निधन



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सुपरिचित साहित्यकार, पत्रकार और जनपद में हिन्दी-उर्दू साहित्यिक आयोजनों के धुरी रहे अजय कुमार नहीं रहे। चौरासी वर्ष की आयु पार कर चुके अजय अपने अंतिम समय तक लेखन और साहित्यिक गतिविधियों से जुड़े रहे। गुरुवार की रात उनके निधन का समाचार सुनते ही हिन्दी और उर्दू साहित्यकारों, कवियों, शायरों तथा विभिन्न सम्बद्ध समुदायों में शोक छा गया। उनकी इच्छानुसार नेत्र बैंक को उनका नेत्र और बीएचयू के मेडिकल कॉलेज को शरीर दान कर दिया गया। हिन्दी भवन संचालन समिति के अध्यक्ष पद का अंतिम समय तक दायित्व संभालने वाले अजय कुमार ने हिन्दी और उर्दू साहित्य क्षेत्र के अतिरिक्त रंगकर्म, कला, सांस्कृतिक, वैचारिक और सामाजिक गतिविधियों को व्यापक मंच दिया, सक्रिय भागीदारी निभाई सो अलग। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में लम्बे समय से लगातार लेखन के अतिरिक्त कई पुस्तकों का लेखन या सम्पादन उन्होंने किया। धुर वामपंथी विचारधारा वाले अजय कुमार जन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी कई वर्षों से संभाल रहे थे। भाकपा माले से सम्बद्ध इस सांस्कृतिक संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन 12 जुलाई से रांची (झारखंड) में शुरू हो रहा है, जिसके कारण मंच की अग्रिम पंक्ति के लोगों की मौजूदगी रांची में होने के कारण वे अजय कुमार की अंतिम विदाई में तो नहीं आ सके लेकिन उन्होंने वहां पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जसम का रांची अधिवेशन कामरेड अजय कुमार को समर्पित किए जाने की सूचना मिली है। दिवंगत के निवास पर आजमगढ़ से आये भाकपा माले नेता कामरेड जयप्रकाश नारायण, जौनपुर के भाकपा नेता कामरेड जयप्रकाश सिंह, माकपा के पूर्व जिला सचिव कामरेड किरण सिंह रघुवंशी, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के पूर्व अध्यक्ष अरविन्द उपाध्याय, डॉ .प्रतीक मिश्र, लाल प्रताप राही, आनन्द देव, पत्रकार इन्द्रजीत सिंह मौर्य, शकील अहमद, शकील मंसूरी अन्य ने अजय कुमार के पार्थिव शरीर पर लाल झंडा लगा कर अंतिम सलामी दी।

### असज भी अधूरी रह गई यादगार साहित्यिक गतिविधियां

**राग जौनपुरी पर उसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य एवं आधुनिक प्रयोगों को लेकर एक पुस्तक पूरी किये**

जौनपुर स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े समाचारपत्र समय के भी कई वर्षों तक सम्पादक रहे। निधन के महज़ पांच दिन पहले उन्होंने राग जौनपुरी पर उसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य एवं आधुनिक प्रयोगों को लेकर एक पुस्तक पूरी करके उसे प्रकाशन के लिए भेजा था। उन्होंने शिक्षक के रूप में भी समाज को अपना योगदान दिया और राजा श्रीकृष्ण दत्त इंटर कॉलेज के प्राचार्य पद से करीब दो दशक पूर्व सेवानिवृत्त हुए थे। बतौर प्राचार्य वे सख्त अनुशासन प्रिय रहे। उन्हें शास्त्रीय संगीत, रंगकर्म, देशी-विदेशी फिल्मों, चित्रकला जैसे क्षेत्रों की गहरी समझ थी। जौनपुरी नहीं देश दुनिया में उनकी ख्याति थी।

**अंतिम यात्रा में साहित्यकरों का जमावड़ा**

जौनपुर। हिन्दी भवन एवं समय के संस्थापक, प्रसिद्ध समाजसेवी तथा स्वतंत्रता सेनानी स्व. रामेश्वर प्रसाद सिंह के द्वितीय पुत्र अजय कुमार अपने पीछे अपनी पत्नी आशा सिंह और पुत्र अपल सिंह सहित शोकाकुल परिवार एवं रचनात्मकता से जुड़ा एक व्यापक समुदाय छोड़ गए हैं। आशा सिंह हिन्दी भवन की संचालनकर्ता और अपल सिंह प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित अन्तरराष्ट्रीय ख्याति के वरिष्ठ वीडियो जर्नलिस्ट हैं। अंतिम यात्रा आज निवास स्थान से चल कर हिन्दी भवन पहुंची , जहां कवियों, शायरों, साहित्यकारों, रंगकर्मियों, सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, परिजनों और प्रमुख नागरिकों ने दिवंगत को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद उनका पार्थिव शरीर बीएचयू मेडिकल कॉलेज के लिए वाराणसी ले जाया गया

# जौनपुर में पेड़ से लटकी मिली युवक की लाश

**पुलिस हत्या या आत्महत्या की गुत्थी में उलझी**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले के ग्राम नरवारी, ग्रामसभा समसुद्दीनपुर में शुक्रवार सुबह एक सनसनीखेज घटना घटी। यहाँ एक 20 वर्षीय युवक नदीम, पुत्र इम्तियाज की लाश पेड़ पर लटकी हुई पाई गई। स्थानीय लोगों ने सुबह करीब 5 बजे इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुँची और मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस को मृतक के हाथ उसकी अपनी शर्ट से बंधे हुए मिले। शरीर पर किसी भी तरह के चोट के निशान नहीं पाए गए, जिसके कारण प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सटीक कारणों का पता चल सकेगा। स्थानीय लोगों के अनुसार, नदीम का व्यवहार सामान्य था और किसी तरह के विवाद या तनाव की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने मृतक के परिवार वालों और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है ताकि घटना के पीछे के



कारणों का पता लगाया जा सके। ग्रामसभा में इस घटना से सनसनी फैल गई है और लोग इस बात से स्तब्ध हैं कि आखिर क्या वजह रही होगी कि युवक ने ऐसा कदम उठाया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और जल्द ही मामले की सच्चाई सामने आएगी। फिलहाल, पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। इस घटना ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है।

# ट्रेन से कट कर युवक की मौत



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

गौराबादशाहपुर जौनपुर जंक्शन से मरुधर एक्सप्रेस से चचकपुर नदी के पहले एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

यह हादसा जाफराबाद और जौनपुर जंक्शन के बीच में हुआ जिसे लेकर रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल में कार्यवाही को लेकर क्षेत्राधिकार का विवाद खड़ा हो गया था। हादसे के बाद ट्रेन को करीब एक घंटा तक रोके रखा गया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मृतक की पहचान गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के राहुल बनवासी पुत्र वकील बनवासी के रूप में जेब से मिले कागजों के आधार पर हुई। फिलहाल राहुल किन परिस्थितियों में वहां पहुंचा और कैसे ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हुई। घटना आत्महत्या है या दुर्घटना यह पुलिस जांच का विषय है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया।

# स्कूल चलो अभियान का किया गया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर विकासखण्ड करंजाकला के प्रा.विद्यालय, काजीबाज़ार में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया। विद्यालय में नामांकन के साथ साथ पौधारोपण व स्वच्छता जागरूकता अभियान भी चलाया गया। बीएसए ने स्कूल चलो अभियान विषयक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में बच्चों के द्वारा स्कूल चलो अभियान सम्बन्धी नारे-स्लोगन की तख्ती-बैनर आदि प्रदर्शित किया गया और रैली के दौरान ही बच्चों ने 'हर घर में एक दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा' साथ ही 'हम बच्चों का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है' और 'आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे' जैसे नारों माध्यम से ग्रामीणों और अभिभावकों को जागरूक किया। बीएसए, एबीएसए और शिक्षकों ने रैली के माध्यम से घर-घर जाकर अभिभावकों को उनके बच्चों के नामांकन व शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए प्रेरित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने फार्म भरकर नामांकन करने के साथ ही बच्चों का माला पहनाकर उनका स्वागत और अभिनन्दन किया। इसके साथ ही उन्होने नामांकित बच्चों को पुस्तक व कापी-पेन भी दी। बीएसए, एबीएसए एवं शिक्षकों ने घास साफ कर झाड़ू लगाकर साफ-सफाई कर अन्य लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य बच्चों को स्कूल भेजने और शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जबकि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य स्कूलों और आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखना है। पौधरोपण अभियान का उद्देश्य पर्यावरण को हरा-भरा बनाना और पेड़ों को लगाना है। इन तीनों अभियानों का उद्देश्य छात्रों और समाज के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करना है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में फलदार व छायादार पौधे रोपित किए गए। बीएसए ने कहा कि स्कूल चलो अभियान, स्वच्छता अभियान और पौधरोपण, ये तीनों ही शिक्षा और पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण अभियान हैं। बीएसए ने कहा कि समस्त स्टाफ गांव में जाकर अभिभावकों से संपर्क कर नामांकन में वृद्धि करें और बच्चों का नामांकन व उपस्थित शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें।

# पूर्व प्रधान पर पट्टा देने के बदले 65 हजार रुपए ऐंठने के आरोप में मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जौनपुर खेतासराय थाना क्षेत्र के सुम्बुलपुर गांव में पट्टा भूमि दिलाने के नाम पर पैसे ऐंठने का मामला सामने आया है, जहां गांव के लाल मोहम्मद पुत्र शाह मोहम्मद ने पूर्व प्रधान मतलूब पर पट्टा भूमि दिलाने के नाम पर 65 हजार रुपए ऐंठने का आरोप लगाते हुए खेतासराय थाना में मामला दर्ज कराया है। पीड़ित लाल मोहम्मद का आरोप है कि उसने साल 2018 में गांव के पूर्व प्रधान मतलूब को पट्टा भूमि दिलाने के नाम पर 65 हजार रुपए कैश में दिए थे,बाद में जब भूमि नहीं मिली तो पीड़ित ने पैसे वापस मांगने शुरू किए लेकिन पूर्व प्रधान आना -कानी करने लगे,बीते 8 जुलाई को जब पीड़ित फिर से पैसा मांगने गया तो आरोप है कि पूर्व प्रधान ने सिर्फ गाली गलौच किया बल्कि पीड़ित को ही फर्जी मुकदमा में फंसाने की धमकी दे डाली।

शुक्रवार को पीड़ित लाल मोहम्मद ने न्याय के लिए खेतासराय थाने में तहरीर दी जहां पुलिस ने पैसे ऐंठने,धमकी देने समेत गाली गलौच करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जौनपुर जफराबाद थाना क्षेत्र आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर जफराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोंडा खास गांव में शुक्रवार दोपहर एक हृदयविदारक हादसे में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से झुलस गई। यह हादसा करीब दोपहर 2 बजे का है जब महिलाएं पेड़ के नीचे बैठी थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव की रहने वाली अनुराधा गौड़ पत्नी दिलीप गौड़ घर के कार्यों से निवृत्त होकर गांव के समीप एक जामुन के पेड़ के नीचे बैग सहित बैठी हुई थीं। उसी दौरान तेज गरज और चमक के साथ आकाशीय बिजली सीधे उस पेड़ पर गिरी, जिससे अनुराधा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कुछ दूरी पर बैठी सावित्री देवी बिजली के प्रभाव से गंभीर रूप से झुलस गईं, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही जाफराबाद चौकी इंचार्ज राधेश्याम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली गिरने का प्रभाव इतना भयावह था कि पास से गुजर रही 33 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन भी चिंगारी छोड़ते हुए सांप की तरह लहराने लगी। जिस जामुन के पेड़ पर बिजली गिरी, उसकी डालियाँ हवा में उड़कर करीब 50 मीटर दूर तक जा गिरीं, जिससे पूरे गांव में दहशत फैल गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार व लेखपाल भी तत्काल मौके पर पहुंचे और आपदा राहत योजना के तहत आर्थिक सहायता हेत।

# फिर हो गयी चोरी, जिले में पुलिस हलकान-बेखौफ चोर

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिले में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब उन्हें पुलिस का कोई खौफ नहीं रहा। हालिया घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के देवीन टोला मोहल्ले से सामने आई है। जहां चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं और स्थानीय निवासियों के बीच सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता का विषय बन गई है।

बताया जा रहा है कि चोरी की यह वारदात बीती रात हुई, जब घर के सभी सदस्य किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से बाहर गए थे। इसी मौके का फायदा उठाकर चोरों ने ताला तोड़कर घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जब परिवार वापस लौटा, तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से नकदी और जेवरात गायब थे।



### पिछले कुछ समय में बढ़ी हैं चोरी की वारदातें

यह कोई पहली बार नहीं है जब कन्नौज में चोरी की वारदात हुई हो। इससे पहले तिर्वा और गुरसहायगंज में भी इसी तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं लेकिन अब तक पुलिस एक भी चोर को पकड़ने में सफल नहीं हो पाई है। इससे पहले भी पुलिस ने कई बार जांच के नाम पर खानापूरी की लेकिन चोर खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस की कार्यशैली को लेकर इलाके के लोग गहरे आक्रोश में हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस सिर्फ कागजी खानापूरी कर रही है, जबकि चोर बिना किसी डर के चोरी की वारदातें अंजाम दे रहे हैं। पीड़ित परिवार ने बताया अब हमें अपनी सुरक्षा खुद करनी पड़ रही है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

### पुलिस की नाकामी पर सवाल

कन्नौज जिले में लगातार हो रही चोरियों ने पुलिस की नाकामी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह उठता है कि जब चोर हर बार पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार हो जाते हैं, तो आम जनता खुद को कैसे महफूज महसूस करेगी? क्या कन्नौज पुलिस कभी जागेगी या यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा।

कन्नौज में चोरी की वारदातों की बढ़ती संख्या पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। स्थानीय लोगों को अब यह महसूस होने लगा है कि पुलिस की कार्यशैली सुधारने के बजाय, यह सिर्फ एक औपचारिकता बन कर रह गई है। जब तक पुलिस अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेगी तब तक क्षेत्र में अपराध का यह सिलसिला थमने वाला नहीं है।

## सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** पुरवा क्षेत्र के गांव बरौली में ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि पर अस्थाई गुमटी, दुकान रखकर कब्जा करने की शिकायत पर एसडीएम ने टीम भेजकर बुलडोजर चलवाकर कब्जा खाली कराया है। तहसील क्षेत्र के गांव बरौली स्थित भूमि संख्या 444 जोकि कागजों पर ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि ऊसर के नाम दर्ज है उक्त भूमि पर कुछ लोगो ने गुमटी व अस्थाई दुकान बनाकर कब्जा कर लिया था ग्रामीणों ने एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव से सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाने की शिकायत की थी।एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने राजस्व निरीक्षक रमेश,क्षेत्रीय लेखपाल सूर्य प्रताप सिंह,लेखपाल पंकज सिंह,जयशंकर,लवकुश की संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे शुक्रवार को तहसीलदार की मौजूदगी में राजस्व टीम गांव पहुंची जहां उक्त सरकारी भूमि पर गुमटियाँ व अस्थाई दुकान रखी मिली जिसपर टीम ने बुलडोजर चलवाकर उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराया है।एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि सरकारी भूमि पर कुछ ग्रामीणों ने अस्थाई दुकान रखकर कब्जा कर लिया था जिसकी शिकायत मिलने पर बुलडोजर चलवाकर कब्जा मुक्त करा दिया गया है।

# जिला स्तरीय अफसर लगातार करेंगे निरीक्षण, खाद विक्रेता नहीं कर पाएंगे मनमानी

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

वर्तमान खरीफ सीजन 2025 में कृषक बन्धुओं को उचित दर पर बिना टैगिंग के उर्वरक प्राप्त हो इसके लिए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जनपद के सहकारी/निजी क्षेत्र के समस्त थोक / फुटकर उर्वरक बिक्री केन्द्रों की न्यायपंचायत स्तर टी0ए0सी0/ए0टी0एम0/बी0टी0एम0 एवं लेखपाल, विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (कृषि/कृषि रक्षा) एवं सहकारिता विभाग एवं तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी, कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा सतत् निरीक्षण / भ्रमण हेतु ड्यूटी लगायी है। यह जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी सन्त लाल गुप्ता ने बताया है कि उक्त अधिकारी / कर्मचारी यह सुनिश्चित करेंगे कि कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता उनकी कृषि जोत, फसल एवं आधार कार्ड के अनुसार निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाये।

उन्होंने कृषको से अपील करते हुए कहा कि रसीद प्राप्त करते समय बोरे पर अंकित मूल्य एवं पी0ओ0एस0 मशीन से निकला रसीद पर अंकित मूल्य का मिलान करने के उपरान्त ही उर्वरक क्रय करें। उर्वरक प्रतिष्ठानों पर हर हाल में उर्वरक विक्रेता अपने प्रतिष्ठान पर उर्वरक क्रय करने हेतु आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का व्योरा रजिस्टर बनाकर उसमें दर्ज करेंगें। रजिस्टर में कृषकों का नाम, पता, आधार नम्बर तथा मोबाइल नम्बर अनिवार्य रूप से दर्ज करेंगें। विभाग द्वारा इसका समय-समय पर सत्यापन भी कराया जायेगा, अगर किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा अधिक दर पर उर्वरकों का विक्रय टैगिंग करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) नियन्त्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए उर्वरक विक्रेता स्वयं उत्तरदायी होगा।

### दो विक्रेताओं के लायसेंस निलम्बित

किसानों को अधिक उर्वरक देने पर दो दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। बताया गया है कि पोर्टल से टॉप 20 में नाम आने पर जांच की गई जिसके बाद जिला कृषि अधिकारी ने कार्रवाई की है। मैसर्स विश्वनाथ खाद भंडार, सरायमीरा ने तीन किसानों को मानक से अधिक उर्वरक दिया था। इस वजह से खाद का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया। अब यह बिक्री नहीं कर सकेंगे। इसी तरह अन्नपूर्णा एग्रीजंक्शन, पट्टी ठठिया तहसील तिर्वा ने किसान मान सिंह को एक से अधिक बोरी यूरिया दी थी। सहायक विकास अधिकारी की जांच में पता चला कि किसान के पास जमीन कम है लेकिन उर्वरक अधिक दे दिया गया। इनका भी लाइसेंस निलंबित करके बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। साथ ही स्पष्टीकरण लिया जा रहा है। स्पष्टीकरण सही न होने पर इनका भी लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता ने बताया कि जनपद में सभी उर्वरक पर्याप्त मात्रा में हैं। किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। निर्धारित दाम से अधिक बिक्री या उर्वरक के साथ में अन्य वस्तु जबरन देने की शिकायत आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# लापरवाह एमओआईसी को पहली बार चेतावनी–दूसरी बार मे होगा निलम्बन: डीएम

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में यू-विन पोर्टल की फीडिंग प्रक्रिया एवं आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को यू-विन पोर्टल पर डेटा फीडिंग कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति कड़ा रुख अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो एएनएम, डॉक्टर अथवा एमओआईसी कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं या लापरवाही कर रहे हैं, उन्हें प्रथम बार चेतावनी दी जाए और पुनः लापरवाही की स्थिति में सस्पेंड की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि ब्लॉक हसेरन, छिबरामऊ में जिन एएनएम द्वारा टीके लगाने के बाद भी यू विन पोर्टल में फीडिंग का कार्य नहीं किया गया है, उसे शीघ्र अपडेट किया जाए। इसी प्रकार जिन ब्लॉकों की ओवर ड्यू डिटेल की यू-विन पोर्टल पर प्रगति रिपोर्ट खराब है, वे तत्काल सुधार करें। साथ ही उन्होंने अल्ट्रासाउंड सेवाओं को लेकर मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सुधारात्मक कदम उठाने पर बल दिया। उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान एवं अन्य स्वास्थ्य अभियानों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के भी निर्देश दिए।

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि गत सप्ताह 1245 लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाए गए हैं, अभी तक कुल 439561 लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाए गए हैं, इसमें और गति लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके अतिरिक्त, पावर्टी उन्मूलन अभियान के तहत चयनित लाभार्थियों के भी आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाए जाएं, ताकि उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ स्वदेश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी, डॉक्टर/एमओआईसी उपस्थित रहे।

# जले हुए ग्रामों के राजस्व रिकॉर्ड तैयार करने में तेज़ी लायें: एडीएम



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

अपर जिलाधिकारी (वि0 रा0) आशीष कुमार सिंह तथा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देवेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में ग्रामों के सर्वेक्षण एवं अभिलेख क्रिया के अंतर्गत सर्वेक्षण कार्यों एवं जले हुए गांवो के अभिलेख बनाए जाने के संबंध में बैठक ली। अपर जिलाधिकारी (वि0 रा0) ने कहा कि ग्रामों के सर्वेक्षण एवं अभिलेख क्रिया के अंतर्गत सर्वेक्षण कार्यों को समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से पूर्ण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वेक्षण कार्यों के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई नहीं होनी चाहिए। ग्राम गदनपुर बद्दू में अंतिम अभिलेख (प्रथम प्रति) तैयार हो चुकी है, द्वितीय प्रति में प्रपत्र 7 का कार्य जुलाई माह में पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि जहां पर ड्रोन द्वारा सर्वे का कार्य किया जाना है उसे भी समय से पूर्ण किया जाए तथा ग्राम सिंहपुर एवं सढ़ीयापुर बांगर में सर्वेक्षण कार्य लक्ष्य माह दिसंबर 2025 से पहले ही कार्य को पूर्ण कर लिया जाए।

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने कहा कि जले हुए गांवो के भू अभिलेख बनाए जाने के कार्यों में तेजी लाकर कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम हाथिन में 21 कॉलम पंजिका के स्तम्भ 17 का कार्य एक माह में पूर्ण कर लिया जाए। ग्राम बरुआ सबलपुर 21 कॉलम में माह जुलाई तक कार्य पूर्ण कर लिया जाए। इसी प्रकार हरबल्लभपुर, सरदामई, गाड़ियापह, कटिघरा आदि गांवों में किए जा रहे कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम मुर्रा, भसौली, सिरखनेपुर, बौसिया आदि नए ग्रामों में कार्य शुरू हुआ है उसमें भी गति लाई जाए।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री रामकेश सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महिला महाविद्यालय में जनसंख्या दिवस पर आयोजन में एसडीएम सदर ने बांटे पुरस्कार

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज के तत्वावधान में रेड रिबन क्लब संयोजक डॉक्टर नेहा मिश्रा के दिशा निर्देश पर एचआईजी/एड्स की जागरूकता हेतु सर्वप्रथम रेड रिबन क्लब का गठन किया गया तत्पश्चात छात्राओं ने संबंधित विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता मे भाग लिया। प्रतियोगिता में बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा नंदिनी दुबे ने प्रथम स्थान, बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा आकांक्षा ने द्वितीय स्थान, छात्रा साक्षी ने तृतीय स्थान एवं बी ए प्रथम वर्ष की सुमेधा सिंह यादव ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। गृह विज्ञान प्रवक्ता अम्बरीन फातिमा एवं हिंदी विभाग के प्रवक्ता शैलेंद्र कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्राचार्य द्वारा समस्त प्रतिभागी छात्राओं को प्रेरणा दी गई एवं विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में मेरा युवा भारत कन्नौज के तत्वावधान में आज महाविद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य पर जनसंख्या वृद्धि एक चुनौती विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम सदर नवनीता राय की उपस्थिति रहीं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज की बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा नंदिनी दुबे ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान की राजकीय महिला महाविद्यालय की पूर्व छात्रा नेहा सैनी ने प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान दिव्या शर्मा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में गृह विज्ञान प्रवक्ता अम्बरीन फातिमा एवं शिक्षा शास्त्र प्रवक्ता डॉ. नेहा मिश्रा रही। एसडीएम ने छात्रों को अपने उद्बोधन से प्रेरित किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा भी छात्राओं को जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया गया। इसी के साथ सभी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्रवक्ता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 14 को आयेंगी अंजू प्रजापति

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** आगामी 14 जुलाई को उत्तर प्रदेष राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति आयेंगी। प्रातः 11 बजे वह डीआरडीए सभागार में महिला जनसुनवाई के अवसर पर पीडित महिलाओं की जनसुनवाई करेंगी। जिन पीडित महिलाओं को अपनी समस्या हो तो प्रार्थना पत्र के साथ में डीआरडीए सभागार में आ सकती है। उक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला प्रोबेशन अधिकारी ने दी।

## झील का होगा सौंदर्यीकरण बनेगी पर्यटन क्षेत्र

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** पुरवा तहसील क्षेत्र के कांथा ग्राम में स्थित झील का पर्यटन वा अन्य विभागों की मदद से सौंदर्यीकरण कराया जाएगा जिससे वहां तुरिज्म को बढ़ावा मिले। आज उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने पीडब्ल्यूडी एनएचआई मत्स्य विभाग के अधिकारियों के साथ झील का स्थलीय निरीक्षण कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है ज्ञात हो की वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन दीक्षित दद्दू ने पूर्व में पर्यटन मंत्री वा जिलाधिकारी उन्नाव से मिलकर उक्त झील के सौंदर्यीकरण का विषय रखा था उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया की जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार ग्राम कांथा में लगभग 62 हेक्टेयर में स्थित झील का सौंदर्यीकरण होना है उसे टूरिज्म हेतु विकसित किया जाना है आज अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया है तथा अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### विधायक ने रोपे पौधे, जनमानस से की पौधे लगाने की अपील

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। फतेहपुर।** कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में एक पेड़ मां के नाम व्यापक अभियान में विभिन्न प्रजातियां के करीब 400 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान विधायक ने सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए लोगों से ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने की अपील की। मालूम हो विधानसभा क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण ब्लाक प्लांटेशन कार्यक्रम के तहत विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा के नेतृत्व में ब्लॉक सूरतगंज क्षेत्र के ग्राम लोहरपुर, ब्लॉक निंदूरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर व ब्लाक फतेहपुर के ग्राम इसरौली में विभिन्न प्रजातियां के करीब 400 पौधों को विधायक व क्षेत्रीय लोगों ने पौधारोपण किया। इस दौरान विधायक ने कहा, कि बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जिससे मानव जीवन जीव जंतु व पेड़ पौधों पर बुरा असर पड़ रहा है। शुद्ध वायु और शुद्ध जल आने वाली पीढ़ियों का अधिकार है यह तभी संभव है जब हम पर्यावरण का संरक्षण करेंगे और अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा, कि प्रदूषण को कम करके पर्यावरण को बचाया जा सकता है। हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण को लेकर आगे आना चाहिए। इस दौरान नारा देते हुए कहा, सांसें हो रही कम आओ पेड़ लगाए हम..और आगे कहा सभी को अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने चाहिए। इस मौके पर बीडीओ निंदूरा आलोक कुमार, बीडीओ फतेहपुर संतोष कुमार सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी ब्रजकिशोर कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष करूणा शंकर शुक्ला, अंशुमान मिश्रा, सुनील सोनी, नाइनटू सिंह, पिंटू सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय महिलाएं मौजूद रही।

### सरकार गरीबों को उपलब्ध करा रही है हर योजना: साकेन्द्र वर्मा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बड्डूपुर।** विकास खंड निदूरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहसंड और कुर्सी में प्रत्येक में ग्राम पंचायत में नौ लाख की लागत से बने अन्नपूर्णा भवन का शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अन्नपूर्णा भवन बनने से अब ग्राम वासियों को राशन प्राप्त करने में काफी सुविधा होगी। कोटेदार अब राशन इसी भवन से वितरित करेंगे, जिससे राशन वितरण में पारदर्शिता और सुगमता आएगी। इन भवनों को एक बहुउद्देश्यीय केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा सरकार धीरे-धीरे हर उस सुविधा को ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध करा रही है। जो शहरी क्षेत्रों में मौजूद होती है। चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कें हो या अन्य बुनियादी सुविधाएं, सभी क्षेत्रों में सरकार तेजी से काम कर रही है। इससे पहले विधायक श्री वर्मा ने इब्राहिमपुर गौशाला में वृक्षारोपण किया और आमजन को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।

### समूह बनाकर महिलाएं हो आत्मनिर्भर: प्रीती वर्मा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। हरख।** शुक्रवार को विकास खण्ड हरख कार्यालय में बीडीओ प्रीति वर्मा द्वारा बीएलबीसी की बैठक की गई। जिसमें बीडीओ ने आजीविका मिशन के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा समूह बनाने और सक्रिय समूह को अधिक लाभ दिलाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तरह तरह की सुविधाएं दे रही है। व सीएम उद्यमि योजना की जानकारी दी गई। बैठक में हरख ब्लाक क्षेत्र के बैंक शाखा प्रबंधक, बीएमएम व एडीओ शामिल थे।

# पहले से मौजूद विपक्षी पक्ष के लोगों ने तीनों को घेरकर मारपीट की

- कचहरी में पेशी पर आए युवक और मां-बहन से मारपीट, तीनों गंभीर घायल, पहले से घात लगाए बैठे थे विपक्षी

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



जनपद उन्नाव के कचहरी परिसर में शुक्रवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक, उसकी बहन और मां पर लाठी-डंडों से सरेआम हमला कर दिया गया। हमला उस समय हुआ जब रितेश निवासी आवास विकास कॉलोनी अपनी बहन रूबी और मां के साथ पुराने केस की तारीख पर कचहरी पहुंचा था। तभी पहले से मौजूद विपक्षी पक्ष के लोगों ने तीनों को घेरकर मारपीट शुरू कर दी। कचहरी परिसर में हमले की यह घटना दर्जनों लोगों के सामने हुई, लेकिन कोई मदद को आगे नहीं आया। लोग सिर्फ वीडियो बनाते रहे, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हमले में रितेश और दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। पीड़ितों का कहना है कि आरोपी आशीष शर्मा मुकदमे में समझौते का दबाव बना रहा था। मना करने पर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। हमलावरों ने लात-घूंसे और लाठियों से बुरी तरह पीटा। पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों को भेजा अस्पताल घटना की सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल रितेश, रूबी और उनकी मां को जिला अस्पताल भिजवाया। सदर कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है। वीडियो के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार ने पुलिस और प्रशासन से न्याय की मांग करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे।

# बच्चों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना का हो विकास: शशांक त्रिपाठी



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

जिलाधिकारी ने शिक्षा अधिकारियों को दिए विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व संवाद कौशल सुधारने के निर्देश

कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं परियोजना समिति की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समग्र शिक्षा अभियान, विद्यालय कायाकल्प कार्यक्रम, मध्याह्न भोजन योजना, बालिका शिक्षा, छात्रवृत्ति योजनाओं और विद्यार्थियों की उपस्थिति व नामांकन की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहे, बल्कि इसका उद्देश्य छात्रों में आत्मविष्वास, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और प्रतिस्पर्धी सोच विकसित करना होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि खंड शिक्षा अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे 20-20 विद्यालयों का चयन करें जहाँ छात्रों की उपस्थिति अत्यंत कम है। ऐसे विद्यालयों की साप्ताहिक निगरानी की जाए, अभिभावकों से संवाद कर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया जाए। इसी क्रम में उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक ब्लॉक से ऐसे 20 विद्यालय चिन्हित किए जाएं जहाँ शिक्षण की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। इन विद्यालयों में शिक्षकों को आवश्यक शैक्षिक मार्गदर्शन एवम प्रेरणा दी जाए ताकि शिक्षण स्तर में ठोस सुधार सुनिश्चित हो। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देश की अनुपालन स्थिति पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रार्थना सभा में प्रतिदिन अलग अलग बच्चों द्वारा टॉपिक आधारित भाषण कार्यक्रम को लेकर अपेक्षित गंभीरता नहीं बरती गई है, जो खेदजनक है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह अभ्यास तत्काल प्रभाव से सभी विद्यालयों में आरंभ किया जाए तथा इसका उद्देश्य केवल औपचारिकता न होकर विद्यार्थियों की वाचिक अभिव्यक्ति, मंच संचालन एवं आत्मविष्वास में वृद्धि हो। इस गतिविधि का प्रचार-प्रसार भी विद्यालय स्तर पर किया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने हेतु राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन समयबद्ध ढंग से कराया जाए, ताकि विद्यार्थी प्रारंभिक स्तर से ही परीक्षा-संस्कार एवं लक्ष्य आधारित अध्ययन की दिशा में प्रेरित हो सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारीगण, परियोजना समन्वयक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्रों के घर पर जाकर पौधरोपण कर रहे हैं प्रहलाद

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



**सिरौलीगौसपुर।** एक शिक्षक ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अनोखी पहल की है। करौरा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक प्रहलाद कुमार विमल स्कूल की छुट्टी के बाद छात्रों के घर जाकर पौधरोपण कर रहे हैं। शुक्रवार को शिक्षक प्रहलाद कुमार करौरा गांव में दिवाकर, संचित, अनुभव, ऋषभ और चाहत समेत छह छात्रों के घर पहुंचे। उन्होंने छात्रों और उनके अभिभावकों के साथ मिलकर फल, फूल और छायादार पौधे लगाए।प्रहलाद कुमार ने बताया कि वह एक नया अभियान चला रहे हैं।

उनका मानना है कि सिर्फ पौधे देने से काम नहीं चलेगा। कई बार छात्र पौधों की देखभाल नहीं करते और वे नष्ट हो जाते हैं। इसलिए वह खुद छात्रों के घर जाकर उनके माता-पिता की मौजूदगी में पौधरोपण करते हैं। इससे पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी छात्र और अभिभावक दोनों की हो जाती है। शिक्षक प्रहलाद कुमार यह अभियान प्रतिदिन स्कूल की छुट्टी के बाद जारी रखेंगे।

## जनपद स्तरीय पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में शुक्रवार को जनपद स्तरीय पोषण समिति की मासिक समीक्षा एवं कन्वर्जेंस बैठक का आयोजन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में जनपद के पोषण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़े सभी विभागों की प्रगति और योजनाओं के संचालन की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण एक समेकित दायित्व है और इससे जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के मध्य सक्रिय एवं सतत समन्वय आवश्यक है। उन्होंने वीएचएसएनडी को जनस्वास्थ्य की एक सशक्त कड़ी बताते हुए इसके संचालन को और अधिक मजबूत व व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि यह मंच सुचारु रूप से संचालित होता है, तो ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण और स्वास्थ्य से जुड़े कई लक्ष्यों को प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में पोषण ट्रैकर ऐप पर सभी निर्धारित सूचकांकों की शत-प्रतिशत फीडिंग को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस डिजिटल माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की निगरानी में प्रभावशीलता आती है, अतः यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी लाभार्थी डेटा से वंचित न रहे। इसके अतिरिक्त, मैम और सैम श्रेणी के बच्चों की पहचान कर संबंधित परिवारों के घर जाकर पोषण परामर्श, आहार चार्ट व अनुपूरक पोषण सामग्री के माध्यम से उनकी स्थिति में सुधार लाने के प्रयास और तेज़ किए जाएं। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मुख्य सेविकाएं एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि टीकाकरण सत्रों के दौरान प्रत्येक टीकाकरण स्थल पर सभी आवश्यक जांच किट उपलब्ध रहें, ताकि गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच सुनिश्चित हो सके।

# राहुल गांधी के चुनाव आयोग को भाजपा का विंग बताने पर भड़के धर्मेंद्र प्रधान, कहा, नाच न जाने आंगन टेढ़ा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग (ईसीआई) अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक विंग बन चुका है और बिहार में भी महाराष्ट्र जैसी चुनाव चोरी की साजिश रची जा रही है। इस पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उनपर करारा हमला बोला है।

### धर्मेंद्र प्रधान का राहुल गांधी पर पलटवार

राहुल गांधी के इस बयान पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तीखा हमला किया। उन्होंने कांग्रेस की भुवनेश्वर रैली को राजनीतिक पर्यटन करार देते हुए कहा कि राहुल गांधी अब हार को छिपाने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं को दोष दे रहे हैं। धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली असल में कांग्रेस के युवराज का एक और राजनीतिक पर्यटन था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज राहुल गांधी की हालत उस कहावत जैसी हो गई है नाच न जाने आंगन टेढ़ा, यानी अपनी कमजोरी का दोष दूसरों पर मढ़ना।

### 'कांग्रेस का असली मकसद संविधान नहीं, खुद को बचाना'

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यह रैली संविधान बचाने के लिए नहीं, बल्कि राहुल गांधी और कांग्रेस को बचाने की कोशिश है। उन्होंने दावा किया कि ओडिशा में कांग्रेस की कोई राजनीतिक मौजूदगी नहीं है और वहां के गरीब, दलित, आदिवासी और किसान कांग्रेस को बहुत पहले ही नकार चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस के समय में दिल्ली से भेजा गया पैसा बिचौलियों के पास चला जाता था। एससी, एसटी और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की अनदेखी होती थी। कांग्रेस सत्ता में रहे, तो गरीबों और आदिवासियों की जमीन और अधिकार सुरक्षित नहीं रह सकते।

### 'कांग्रेस हार बर्दाश्त नहीं कर पा रही'

धर्मेंद्र प्रधान ने आगे कहा कि कांग्रेस महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में हार के बाद अब चुनाव आयोग और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठा रही है। उन्होंने कहा, जिस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान और लोकतंत्र को कुचला, वही अब संविधान बचाने की बात कर रही है। यह जनता को भ्रमित करने की कोशिश है, लेकिन देश अब कांग्रेस के हर झूठ और चाल को पहचान चुका है।

# पीलीभीत की सड़कें और पान वाला सौंदर्यीकरण: विकास या दिखावा?



जनपद पीलीभीत में इन दिनों सड़क मरम्मत का एक विशेष 'अभियान' चल रहा है, जिसे देखकर सहज ही यह कहने को जी चाहता है कि यह सड़क नहीं, पान पर चूना-कत्था सजाया जा रहा है! दरअसल, जिस तरह पान पर थोड़ी सी चमक डालकर उसे सुंदर दिखाने का प्रयास किया जाता है, ठीक उसी प्रकार सड़क मरम्मत का काम भी सतही चमक तक ही सीमित रह गया है। सड़कें किसी भी जिले के विकास की पहली पहचान होती हैं। यह न केवल आवागमन का साधन होती हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक गतिशीलता की नींव भी बनती हैं। परंतु जब इन



मुकेश कुमार

सड़कों का सौंदर्यीकरण केवल औपचारिकता और दिखावे तक सीमित रह जाए, तो यह विकास नहीं, विडंबना का संकेत है। जनपद के कई क्षेत्रों में सड़क मरम्मत का कार्य हो रहा है, परंतु उसकी गुणवत्ता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। गड्ढों को भरने के बजाय ऊपर से एक हल्की परत डाल देना, डामर की मोटाई का ध्यान न रखना, जल निकासी की व्यवस्था न करना और कुछ ही महीनों में उखड़ जाने वाली सड़कें ये सब बताने को काफी हैं कि यह कार्य टिकाऊ नहीं, तात्कालिक छवि सुधार का माध्यम बन गए हैं। इसका सीधा प्रभाव आमजन पर पड़ता है। स्कूली बच्चे, रोगी, किसान, व्यापारियों और रोज़मर्रा के वाहन चालकों के लिए यह असुविधा की जड़ बन जाती हैं। वहीं दूसरी ओर, यदि ठेकेदारों, अधिकारियों और संबंधित विभागों की ज़िम्मेदारियों की बात करें, तो जवाबदेही का आभास कहीं नहीं दिखाई देता। क्या यह सड़क निर्माण का तरीका एक नई प्रशासनिक शैली हैं 'दिखाओ, लेकिन टिकाओ मत'? जनता जानना चाहती है कि क्या मरम्मत का कार्य केवल फोटोग्राफी और सोशल मीडिया पोस्ट के लिए हो रहा है? क्या सड़क मरम्मत की गुणवत्ता पर निगरानी रखने वाली एजेंसियां केवल फाइलों में ही सक्रिय हैं? और सबसे बड़ा सवाल क्या हमारे जनप्रतिनिधि इस सबको देखकर भी चुप बैठे रहेंगे? आज आवश्यकता इस बात की है कि सड़क निर्माण और मरम्मत की गुणवत्ता की स्वतंत्र तकनीकी ऑडिट कराई जाए, सार्वजनिक मंच पर रिपोर्ट जारी की जाए और दोषियों को उत्तरदायी ठहराया जाए। यह सिर्फ सड़कों का सवाल नहीं, बल्कि जन विश्वास और लोकधन के उपयोग का सवाल है।यदि अब भी इस पान जैसी चमक वाले विकास को ही विकास मान लिया गया, तो आने वाला समय केवल खोखले प्रदर्शन और असुविधाओं की दास्तान बनकर रह जाएगा।

# सावरकर मानहानि मामले में राहुल गांधी ने खुद को बताया निर्दोष, 24 जुलाई को अगली सुनवाई



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पुणे की एक अदालत में हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर पर अपनी टिप्पणियों से संबंधित मानहानि के एक मामले में खुद को निर्दोष बताया। न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) और विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट अमोल श्रीराम शिंदे ने वीडी सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर की ओर से लगाए गए आरोप पढ़े, जिस पर गांधी ने अपने वकील मिलिंद पवार के माध्यम से खुद को निर्दोष बताया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल अदालत में मौजूद नहीं थे और उनके वकील पवार ने अदालत के सामने दोष स्वीकार करने से इन्कार किया। वहीं, सत्यकी सावरकर का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील संग्राम कोल्हटकर ने कहा कि चूंकि आरोपी के बयान दर्ज करने का चरण समाप्त हो गया है, इसलिए अब मामले की सुनवाई आगे बढ़ेगी। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को तय की है।

### कौन हैं सत्यकी सावरकर जिन्होंने दर्ज कराया है मामला

बता दें कि सत्यकी सावरकर, हिंदुत्व विचारक वीर सावरकर के पड़पोते हैं और उन्होंने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया है। सत्यकी सावरकर की मां, हिमानी सावरकर, नाथूराम गोडसे के भाई गोपाल गोडसे की बेटी थीं। नाथूराम गोडसे वही हैं जिन्होंने महात्मा गांधी की हत्या की थी।

### क्या है पूरा मामला

गौरतलब है कि राहुल गांधी ने मार्च 2023 में लंदन में एक भाषण के दौरान कथित तौर पर कहा था कि वीर सावरकर ने अपनी किताब में लिखा है कि उन्होंने और उनके दोस्तों ने एक मुस्लिम व्यक्ति को पीटा था और उन्हें इससे खुशी हुई थी।जिसके बाद सत्यकी सावरकर ने इसे झूठा, अपमानजनक और बदनाम करने वाला बयान बताते हुए राहुल गांधी पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है।

# दिल्ली पीडब्ल्यूडी बनाएगा अपना इंजीनियरिंग काडर, योजना पूरी करने में नहीं होगी देरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में ऐसे बड़े बदलाव का रास्ता तैयार हो गया है जिससे राजधानी की योजनाओं को पूरा करने में देरी नहीं होगी और योजनाओं में किसी तरह की गड़बड़ी आने पर उसकी सीधी जवाबदेही भी तय की जा सकेगी। दिल्ली पीडब्ल्यूडी विभाग अपने इंजीनियरों का काडर बनाएगा, वे दिल्ली की सड़कों-ब्रिज और अन्य निर्माण कार्य करेंगे। इन इंजीनियरों की सेवा शर्तें और वेतनमान दिल्ली सरकार ही तय करेगी। अब तक दिल्ली पीडब्लूडी में केंद्र सरकार के सीपीडब्लूडी से प्रतिनियुक्ति पर इंजीनियर आते हैं, लेकिन बार-बार उनके अपने मूल काडर में वापस चले जाने से योजनाओं को पूरा करने में देरी होती है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इस योजना को जल्द ही कैबिनेट की सहमति लेकर जमीन पर उतारने की योजना है। वर्तमान में जो सीपीडब्ल्यूडी अधिकारी पीडब्ल्यूडी दिल्ली में कार्यरत हैं, उन्हें यह विकल्प दिया जाएगा कि वे या तो अपने मूल कैडर में लौट जाएं या विभागीय नियमों और शर्तों के अनुरूप दिल्ली पीडब्ल्यूडी के नए कैडर में स्थायी रूप से शामिल हो जाएं।

### सुधार क्यों जरूरी

अब तक दिल्ली सरकार के निर्माण का सारा कामकाज सीपीडब्लूडी के अधिकारी-इंजीनियर देखते हैं। वे प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली पीडब्ल्यूडी में आते हैं, लेकिन दिल्ली पीडब्ल्यूडी में आने के बाद वे दिल्ली के अनुसार कामकाज करते हैं। लेकिन वे दिल्ली सरकार के सीधे अधीन न होने के कारण किसी गड़बड़ी में उन पर कार्रवाई नहीं हो पाती। जब तक वे दिल्ली में कामकाज का अनुभव लेते हैं, कई बार बीच में उन्हें अपने मूल विभाग में वापस बुला लिया जाता है। ऐसे में योजनाओं के पूरा करने और जवाबदेही तय करने में कठिनाई आती है। दिल्ली सरकार का ऐसे अधिकारियों से बेहतर समन्वय भी नहीं हो पाता है। लेकिन दिल्ली के कर्मचारी होने पर वे सीधे तौर पर दिल्ली सरकार के प्रति जवाबदेह होंगे।

# अमित शाह आज फूंकेंगे निकाय चुनाव प्रचार अभियान का शंख, बीजेपी कार्यालय का भी करेंगे उद्घाटन, सुरक्षा सख्त

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को तिरुवनंतपुरम में भाजपा राज्य समिति के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे और आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए पार्टी के अभियान की शुरुआत करेंगे। प्रदेश कार्यालय का औपचारिक उद्घाटन शनिवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। शाह कार्यालय भवन पर पार्टी का झंडा फहराएंगे और एक पौधा भी लगाएंगे। ऐसे में राज्य में सुरक्षा तेज कर दी गई है। इस बाबत कन्नूर में हवाईअड्डे के आसपास ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून या किसी अन्य मानवरहित हवाई यान के इस्तेमाल पर तीन दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया।

### भाजपा ने जारी किया बयान

पार्टी ने यहां एक बयान में कहा कि समारोह के तहत शाह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिवंगत केजी मारार की कांस्य प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस प्रतिमा को नए भवन के केंद्रीय कक्ष में स्थापित किया गया है। इस दौरान पुथारीकंदम मैदान में एक बड़ी वार्ड-स्तरीय नेतृत्व बैठक होगी, जिसका उद्घाटन भी गृह मंत्री करेंगे। बयान में कहा गया है कि तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथनमथिट्टा और अलप्पुझा राजस्व जिलों के 5,000 वार्ड समितियों के लगभग 25,000 जमीनी स्तर के नेताओं के इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से शामिल होने की उम्मीद है। भाजपा को उम्मीद है कि कुल मिलाकर लगभग 1.5 लाख लोग ऑनलाइन तरीके से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### राज्य नेतृत्व की बैठक में भी लेंगे हिस्सा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर के मुताबिक, दोपहर बाद शाह भाजपा राज्य नेतृत्व की बैठक में हिस्सा लेंगे, जिसमें केरल में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों पर चर्चा होगी। यह बैठक स्थानीय निकाय चुनावों के लिए पार्टी के अभियान की औपचारिक रूप से शुरुआत होगी।

### कन्नूर हवाईअड्डे के आसपास ड्रोन पर प्रतिबंध

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कन्नूर जिले के निर्धारित दौरे से एक दिन पहले जिलाधिकारी ने शुक्रवार को यहां हवाईअड्डे के आसपास ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून या किसी अन्य मानवरहित हवाई यान के इस्तेमाल पर तीन दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया। जिला प्रशासन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि कलेक्टर अरुण के विजयन के लगाया गया प्रतिबंध हवाईअड्डे के आसपास के पांच किलोमीटर के दायरे में लागू होगा। ऐसी कोई भी गतिविधि, जिससे विमान के उतरने या उड़ान भरने में बाधा उत्पन्न हो, उसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को देनी होगी।

# एनआईए ने आईएसआईएस पुणे स्लीपर मॉड्यूल मामले में की गिरफ्तारी, अब तक कुल 11 की हुई गिरफ्तारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आईएसआईएस पुणे स्लीपर मॉड्यूल मामले में वांछित एक और प्रमुख साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया है। रिजवान अली उर्फ अबू सलमा उर्फ मोला इस मामले में गिरफ्तार होने वाला 11वां आरोपी है और उसकी गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने पर 3 लाख रुपये का इनाम रखा गया था। एनआईए की विशेष अदालत ने रिजवान के खिलाफ एक स्थायी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) भी जारी किया था, जो नामित विदेशी आतंकवादी संगठन, इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) की आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल था। एनआईए की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आईएस की भारत विरोधी साजिश के हिस्से के रूप में अली ने विभिन्न स्थानों की टोह लेने में सक्रिय भूमिका निभाई थी, जिनका इस्तेमाल आतंकवादी ठिकानों के रूप में किया जा सकता था। आईएस को कई अन्य नाम से भी जाना जाता है। वह हथियार चलाने और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बनाने का प्रशिक्षण देने में शामिल था। एजेंसी ने उसकी गिरफ्तारी पर 3 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। अली के खिलाफ एक स्थायी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) भी जारी किया गया था, जो कथित तौर पर नामित विदेशी आतंकवादी संगठन की आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल था। जांच एजेंसी ने कहा कि पहले गिरफ्तार किए गए और न्यायिक हिरासत में बंद 10 अन्य आरोपियों के साथ अली ने देश को अस्थिर करने और सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने के लिए कई आतंकवादी वारदातों की साजिश रची थी।

# 2025 की पहली छमाही में मेघालय का बर्नीहाट भारत का सबसे प्रदूषित शहर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

असम-मेघालय सीमा पर स्थित बर्नीहाट 2025 की पहली छमाही में भारत का सबसे प्रदूषित शहर। वहीं मिजोरम का आइजोल देश का सबसे स्वच्छ शहर रहा। स्वतंत्र अनुसंधान संगठन सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) के विश्लेषण में यह दावा किया गया है।

### दिल्ली ने प्रदूषण के मामले में प्राप्त किया दूसरा स्थान

प्रदूषण के मामले में राजधानी दिल्ली दूसरे स्थान पर रहा। विश्लेषण के अनुसार बर्नीहाट में पीएम 2.5 की औसत सांद्रता 133 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। वहीं, दिल्ली में यह स्तर 87 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा, जो कि राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानक से करीब दो गुना ज्यादा है।

### 10 प्रदूषित शहरों की सूची

हाजीपुर (बिहार), गाजियाबाद, गुरुग्राम, सासाराम (बिहार), पटना, तालचेर , राउरकेला (ओडिशा) और राजगीर (बिहार) शीर्ष 10 सबसे प्रदूषित सूची में अन्य शहर थे।

### दिल्ली में दूसरे प्रदूषण स्त्रोंतो को किया नजरअंदाज

सीआरईए ने कहा कि दिल्ली में वाहनों पर जीवन-पर्यन्त प्रतिबन्ध जैसे प्रतिबंध लागू करना वायु गुणवत्ता प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण घटक है। लेकिन इसमें केवल वाहनों से होने वाले उत्सर्जन के जोखिमों पर ही ध्यान केन्द्रित किया गया है और प्रदूषण के अन्य महत्वपूर्ण स्त्रोतों को नजरअंदाज किया गया है।

### अन्य क्षेत्रों से होता है इतना प्रदूषण

गैर-प्राप्ति शहरों में वायु प्रदूषण के विनियमन के लिए पोर्टल और आईआईटी दिल्ली के स्रोत विभाजन अध्ययन के अनुसार, परिवहन (17 प्रतिशत-28 प्रतिशत) और धूल (17 प्रतिशत-38 प्रतिशत) के अलावा, कई अन्य क्षेत्र पीएम के स्तर में महत्वपूर्ण रूप से योगदान करते हैं। इनमें आवासीय दहन (8 प्रतिशत-10 प्रतिशत), कृषि दहन (4 प्रतिशत-7 प्रतिशत) और औद्योगिक गतिविधियाँ और बिजली संयंत्र (22 प्रतिशत-30 प्रतिशत) शामिल हैं।

### 239 शहरों में से 122 शहरों में वायु गुणवत्ता खराब रही

सीआरईए ने कहा कि जनवरी से जून तक, सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों (सीएक्यूएमएस) के साथ 293 शहरों में से 239 में 80 प्रतिशत से अधिक दिनों के लिए कण पदार्थ डेटा उपलब्ध था। 239 शहरों में से 122 शहरों में वायु गुणवत्ता वार्षिक राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक 40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक रही, जबकि 117 शहर वार्षिक सीमा से नीचे रहे।

# सरकार और उद्योग जगत के बीच सेतु बनेगा एमएसएमई कॉन्क्लेव: पूरन डावर

- 13 जुलाई को आगरा बनेगा एमएसएमई नीति, निवेश और नवाचार का केंद्र
- वाणिज्य एवं उद्योग और एमएसएमई मंत्रालय की पहल पर आयोजित होगा कॉन्क्लेव

जन एक्सप्रेस। आगरा




फुटवियर एवं चमड़ा उद्योग विकास परिषद, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आगरा फुटवियर मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स चेंबर एवं कॉर्पोरेट काउंसिल फॉर लीडरशिप एंड अवेयरनेस के संयुक्त सहयोग से आयोजित होने जा रहे एमएसएमई कॉन्क्लेव 2025 के औपचारिक उद्घोषणा कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को आईटीसी मुगल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर फुटवियर एवं चमड़ा उद्योग विकास परिषद के चेयरमैन पूरन डावर ने अपने संबोधन में बताया कि एमएसएमई कॉन्क्लेव 2025 रविवार, 13 जुलाई 2025 को होटल जेपी पैलेस एंड कन्वेंशन सेंटर, आगरा में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के नवाचार, सतत विकास, वैश्विक प्रतिस्पर्धा, निर्यात विस्तार, वित्तीय समावेशन, ब्रांडिंग और तकनीकी उन्नयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि कॉन्क्लेव में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन औद्योगिक और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की संयुक्त सचिव निधि केसरवानी (आईएएस), यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह (आईएएस) तथा उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी (आईएएस) विशेष रूप से भाग लेंगे। वहीं भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। उद्घोषणा कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक सहायक महाप्रबंधक एसएमई पुनीत शर्मा एवं संदीप गुप्ता ने जानकारी दी कि कॉन्क्लेव में एमएसएमई सेक्टर से जुड़ी योजनाओं के प्रति उद्यमियों को जागरूक करना प्रमुख उद्देश्य रहेगा। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, आगरा के सहायक महाप्रबंधक जीतेन्द्र जैन, एमएसएमई-डीएफओ, आगरा के सहायक निदेशक नेपाल सिंह एवं राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के शाखा प्रबंधक पुष्पेन्द्र सूर्यवंशी ने भी एमएसएमई के लिए संचालित योजनाओं और तकनीकी सहयोग की जानकारी साझा की। एफमेक के महासचिव राजीव वासन ने कहा कि यह आयोजन सरकार और उद्यमियों के बीच संवाद को सशक्त बनाकर विकास के नए मार्ग प्रशस्त करेगा। वहीं प्रकाश डीज़ल्स के प्रबंध निदेशक राजेश गर्ग ने ऐसे आयोजनों को सरकार व उद्योग जगत के बीच पारस्परिक समन्वय बढ़ाने के लिए आज की आवश्यक बताया। कनफेडरेशन ऑफ इंडियन फुटवियर इंडस्ट्रीज, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ओपींदर सिंह लवली ने कहा कि एमएसएमई कॉन्क्लेव में निर्यात, तकनीकी प्रतिस्पर्धा, स्किल डेवेलपमेंट, फाइनेंशियल लिंक, ब्रांडिंग और बदलते वैश्विक परिदृश्य में एमएसएमई की भूमिका जैसे ज्वलंत विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। एसोसिएशन ऑफ प्रोग्रेसिव स्कूल आगरा के अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने एमएसएमई को देश की आर्थिक रीढ़ बताते हुए इस क्षेत्र में कौशल विकास मजबूत किये जाने की बात की। इफ्कोमा के महासचिव दीपक मनचंदा, एफमेक के सचिव ललित अरोरा, अनिरुद्ध तिवारी, प्रदीप वासन, कॉर्पोरेट काउंसिल फॉर लीडरशिप एंड अवेयरनेस के महासचिव अजय शर्मा एवं संयोजक बृजेश शर्मा, अविनाश वर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तरुण शर्मा ने किया। अंत में आयोजन समिति द्वारा कॉन्क्लेव के औपचारिक आमंत्रण पत्र का विमोचन भी किया गया।

# पिलर और जोड़ों की क्षति की वजह से गिरा पुल, मंत्री ऋषिकेश पटेल ने दी शुरुआती रिपोर्ट की जानकारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गुजरात सरकार के प्रवक्ता और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने वडोदरा जिले के महिसागर नदी पर बने पुल के गिरने की वजह आधार स्तंभ और जोड़ों की क्षति बताया है। पटेल ने शुक्रवार को बताया कि यह जानकारी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में सामने आई है। यह हादसा बुधवार सुबह आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ने वाले 40 साल पुराने पुल के एक हिस्से के गिरने से हुआ, जिसमें कई वाहन नदी में गिर गए। अब तक 19 लोगों की मौत हो चुकी है और चार घायल हुए हैं, जबकि दो लोग अभी भी लापता हैं। भूपेंद्र पटेल के आदेश पर सड़क और भवन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। जांच समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट में पुल के गिरने की वजह आधार स्तंभ (पेडस्टल) और जोड़ों (जॉइंट्स) की क्षति बताई गई है। समिति अपनी विस्तृत रिपोर्ट 30 दिन में सौंपेगी और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने इस लापरवाही के चलते सड़क और भवन विभाग के चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। साथ ही, नदी से फंसे हुए सभी वाहनों को बाहर निकाल लिया गया है और तलाशी अभियान अपने अंतिम चरण में है। इस बीच, गुजरात कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 2022 में एक स्थानीय जिला पंचायत सदस्य ने पुल की खराब हालत को लेकर चेतावनी दी थी, इसके बावजूद सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। कांग्रेस विधायक और नेता अमित चावड़ा ने मांग की कि राज्य के सभी पुलों की जांच रिपोर्ट और फिटनेस सर्टिफिकेट सार्वजनिक किए जाएं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)